ಶುಭ್ ಲಾಭ್

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

DAILY

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र





जमीर अहमद किसानों और मंदिरों की जमीनों को वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित करने.. @ नम्मा बेंगलूरु


Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 03 नवंबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-6 । अंक-303


## वक्फ बोर्ड की हरकतों को काबू करने में सरकार नाकाम

# 53 ऐतिहासिक स्मारकों पर वक्फ बोर्ड का दावा

**नई दिल्ली, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** वक्फ बोर्ड अपनी बेजा हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। वह लगातार किसी भी सम्पत्ति पर अपना दावा ठोकता जा रहा है और सरकार उसका कुछ नहीं कर पा रही है। हालत यह हो गई है कि विश्व विरासत घोषित किए जा चुके स्मारकों को भी वक्फ बोर्ड अपनी सम्पत्ति बताने से शर्म नहीं कर रहा है। कर्नाटक में किसानों की जमीनों और गांवों पर दावा ठोकने के बाद वक्फ बोर्ड ने राज्य के 53 ऐतिहासिक स्मारकों पर भी अपना दावा ठोक दिया है। जबकि यह बात सभी जानते हैं कि ऐतिहासिक स्मारक या प्रतीक स्थल कानूनन राष्ट्रीय पुरातत्व सर्वेक्षण (आर्केयोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया) के





- ऐतिहासिक स्मारकों का कानूनन मालिक होता है एएसआई
- वक्फ बोर्ड को संविधान और कानून से कोई लेना-देना नहीं
- कर्नाटक के गांव पर वक्फ के दावे के बाद हिंसा, आगजनी
- केरल के गांवों में भी वक्फ बोर्ड की अवैध हरकतें जारी हैं

स्वामित्व के अधीन होते हैं।

वक्फ बोर्ड ने 53 ऐतिहासिक स्मारकों को अपनी सम्पत्ति बताया है, उनमें कलबुर्गी का किला, गोल गुम्बज, विजयपुरा का बड़ा कमान, बीदर का किला, इब्राहिम रौजा वगैरह शामिल हैं। कुल 53 स्मारकों में से 43 पर वक्फ बोर्ड ने वर्ष 2005 में ही अपना दावा किया था। खास बात यह है कि उक्त सभी स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) द्वारा संरक्षित और संचालित हैं। इसके बावजूद वक्फ बोर्ड खुले तौर पर अपनी गुंडई दिखा रहा है। वक्फ बोर्ड ने एएसआई के संज्ञान में दिए गैर ही इन सम्पत्तियों पर अपना दावा ठोक दिया है।

खास बात यह है कि प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल अवशेष अधिनियम और 1958 के नियमों में इस बात का स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया गया है कि इस तरह की सम्पत्तियों की देखरेख, उनके जीर्णोद्धार और संरक्षण का एकमात्र मालिक एएसआई ही है। एक बार कोई सम्पत्ति एएसआई के द्वारा संरक्षित कर ली गई तो उसे गैर अधिसूचित करने का कोई प्रावधान नहीं है। एएसआई ने वक्फ बोर्ड द्वारा सम्पत्तियों पर क्लेम किए जाने को अवैध करार दिया है। पुरातत्व विभाग ने इसे अतिक्रमण करार दिया है। एएसआई कर्नाटक के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि ▶10पर

### छह सौ परिवार की जमीन पर भी वक्फ ने ठोका दावा





**मुनब्बम, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** केरल के मुनम्बम में 600 परिवारों की जिन जमीनों पर वक्फ बोर्ड ने अपना फर्जी दावा किया है, उस जमीन विवाद को लेकर राज्य और केंद्र सरकार को केरल हाईकोर्ट ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। यह मामला मुनम्बम के निवासी जोसेफ बेनी और अन्य सात लोगों द्वारा दायर की गई याचिका के आधार पर सामने आया है।

याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि वक्फ बोर्ड उन्हें और लगभग 600 अन्य परिवारों को जमीन से बेदखल करने की तैयारी में है, यह दावा करते हुए कि यह जमीन वक्फ की सम्पत्ति है। जोसेफ और अन्य निवासियों ने फारूक कॉलेज, कोझिकोड के प्रबंध समिति से यह जमीन खरीदी थी, लेकिन अब राजस्व अधिकारियों ने वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के अनुरोध पर जमीन के दस्तावेजों का म्युटेशन करने से इन्कार कर दिया है। याचिकाकर्ताओं ने वक्फ अधिनियम की धारा 14 को असंवैधानिक बताया है, जिसमें वक्फ बोर्ड को किसी भी ट्रस्ट या ▶10पर

## दुर्गा पूजा के बाद दिवाली और काली पूजा पर भी बरपी धार्मिक घृणा

# कट्टरपंथियों को बर्दाश्त नहीं हो रहे हिंदुओं के पर्व-त्यौहार





***नई दिल्ली, 02 नवंबर (एजेंसियां)।*** हिंदू पर्व त्यौहारों को लेकर कट्टरपंथी मुसलमानों की घृणा अब सारी हदें पार कर रही है। कांवड़ यात्रा पर हमलों का सिलसिला दुर्गा पूजा तक जारी हुआ। नतीजतन पूरे देश में सांप्रदायिक हिंसा फैली, हत्याएं हुईं और सम्पत्ति का नुकसान हुआ। कट्टरपंथी मुसलमानों की यह अधर्मी घृण दिवाली और काली पूजा के दौरान भी जाहिर हुई। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में काली प्रतिमा के विसर्जन यात्रा पर मुसलमानों ने हमला किया और जमकर उपद्रव किया। इसी

- **बंगाल में काली पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंदुओं पर हमला**
- **पटाखे से नाराज मुस्लिमों ने इंदौर में की पत्थरबाजी, आगजनी**
- **चेन्नई में पटाखा चलाने पर मुस्लिमों ने किशोर को मार डाला**
- **बरेली में कट्टरपंथी मुसलमानों ने हिंदू मंदिर को अपवित्र किया**

तरह इंदौर में दिवाली पर पटाखा चला रहे बच्चों पर मुसलमान नाराज हो गए और जमकर पत्थरबाजी की और वाहनों एवं दुकानों में आग लगाई। चेन्नई में तो इस घृणा ने एक किशोर की जान ले ली। पटाखा चलाने से नाराज मुसलमानों ने किशोर की पीट-पीट कर हत्या कर दी। उत्तर प्रदेश के बरेली में अधर्मियों ने हिंदू मंदिर को अपवित्र कर उपद्रव फैलाने की कोशिश की। इस तरह की छिटपुट घटनाएं पूरे देश में हुई। लेकिन इस पर सरकारें, प्रशासन, नस्लदूषित बुद्धिजीवी और दुर्गतिगामी प्रगतिशील अधर्मी तत्व सब चुप्पी साधे हुए हैं।शुक्रवार को कोलकाता के राजाबाजार इलाके में मां काली के विसर्जन जुलूस के दौरान हिंदुओं पर हमला किया गया। नारकेलडांगा पुलिस हिंदुओं की रक्षा करने में विफल रही। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने हिंदुओं पर हुए हमले का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। सुवेंदु ने कहा, ममता बनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति अपने चरम पर है। कोलकाता के राजाबाजार में मां काली के विसर्जन जुलूस पर हमला हुआ। ▶10पर

## अनर्गल आरोपों पर भारत ने जताई नाराजगी

# भारत को बदनाम करने की हरकतें छोड़ दे कनाडा

**कनाडा उच्चायोग के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार**

**गैर जिम्मेदाराना हरकतों के गंभीर परिणाम होंगे**



**नई दिल्ली, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** भारत सरकार ने कनाडा की तरफ से हो रही ओछी हरकतों पर गहरी नाराजगी जताई है। भारत ने कनाडा के कूटनीतिक प्रतिनिधि को बुलाकर कड़ी फटकार लगाई है और कहा कि कनाडा भारत को बदनाम करने की गैर जिम्मेदाराना हरकतें छोड़ दें अन्यथा द्विपक्षीय संबंधों पर इसके गंभीर परिणाम होंगे। कनाडा के मंत्री की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर भारत ने नाराजगी जताई है।

स्थिति यह है कि भारत और कनाडा के बीच रिश्ते लगातार बिगड़ते ही जा रहे हैं। कनाडा ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर बड़ा आरोप लगाया। इस पर भारत ने करारा जवाब दिया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कनाडा में भारतीय राजनयिकों का फोन टैप हुआ। भारत ने इसका कड़ा विरोध किया है। भारत ने कनाडा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इंटरनेशनल मीडिया में खबरें प्लांट की जा रही हैं और गलत सूचनाएं लीक की जा रही हैं। भारत ने साफ कहा कि कनाडा में भारतीय राजनयिक उत्पीड़न और डर के माहौल में काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा सरकार उत्पीड़न और धमकी में शामिल है। भारत ने कनाडा को चेतावनी भी दी है। भारत ने कहा कि कनाडा की हरकतें गैर जिम्मेद-राना है और उसे उसके गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। ▶10पर

### भारतीय कंपनियां कानून का उल्लंघन नहीं कर रहीं

**नई दिल्ली, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** विदेश मंत्रालय ने अमेरिका की ओर से कई भारतीय कंपनियों और नागरिकों पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारतीय कंपनियों ने किसी भी राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं किया है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से 19 भारतीय कंपनियों और दो व्यक्तियों को पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की गई थी। इन भारतीय कंपनियों और लोगों पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध के दौरान रूस को सामग्री और प्रौद्योगिकी की आपूर्ति करने का आरोप है। जायसवाल ने कहा, हमने अमेरिकी प्रतिबंधों पर रिपोर्ट देखी है। भारत के पास रणनीतिक व्यापार और अप्रसार नियंत्रण पर एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा है। ▶10पर

# टीबी रोग से लड़ाई में वैश्विक हीरो बना भारत

## *दूसरे देशों को भारत से सीख लेने की जरूरत: डब्लूएचओ*

**नई दिल्ली, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने टीबी संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में भारत को वैश्विक हीरो बताया। बीते सप्ताह जारी वैश्विक टीबी रिपोर्ट में डब्लूएचओ ने कहा है कि साल 2015 के बाद भारत की छलांग ऐतिहासिक है। ऐसी प्रगति अब तक किसी और देश में देखी नहीं गई। दुनिया के बाकी देशों को भी भारत से सीख लेने की जरूरत है। पांच साल पहले भारत की अध्यक्षता में पूरी दुनिया ने साल 2030 तक टीबी से मुक्ति पाने का लक्ष्य रखा, लेकिन उस दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच साल पहले 2025 तक इस लक्ष्य को हासिल करने का वादा किया। भारत के जमीनी स्तर पर प्रयास



इस तरह रहे कि 2015 के बाद से छूटे हुए टीबी मामलों के अंतर को कम करने में जबरदस्त प्रगति देखी है। डब्लूएचओ ने भारत में टीबी की घटनाओं में गिरावट को स्वीकार करते हुए कहा है कि 2015 में यहां एक लाख की आबादी पर टीबी के 237 मामले मिल रहे थे जो 2023 में घटकर 195 तक पहुंचे हैं।

डब्लूएचओ ने सदस्य देशों को अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत सरकार राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम चला रही है जिसके बजट आवंटन में 5.3 गुना की बढ़ोतरी देखी गई। 2015 में 640 करोड़ रुपए का यह बजट साल 2022-23 में 3400 करोड़ रुपए तक पहुंचा। टीबी कार्यक्रम का अधिकांश धन सरकारी संसाधनों से आता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत अत्याधुनिक आणविक निदान उपकरणों को बढ़ाने, नए और अधिक प्रभावी उपचार आहार पेश करने और सभी टीबी रोगियों को मुफ्त जांच और उपचार प्रदान करने में सक्षम रहा है। इतना ही नहीं, भारत में सरकारी के साथ साथ प्राइवेट अस्पताल भी इस मुहिम में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं।

## *पाकिस्तान का शीर्ष लश्कर कमांडर उस्मान मारा गया*

# अनंतनाग में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**तीन जगह मुठभेड़ जारी, श्रीनगर में चार सैनिक जख्मी**

**बडगाम हमले में जख्मी दो नागरिकों की हालत बेहतर**

**जम्मू, 02 नवंबर (ब्यूरो)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के शांगस लार्नू वन क्षेत्र में शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया। श्रीनगर के खानयार इलाके में मुठभेड़ में पाकिस्तान का शीर्ष लश्कर कमांडर उस्मान उर्फ छोटा वलीद मारा गया। वह लंबे समय से सक्रिय था। एक और आतंकवादी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसा हुआ



बताया गया है। मुठभेड़ अभी जारी है। इलाके में कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षाबलों ने अभियान शुरू किया था। जब सुरक्षाबल संदिग्ध स्थान पर पहुंचे तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

कश्मीर में पिछले 36 घंटों में आतंकी हमलों में तेजी आई है। तीन जगहों पर मुठभेड़ें जारी हैं और अभी तक दो आतंकी मारे जा चुके हैं। चार सुरक्षाकर्मी भी जख्मी हुए हैं। अनंतनाग के शंगुस इलाके के हलकान गली में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है जबकि श्रीनगर के खान्यार इलाके में तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी द्वारा गोलीबारी किए जाने के उपरांत आरंभ हुई मुठभेड़ समाचार भिजवाए जाने तक जारी थी। जबकि बांडीपोरा में पनार इलाके में आतंकियों द्वारा 14 राष्ट्रीय रायफल्स के कैंप पर हमला किए जाने के उपरांत जंगलों में भाग गए आतंकियों की तलाश में अभियान जारी है। इस बीच कल देर रात बडगाम के मागाम में आतंकी हमले में जख्मी हुए दोनों ▶10पर

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 81,124/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 97,670/- (प्रति किलोग्राम)

### मौसम बेंगलूरु

अधिकतम : $32^{0}$

न्यूनतम : $21^{0}$

## पूर्व सीएम ने कहा, सरकार बनी तो घुसपैठियों को भगाएंगे

# झारखंड के दर्जनों गांव बांग्लादेशी घुसपैठियों के कब्जे में

**रांची, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड के दर्जनभर गांव पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो चुका है। इसके अलावा भी वे झारखंड में फैलते जा रहे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठिए वनवासियों की बहू-बेटियों के साथ अत्याचार कर रहे हैं और उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में तीव्र गति से धर्मांतरण हो रहा है। झारखंड में धर्मांतरण की प्रथा पहले नहीं थी। पिछले कुछ साल से इसमें अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है, लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार इसपर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड में हमारी सरकार बनी तो हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को भगाएंगे और कब्जे की जमीनें मुक्त कराएंगे।

चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड के क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी हुकूमत से लड़कर संथाल परगना बनाया था। आज वहां बांग्लादेशी घुसपैठिए बढ़ रहे हैं। संथाल के एक दर्जन से ज्यादा गांवों में घुसपैठियों का कब्जा है। जिन गांवों में 100-150 आदिवासी परिवार रहते थे, वहां आज एक भी परिवार नहीं बचा। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे घुसपैठियों से अपनी जमीनें वापस लेंगे। उन्होंने कहा कि अलग



हालात अत्यंत खराब, वनवासियों का अस्तित्व संकट में

झारखंड बनने के बाद से बांग्लादेशी घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा बन गया है। भाजपा को छोड़कर इस पर कोई भी पार्टी ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने हेमंत सोरेन की सरकार पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया। बता दें कि 30 साल तक झारखंड मुक्ति मोर्चा में रहे चंपई सोरेन पहली बार भाजपा की टिकट पर झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

चंपई सोरेन ने कहा, वनवासियों का इस्लामिक कन्वर्जन और लव जेहाद जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद से बांग्लादेशियों की घुसपैठ यहां का सबसे बड़ा और मुख्य मुद्दा रहा है। हालांकि, इस पर सियासी पार्टियों ने कभी ध्यान देने की जहमत नहीं उठाई। भाजपा ही है जो इस मुद्दे को उठाती रही है। चंपई सोरेन ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के लिए हेमंत सोरेन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश की सुरक्षा के लिए प्रदेश की ही सरकार जिम्मेदार होती है।

चंपई सोरेन कहते हैं कि राज्य में वनवासी समुदाय की बहू-बेटियों पर अत्याचार किए जाते हैं, हत्या की वारदातों को अंजाम देकर डर का माहौल बनाया जाता है। इस पर भी प्रदेश की सरकार नहीं चेतती है तो इसका अर्थ तो यही है कि गलत हो रहा है। ▶10पर

### कार्टून कॉर्नर



शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## नव वर्ष के महामांगलिक का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान एवं साध्वी धर्मप्रभा जी, साध्वी स्नेह प्रभा जी के पावन सानिध्य में गौतम प्रतिपदा एवं नव वर्ष के महामांगलिक का आयोजन शनिवार को मरुधर केसरी दरबार हनुमंतनगर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय एवं बाहर गांव से पधारे गुरु भक्त उपस्थित हुए। साथ ही इस अवसर पर महासाध्वी धर्मप्रभा जी के 29 अक्टूबर से प्रारंभ चार दिवसीय मौन साधना की भी सानन्द पूर्णाहुति हुई।

साध्वी धर्म प्रभाजी, साध्वी स्नेह प्रभा जी ने धर्मसभा में उपस्थित सभी गुरुभक्त- श्रद्धालुओं को महामांगलिक प्रदान किया। श्री संघ की ओर से नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का संचालन संघ मंत्री सुरेश कुमार धोका ने किया।

## शूले में महामांगलिक का आयोजन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
शूले स्थित दिवाकर दरबार में जैन नव वर्ष के शुभारंभ पर महामांगलिक देते हुए बसंत मुनि ने बताया कि इस प्रसंग पर हर धर्मानुरागियों को कोई न कोई तप नियम अवश्य धारण करना चाहिए। महावीर स्वामी की अंतिम देशना उत्तराध्ययन सूत्र के 36वें अध्याय में जीव अजीव आदि का गंभीर विवेचना किया गया है।

उपाध्याय केवल मुनि जैनोदय ट्रस्ट के महासचिव प्रेम कुमार कोठारी ने कहा कि बसंत मुनि ने लोगों के लिए अपनी मौन ध्यान साधना के बीच महामांगलिक प्रदान किया। धारीवाल बहू बेटी मंडल की संयोजिका आशा गादिया ने महावीर प्रभु पर सुंदर गीत प्रस्तुत किया। इस प्रसंग पर आस्टिन टाउन जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष भरत रांका, ट्रस्टी मोतिलाल रांका आदि ने चातुर्मास पश्चात अपने यहां पधारने की विनती की। इस



समारोह में शूले श्रीसंघ के अध्यक्ष देवराज चोपड़ा, उपाध्यक्ष उत्तम चंद कोठारी, रत्न हितैषी जैन संघ के इंदरचंद भंसाली, साधु मार्गी संघ के पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल चोपड़ा, श्री सुधर्म जैन श्रावक संघ के मनोहर गादिया, जैन कांन्फ्रेंस के अशोक कुमार कोठारी, केवल मुनि जैनोदय ट्रस्ट के राजेंद्र कुमार मरलेचा, जैन योग ध्यान साधना केन्द्र के डॉ. बी रमेश गादिया, शूले कल्याण मित्र मंडल के नरेन्द्र दुदेडिया, शूले युवा संगठन के सुमित कोठारी, शूले संस्कार महिला मंडल की अध्यक्ष के. ललीता मरलेचा और शूले बहू क्रांति मंडल की चेतना चोपड़ा के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। कर्नाटका रक्षण वेदिके द्वारा कर्नाटका राज्योत्सव के उपलक्ष में मारुति नगर में आयोजित कार्यक्रम में करवे के राज्य अध्यक्ष शिवरामे गौड़ा एवं मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने मां भुवनेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ध्वजारोहण किया। साथ ही जरूरतमंद महिलाओं में साड़ी और विद्यार्थियों में नोटबुक्स का वितरण कर अन्नदान कार्यक्रम में सेवा दी। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।*



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। विजयनगर के चंद्रा लेआउट में स्थित प्रेम ज्वैलर्स में चावत परिवार द्वारा धूमधाम से दीपावली पर्व मनाया गया। दीपावली के विशेष अवसर पर सभी परिवारजन एक जगह पर इक्ठठा हुए, महालक्ष्मी की आरती कर सभी ने खुशी के वातावरण में दीपावली मनाया। इस बार बिना पटाखे, बिना कोई प्राकृतिक नुकसान करते हुए, पूर्ण संयम के साथ दीपावली मनाया गया।*

## 30 लाख रुपए की 300 ग्राम हाइड्रो वीड के साथ एक गिरफ्तार



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
मेंगलूरु सिटी पुलिस ने पुत्तुर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 30 लाख रुपये कीमत की 300 ग्राम हाइड्रो वीड जब्त की है, जिसे कथित तौर पर थाईलैंड से तस्करी करके लाया गया था। पुलिस ने आरोपी का नाम एच. मोहम्मद हफीज (23) बताया है, जो दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तुर का रहने वाला है। वह वर्तमान में मेंगलूरु के डेरालाकाटे में एक अपार्टमेंट में रह रहा था। पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) के अधिकारियों ने कुद्रोली में एक जगह पर छापा मारा और हफीज को गिरफ्तार कर लिया। वह विदेश से मादक पदार्थ खरीदकर मेंगलूरु में छात्रों और अन्य लोगों को बेचता था। सीसीबी के अधिकारियों ने उसके पास से 30 लाख रुपये कीमत की हाइड्रो वीड के अलावा 75,000 रुपये कीमत की 2.5 किलोग्राम गांजा भी जब्त की। उन्होंने एक मोबाइल फोन और एक इलेक्ट्रॉनिक वजन मापने वाला उपकरण भी जब्त किया। पुलिस हफीज से कथित तौर पर जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार नायका के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक एचएम श्याम सुंदर और पुलिस उपनिरीक्षक शरणप्पा भंडारी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

## पार्श्व सुशीलधाम में उपधान तप का प्रारंभ 15 दिसंबर से



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
श्री सीमंधर शांतिसूरि जैन संघ के तत्वावधान एवं आचार्य श्री अरिहंतसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में होसुर रोड स्थित श्री पार्श्वसुशील धाम में 15 दिसंबर से उपधान तप का आयोजन होगा।

शनिवार को महावीर जैन कॉलेज के प्रांगण में नूतन वर्ष के मांगलिक के दौरान इसकी घोषणा हुई। 47 दिवसीय उपधान तप के समापन के अवसर पर उपधान आराधकों के सम्मान स्वरुप मोक्षमाला समारोह 2 फरवरी 2025 को होगा।

उपधान तप व्यवस्थापक कल्याण मित्र परिवार के सदस्य अशोक सेठ ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिए क्रिस्मस की छुट्टियों के मद्देनजर 15 दिसंबर से 1 जनवरी एवं 22 दिसंबर से 8 जनवरी तक 18 दिवसीय उपधान का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी शोर-शराबे से दूर सुशीलधाम के शांत एवं नैसर्गिक वातावरण में प्रतिवर्ष उपधान तप का आयोजन सुचारू रूप से हो सके इस उद्देश्य से सुशीलधाम के निर्माता भंवरीबाई घेवरचंद सुराणा परिवार द्वारा तीर्थ परिसर में उपधान हेतु आवश्यक सभी सुविधाएँ एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया गया है।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। श्री वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ अक्किपेट के तत्वावधान में आचार्य देव श्री हीरचन्द्र सूरीश्वरजी की पावन निश्रा में करुणा के महा अवतार प्रभु महावीरस्वामी के निर्वाण कल्याणक से पावन बना दीपोत्सव का त्यौहार दीपावली एवं गुरु गौतमस्वामी के केवल ज्ञान से पवित्र बना नूतन वर्षाभिनंदन के पावन अवसर पर आचार्य द्वारा गौतमस्वामी के रास एवं नवस्मरण पाठ श्रवण करवाया गया। आचार्य श्री ने महामांगलिक सहित श्री संघ को आशीर्वाद देकर गुरु गौतमस्वामीजी का महामंत्र भी दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट मंडल के अलावा श्रावक एवं श्राविकाओं ने आचार्य को गुरुवंदन कर मंगल आशीर्वाद का लाभ लिया।*



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। दीपावली के अवसर पर भाजपा कर्नाटक के मीडिया प्रभारी करुणाकर खासले, वेंकट प्रसाद, शरथ हेगड़े तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने एसपी रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक बाजार का दौरा किया। जहां उन्होंने बेंगलूरु इलेक्ट्रॉनिक्स डीलर्स एसोसिएशन के मंत्री अरुण लूणावत, धनराज बोथरा, अरुण, चंद्रकांत से मिलकर दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दी।*

## मंत्री की यात्रा के दौरान अनुपस्थित कर्मचारी निलंबित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
बेंगलूरु ईस्ट तालुक तहसीलदार कार्यालय के एक दूसरे ग्रेड सहायक, जो राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा के कार्यालय का दौरा करने पर कर्तव्य से अनुपस्थित थे, को निलंबित कर दिया गया है। राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने हाल ही में केआर पुरम तालुक कार्यालय का दौरा किया। उस समय, मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति की जाँच की थी। दूसरी कक्षा के सहायक के बारे में जानने के बाद, अधिकारी के अनुपस्थिति का पता चला तो उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा, कार्यालय के 11 अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस दिया गया है। विशेष तहसीलदार महेश, ग्रेड-2 तहसीलदार आर शेखर, तहसीलदार बीएन राजीव, हेडमास्टर अटीक जमील खान, हेडमास्टर सी चंद्रम्मा, एफडीएएस के प्रवीण, ज्ञानशेखर, एन. रक्षित, डी. बालकृष्ण, ग्राम प्रशासक लक्ष्मीदेवी, ग्रुप डी स्टाफ एनआर मंजुनाथ को बेंगलूरु सिटी अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा एक कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

## योजनाओं को वापस लेने का सवाल ही नहीं: डीके शिवकुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनके अवास्तविक वादों की आलोचना का जवाब देते हुए कहा, हमारी गारंटी देश में सुधार ला रही है। पूरा देश हमारे मॉडल को देख रहा है। कई भाजपा शासित राज्य हमारे मॉडल की नकल कर रहे हैं। मेंगलूरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावों के लिए जो चाहें कह सकते हैं। उनके आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है।

हमारी गारंटी योजनाएं लोगों को भोजन दे रही हैं, जीवन बना रही हैं और देश की प्रगति को गति दे रही हैं। शिवकुमार ने स्पष्ट किया बड़ी कंपनियों में काम करने वाली महिलाओं ने कहा है कि उन्हें शक्ति योजना की जरूरत नहीं है क्योंकि उन्हें परिवहन भत्ता मिलता है। मैंने मंत्रियों के साथ इस पर चर्चा करने का जिक्र किया है, लेकिन हमारी किसी भी गारंटी योजना को वापस लेने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हमने मेंगलूरु में इस योजना



की घोषणा की थी और इसे रोका नहीं जाएगा। यह योजना अगले पाँच सालों तक जारी रहेगी। वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, भूमिहीनों के लिए जमीन, गरीबों के लिए जमीन और घर जैसी कांग्रेस सरकार की पहल अभी भी प्रभावी हैं। शिवकुमार ने कहा हमने इनमें से किसी को भी वापस नहीं लिया है। जब भाजपा सत्ता में थी, तब भी वे हमारे कार्यक्रमों को रोक नहीं पाए। हमारे कार्यक्रम जीवन-निर्माण की पहल हैं, जबकि भाजपा केवल भावनाओं के आधार पर राजनीति करती है। जब उनसे भाजपा नेताओं द्वारा उनकी गारंटी योजनाओं पर सवाल उठाए जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा भाजपा ने हमारी गारंटी योजनाओं की नकल की है। उन्होंने मध्य प्रदेश और हरियाणा में इसी तरह की योजनाओं की घोषणा की, और अब वे महाराष्ट्र में भी ऐसा कर रहे हैं। वे हमारी योजनाओं की नकल करने के लिए शर्मिंदा हैं, और इसलिए वे हमारी आलोचना कर रहे हैं। जब उनसे इस दावे के बारे में पूछा गया कि गारंटी योजनाएं टिकाऊ नहीं हैं, तो उन्होंने कहा किसने कहा कि उन्हें टिकाऊ नहीं बनाया जा सकता? हमारे राज्य की अर्थव्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था से ज्यादा मजबूत है।



*बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो। महात्मा गांधी रोड स्थित जया कर्नाटक पीपुल्स फोरम के प्रधान कार्यालय में युवा संस्थापक अध्यक्ष गुना रंजन शेट्टी की उपस्थिति में कन्नड़ राज्योत्सव पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास, निदेशक गुरुकिरण, जिला अध्यक्ष लोकेश और आर. राजेश समेत अन्य लोग मौजूद थे।*

## श्याम मंदिर में अन्नकूट का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बन्नेरघटा नेशनल पार्क के सामने स्थित श्री श्याम मंदिर प्रांगण में शनिवार को श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रातः 12.15 बजे से अन्नकूट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के संस्थापक सदस्य महेश गुप्ता, रेवन्त मल झंवर , देवीलाल गोयल के साथ किशोरी लाल मोहता, प्रभात किशनपुरिया, सुशील राणासरिया, ऋषि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने बाबा श्याम के दर्शन किए। हजारों की संख्या में भक्तों ने अन्नकूट प्रसाद का लाभ लिया।

### सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ भाजपा का जन आंदोलन

## राज्य सरकार के लिए केवल नोटिस वापस लेना ही पर्याप्त नहीं: अश्वथ नारायण

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**
पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. सीएन अश्वथनारायण ने कहा कि राज्य में मठ, मंदिर और किसानों की संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने वालों के खिलाफ भाजपा जन आंदोलन करेगी। मल्लेश्वरम में भाजपा के राज्य कार्यालय, जगन्नाथ भवन में एक मीडिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने घोषणा की कि वक्फ संपत्ति पर 1974 के गजट अधिसूचना को वापस लेने और सत्ता के दुरुपयोग की सीबीआई जांच की मांग को लेकर 4 तारीख को राज्य भर में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कर्नाटक के वक्फ में जाली (फर्जी) दस्तावेज तैयार करने और उससे कमाए गए लाभ के संबंध में ई.डी. (प्रवर्तन निदेशालय) से जांच करायी जाये। अब अल्पसंख्यक वोट बैंक की राजनीति, अल्पसंख्यकों के तुष्टीकरण के लिए कर्नाटक वक्फ बोर्ड द्वारा किए गए बड़े-बड़े दस्तावेजों के निर्माण की जांच



सीबीआई से कराई जाए। आज प्रदेश में वक्फ एक्ट के दुरुपयोग से किसान, साधु-संत, हिंदू मंदिर सभी परेशान हैं। उन्होंने अतीत में कांग्रेस द्वारा बनाए गए वक्फ अधिनियम की आलोचना करते हुए इसे मुसलमानों को खुश करने के लिए वोट हासिल करने की इच्छा से बनाया गया अधिनियम बताया।

किसानों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही संपत्ति खोने का भी डर रहता है। इस संबंध में नोटिस वापस लेना ही पर्याप्त नहीं है। किसान की संपत्तियों में किसान का नाम अंकित होना चाहिए। साथ ही उन्होंने मांग की कि वक्फ संपत्ति को लेकर 1974 का गजट नोटिफिकेशन वापस लिया जाए। इस मौके पर विपक्ष के नेता आर. अशोक, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाडी नारायणस्वामी, सांसद तेजस्वी सूर्या, राज्य सचिव एच.सी. तमेश गौड़ा, बेंगलूरु उत्तर जिला अध्यक्ष एस. हरीश, बेंगलूरु मध्य जिला अध्यक्ष सप्तगिरि गौड़ा, बेंगलूरु दक्षिण जिला अध्यक्ष सी. के. राममूर्ति आदि नेता मौजूद थे।

**वक्फ विवाद मामला**

# जमीर अहमद किसानों और मंदिरों की जमीनों को वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित करने का कर रहे प्रयास : रेणुकाचार्य

**दावणगेरे/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व मंत्री एम.पी. रेणुकाचार्य ने वक्फ और पर्यटन मंत्री जमीर अहमद खान का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वे अधिकारियों को मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के आदेश पर वक्फ संपत्तियों को वापस लेने का निर्देश दे रहे हैं। शनिवार को दावणगेरे में मीडिया से बात करते हुए रेणुकाचार्य ने कहा कि मंत्री जमीर अहमद खान, सीएम सिद्धरामैया के समर्थन से, किसानों और मंदिरों की जमीनों को वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जमीर को धार्मिक कट्टरपंथी भी बताया।

वीडियो में, जमीर अहमद खान ने कथित तौर पर दावा किया है कि सीएम सिद्धरामैया ने उन्हें राज्य के हर जिले का दौरा करने और वक्फ संपत्तियों को वापस लेने के लिए बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया था। इस घटनाक्रम को उपचुनावों से पहले कांग्रेस सरकार के लिए एक झटका माना जा रहा है और इससे मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के लिए और भी सवाल खड़े हो गए हैं, जिन पर मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाले और वाल्मीकि जनजातीय कल्याण घोटाले के संबंध में मुस्लिम तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के आरोप हैं। रेणुकाचार्य ने आलोचना करते हुए कहा मंत्री जमीर एक धार्मिक कट्टरपंथी हैं। उन्होंने अधिकारियों को नोटिस जारी करने और किसानों, धार्मिक मठों और मंदिरों से उपजाऊ जमीन जब्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कुछ जमीन रिकॉर्ड (पहानी) में सुधार के लिए भाजपा और किसानों के विरोध को भी श्रेय दिया। रेणुकाचार्य ने कहा मैं सवाल करता हूँ कि क्या जमीर केवल अल्पसंख्यकों के लिए मंत्री के रूप में काम कर रहे हैं। उन्हें सभी धर्मों की सेवा करनी चाहिए। कथित वीडियो में मंत्री जमीर को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि मैं सीएम सिद्धरामैया के निर्देशानुसार वक्फ अदालतों का आयोजन कर रहा हूँ। मैं वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठकें भी करूँगा। मैंने सीएम सिद्धरामैया को बताया कि वक्फ मंत्री के तौर पर हमें सालाना समीक्षा बैठकें आयोजित करनी चाहिए और उन्हें अपडेट रखना चाहिए। जमीर ने आगे बताया मैंने सीएम को वक्फ संपत्तियों पर कुल अतिक्रमणों की जानकारी दी और अतिक्रमण वाली संपत्तियों को वापस लेने पर चर्चा की। उनके निर्देशानुसार मैं वक्फ अदालतें आयोजित



कर रहा हूँ और प्रत्येक जिले का दौरा कर रहा हूँ। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा यह कोई नियमित बैठक नहीं है, बल्कि सीएम के आदेश पर आयोजित की गई है। किसी को भी इन निर्देशों की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। रेणुकाचार्य ने कहा कि सीएम सिद्धरामैया के निर्देश पर वक्फ बोर्ड ने समीक्षा बैठकें की हैं, जिसमें डिप्टी कमिश्नर, तहसीलदार और अतिरिक्त आयुक्तों को किसानों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वक्फ बोर्ड ने कर्नाटक में 1.10 लाख एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। रेणुकाचार्य ने दावा किया कि किसी भी मुस्लिम बहुल देश में वक्फ कानून नहीं है और कांग्रेस पर मुसलमानों को खुश करने के लिए हिंदू जमीनों को जब्त करने के लिए वोट बैंक की राजनीति का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। कर्नाटक भाजपा ने 4 नवंबर को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है, जिसमें केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंत्री जमीर को तत्काल हटाने और वक्फ अदालतों को रोकने का आह्वान किया है।

### सूर्या ने जगदंबिका पाल को लिखा था पत्र

इससे पहले दक्षिण बेंगलूरु से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को एक पत्र लिखा, जिसमें उनसे अनुरोध किया गया कि वे कर्नाटक के विजयपुरा जिले के किसानों को वक्फ बोर्ड के साथ उनके भूमि विवादों पर चर्चा करने के लिए गवाह के रूप में आमंत्रित करें। सूर्या ने अपने पत्र में कहा ये किसान, जो लगभग एक सदी से अपनी जमीनों पर खेती कर रहे हैं, 1920 और 1930 के दशक के रिकॉर्ड रखते हैं। हालांकि, हाल के महीनों में, उनमें से कई को बिना किसी सबूत या स्पष्टीकरण के, उनकी जमीनों को वक्फ संपत्ति घोषित करने वाले नोटिस भेजे गए हैं। सूर्या ने कहा इन दावों का दायरा काफी बड़ा है। अकेले उनके गांव में ही करीब 1,500 एकड़ जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में चिन्हित किया गया है।

किसानों का दावा है कि नोटिस भेजे जाने के अलावा, कानून का पालन किए बिना कुछ भूमि खंडों के लिए आरटीसी, पैहानी और म्यूटेशन रजिस्टर में बदलाव किए गए हैं। नोटिसों को लेकर विवाद बढ़ने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने मंगलवार को कहा कि किसी भी किसान को बेदखल नहीं किया जाएगा और उन्हें जारी किए गए नोटिस वापस ले लिए जाएंगे। यादगीर और धारवाड़ जिलों में भी किसानों को इसी तरह के नोटिस जारी किए जाने के सवाल पर जवाब देते हुए सीएम ने कहा मैं राजस्व मंत्री से इस पर गौर करने को कहूंगा, कहीं भी किसानों को बेदखल नहीं किया जाएगा। टिकोटा तालुक के होनवाड़ा में 1,200 एकड़ जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किए जाने पर भ्रम को स्पष्ट करने की मांग करते हुए, एमबी पाटिल (उद्योग और विजयपुरा जिले के प्रभारी मंत्री) ने हाल ही में कहा था कि यह राजपत्र अधिसूचना में एक त्रुटि के कारण था।

# बलात्कार पीड़िता के कपड़ों पर प्रज्वल रेवन्ना का मिला डीएनए: एसआईटी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जांच एजेंसियों द्वारा एक बड़ी सफलता के रूप में कही जा रही इस घटना में, प्रज्वल रेवन्ना की कथित बलात्कार पीड़िताओं में से एक के अंतर्वस्त्रों के विश्लेषण से महिला के अलावा हासन के पूर्व सांसद का डीएनए भी मिला। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इस साल की शुरुआत में 9 सितंबर को मामले में आरोपपत्र दाखिल किया था। आरोपपत्र में, एसआईटी ने एक वीडियो पेश किया था जिसमें पीड़िता, एक 48 वर्षीय महिला जो प्रज्वल रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में मजदूर के रूप में काम कर रही थी, उस व्यक्ति के प्रलोभनों का विरोध करती हुई दिखाई दे रही है, लेकिन उसके साथ बलात्कार किया जाता है। लेकिन वीडियो में उस व्यक्ति का चेहरा दिखाई नहीं दे रहा है। आरोपपत्र में एक फोरेंसिक रिपोर्ट भी शामिल थी जिसमें कहा गया था कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति प्रज्वल रेवन्ना



है। चार्जशीट में आगे कहा गया था कि डीएनए विश्लेषण रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, और रिपोर्ट आने पर एसआईटी एक पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। डीएनए विश्लेषण रिपोर्ट हाल ही में एसआईटी को सौंपी गई थी। रिपोर्ट से पता चलता है कि प्रज्वल रेवन्ना और पीड़िता का डीएनए उस पेटीकोट पर पाया गया, जिसे पीड़िता वीडियो में पहने हुए दिख रही है। एसआईटी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा बलात्कार से आहत महिला ने अपनी कुछ साड़ियाँ और पेटीकोट जैसे अंडरगारमेंट्स आउटहाउस में अलमारी में रख दिए थे, जहाँ वह रहती थी और बाद में वहाँ से भाग गई। ये कपड़े धुले नहीं थे। हमें ये कपड़े आउटहाउस में मिले। एक पेटीकोट उस पेटीकोट से मेल खाता है जिसे महिला वीडियो में पहने हुए दिख रही है, जिसमें उसके साथ बलात्कार होता दिख रहा है। हमने कपड़ों को डीएनए विश्लेषण के लिए भेजा है। सूत्रों ने बताया कि महिला के अंडरगारमेंट्स पर पूर्व सांसद का डीएनए पाया जाना यौन उत्पीड़न का एक और फोरेंसिक सबूत है। इस पीड़िता का कथित तौर पर प्रज्वल रेवन्ना के माता-पिता - पूर्व मंत्री एच. डी. रेवन्ना और भवानी रेवन्ना - के कहने पर अपहरण किया गया था, ताकि वह उनके बेटे के खिलाफ गवाही देने से बच सके। कथित तौर पर उसे एसआईटी ने कैद से छुड़ाया था। अपहरण मामले में एच. डी. रेवन्ना और भवानी रेवन्ना के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है और वे जमानत पर बाहर हैं।

# केवल गांधी परिवार के चौकीदार की भूमिका न निभाएं खड़गे: चलवाड़ी नारायणस्वामी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलवाड़ी नारायणस्वामी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से आग्रह किया कि वे केवल गांधी परिवार के चौकीदार की भूमिका न निभाकर दलित समुदाय के लोगों का अपमान न करें। शुक्रवार शाम को यहां भाजपा कार्यालय जगन्नाथ भवन में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए नारायणस्वामी ने कहा खड़गे को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष के रूप में अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

मैंने पहले कहा था कि खड़गे को एआईसीसी अध्यक्ष के रूप में अस्थायी तौर पर नियुक्त किया गया है। मैंने खड़गे को सलाह दी थी कि वे गांधी परिवार और कांग्रेस के लिए केवल चौकीदार न बनें, बल्कि सीधे अधिकार का





प्रयोग करें। हालांकि, खड़गे ने अपनी लाचारी दिखाई। उन्होंने कहा कि कैसे एक दलित - खड़गे का जिक्र करते हुए - कांग्रेस द्वारा उसकी पृष्ठभूमि के कारण उनका अपमान किया जा रहा है।

भाजपा नेता ने कहा मैं दलित समुदाय से कांग्रेस की दलित विरोधी नीतियों को पहचानने की अपील करता हूं और मैं खड़गे से आग्रह करता हूं कि वे केवल चौकीदार की भूमिका निभाकर दलित समुदाय का अपमान न करें। उन्होंने आगे कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा वादा किए गए सभी पांच गारंटियां आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बाद गायब हो जाएंगी। यह दावा करते हुए कि सरकार आपसी लड़ाई में फंसी हुई है, उन्होंने कहा कृपया यह न पूछें कि कौन लड़ रहा है, इसे आप खुद समझिए। उन्होंने कांग्रेस पर जनता को धोखा देने और पांच गारंटियों के माध्यम से सत्ता हासिल करने का आरोप लगाया, लेकिन पांचों गारंटियों में से कोई भी वास्तव में लोगों तक नहीं पहुंच रही है। उन्होंने कहा गृह लक्ष्मी योजना तीन महीने से सक्रिय नहीं है। बेलगावी से महिला और बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के पूछने के बावजूद भी कोई फंड नहीं आया है। उन्होंने कहा अन्न भाग्य योजना भी उपलब्ध नहीं है। अधिकारी लगातार कह रहे हैं कि सर्वर डाउन है। कोई नहीं बता सकता कि युवा निधि किसे मिली। इस स्थिति में उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शक्ति योजना वापस लेने की बात कही है। भाजपा नेता ने कहा कि आलोचना के बाद उन्होंने एक ही दिन में यू-टर्न ले लिया। नारायणस्वामी ने कहा मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने कहा कि वे किसी भी कारण से पीछे नहीं हटेंगे। महाराष्ट्र चुनाव के मद्देनजर एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने वोट बैंक की चिंता में दिल्ली से बेंगलूरु भाग गए। उन्होंने कहा खड़गे ने उन्हें महाराष्ट्र चुनाव के बाद तक चुप रहने की सलाह दी। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस सरकार के पास पैसा नहीं है और खजाना खाली है।

# एचडी कुमारस्वामी केवल चुनाव से पहले आंसू बहाते हैं: शिवकुमार

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी केवल चुनाव नजदीक आने पर आंसू बहाते हैं।

शिवकुमार की यह टिप्पणी केंद्रीय मंत्री के इस बयान के जवाब में आई है कि कांग्रेस नेताओं में मानवता की कमी है और वह भावुक व्यक्ति होने के कारण आंसू बहाते हैं। मेंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मीडिया से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा भले ही चन्नपट्टना या रामनगर के लोगों ने कुमारस्वामी को अपना विधायक चुना हो, लेकिन वह एक बार भी राष्ट्रीय या





कन्नड़ ध्वज फहराने के लिए जिले में क्यों नहीं आए? क्या उन्होंने चन्नपट्टना के विकास के लिए कुछ किया? उन्होंने दावा किया कि पूर्व भाजपा एमएलसी और चन्नपट्टना से वर्तमान कांग्रेस उम्मीदवार सी.पी. योगेश्वर ने चन्नपट्टना निर्वाचन क्षेत्र में झीलों को भर दिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री कुमारस्वामी ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान निर्वाचन क्षेत्र के लिए कोई महत्वपूर्ण काम नहीं किया। शिवकुमार ने सवाल किया जब कुमारस्वामी (जेडी-एस नेता) विपक्ष में थे, तो वे भाजपा के साथ मौन सहमति में थे। उन्होंने भाजपा के साथ गठबंधन करके धन क्यों नहीं लाया और विकास कार्य क्यों नहीं किए? उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया?

शिवकुमार ने केंद्रीय मंत्री के बेटे निखिल कुमारस्वामी का जिक्र करते हुए कहा कुमारस्वामी और उनकी पत्नी चन्नपट्टना सीट का प्रतिनिधित्व करते थे। मौजूदा उम्मीदवार का चन्नपट्टना से कोई संबंध नहीं है।

वे मांड्या और रामनगर दोनों जगहों से हार गए हैं। योगेश्वर के पार्टी बदलने पर शिवकुमार ने कहा योगेश्वर पहले कांग्रेस में थे और बाद में समाजवादी पार्टी और भाजपा में शामिल हो गए। अब वे विधान परिषद में अपने पद से इस्तीफा देकर हमारी पार्टी में वापस आ गए हैं और कह रहे हैं कि केवल कांग्रेस ही निर्वाचन क्षेत्र का लाभ उठाएगी। उन्होंने कहा चन्नपट्टना तालुक के लोग शिक्षित और जागरूक हैं। हमारी सरकार उनकी सेवा करने के लिए उनके दरवाजे तक गई है। कम से कम 22,000 लोगों ने हमारे साथ अपनी परेशानियां साझा की हैं और सैकड़ों करोड़ रुपये के विकास कार्य शुरू हो चुके हैं। हम गरीबों को साइट मुहैया करा रहे हैं।

उन्होंने कहा हमारी सरकार राज्य भर में सभी वर्गों के लोगों को पांच गारंटी योजनाएं प्रदान कर रही है। हमारी गारंटी योजनाएं देश के लिए एक मॉडल हैं। कई कार्यकर्ता जेडी(एस) से कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं क्योंकि उन्हें वहां कोई भविष्य नहीं दिख रहा है।

# राम लला मूर्ति शिल्पकार अरुण योगीराज राज्योत्सव सम्मान से सम्मानित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राम लला मूर्ति शिल्पकार और कलाकार अरुण योगीराज को कर्नाटक सरकार ने राज्योत्सव पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर शिल्पकार ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं कर्नाटक सरकार को उनके विश्वास के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि एक कलाकार के लिए पहचान हमेशा महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि मूर्तिकला के क्षेत्र में मेरी सेवा को देखते हुए, वे मुझे राज्योत्सव पुरस्कार से सम्मानित कर रहे हैं जो किसी भी कन्नड़ व्यक्ति के लिए एक सपना है। इससे हमारे कलाकार समुदाय को बढ़ावा मिलेगा। योगीराज ने कहा कि मैं दुनिया भर में काम कर रहा हूं। हम एम्स्टर्डम, दुबई, अबू धाबी और लंदन में चर्चा कर रहे




हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास एम्स्टर्डम से एक शिव मंदिर और यूके से एक श्रीनिवास मंदिर का प्रस्ताव है।

उन्होने कहा कि हमारे पास भारत और पूरे भारत में हमारे गांवों के लिए बहुत सारी परियोजनाएं हैं। राम लला की मूर्ति बनाने वाले और कलाकार अरुण योगीराज को कर्नाटक सरकार द्वारा राज्योत्सव पुरस्कार दिए जाने पर उनकी पत्नी विजेता ने इसे यादगार पल बताया है। उन्होंने कहा कि यह एक महान क्षण है क्योंकि कन्नड़ राज्योत्सव एक ऐसी चीज है जिसका हर कन्नड़ व्यक्ति को इंतजार रहता है। हम बहुत खुश हैं। हमारा पूरा परिवार खुश है और हमें गर्व है कि अरुण को यह पुरस्कार मिल रहा है। इसके साथ ही विजेता ने सिद्धरामैया सरकार को धन्यवाद दिया।

# चयन समिति की गलती के कारण सामाजिक कार्यकर्ता को नहीं मिला राज्य पुरस्कार

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

पिलर दरंदबागिलु के एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता बाबू पिलर, जिन्होंने 4,500 से अधिक लोगों का अंतिम संस्कार किया है, को सुवर्ण महोत्सव पुरस्कार के लिए चुने जाने के बावजूद अंतिम समय में पुरस्कार देने से मना कर दिया गया। जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया और कई लोगों ने इसे उनकी सेवा का अपमान माना। घटना को याद करते हुए बाबू पिलर ने बताया 31 अक्टूबर की शाम को कन्नड़



और संस्कृति विभाग की सचिव नीलम्मा ने मुझे बताया कि मुझे सुवर्ण महोत्सव पुरस्कार के लिए चुना गया है। मैं हैरान था और मैंने उनसे दोबारा जांच करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि की। मैं उस रात बेंगलूरु गया, कुमार कृपा गेस्ट हाउस में रुका और समारोह का इंतजार किया। हालांकि, दोपहर तक विभाग के एक अधिकारी ने फोन करके बताया कि मेरा नाम बाबू किलर नाम के किसी व्यक्ति के साथ मिला दिया गया है और उन्होंने माफी मांगी और वादा किया कि अगले साल मेरे नाम पर विचार किया जाएगा। हालाँकि दक्षिण कन्नड़ जिला प्रशासन की सूची में बाबू पिलर का नाम शामिल था, लेकिन भ्रम के कारण उन्हें न तो राज्य और न ही जिला पुरस्कार मिला। तब से लोगों ने कन्नड़ और संस्कृति विभाग के प्रति गुस्सा जाहिर किया है और इस लापरवाही की निंदा की है जिसके कारण एक वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता को शर्मिंदगी उठानी पड़ी।

# वक्फ भूमि बताकर किसानों को भेजे गए नोटिस होंगे वापस

## सीएम सिद्धरामैया ने जारी किए निर्देश

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक में किसानों की जमीन को वक्फ संपत्ति बताकर भेजे गए नोटिस वापस लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर भाजपा के हमले के बाद कर्नाटक के सीएम सिद्धरामैया ने सभी अधिकारियों को नोटिस तुरंत वापस लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि किसी भी किसान को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने का आह्वान किया। साथ ही अधिकारियों को मामले को गंभीरता से हल करने के निर्देश दिए।



कर्नाटक में किसानों की जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताकर नोटिस भेजे गए थे। राज्य के विजयपुरा, कलबुर्गी, बीदर और शिवमोग्गा के किसानों ने नोटिस मिलने की शिकायत की थी। नोटिस में उनकी जमीन को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बताया गया। इसे लेकर भाजपा ने सिद्धरामैया सरकार को घेरा था। चुनावी गारंटी पूरी करने में कांग्रेस की आलोचना करने पर सीएम सिद्धरामैया ने पीएम मोदी पर हमला बोला है।

सिद्धरामैया ने एक्स पर पोस्ट किया कि कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले कर्नाटक में भाजपा की विनाशकारी विरासत की जांच कराएं। हम अपने लोगों से किए गए हर वादे को पूरा कर रहे हैं। सभी पांच गारंटियों को 52,000 करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ लागू किया गया है। भाजपा ने राज्य को 40 प्रतिशत कमीशन भ्रष्टाचार में फंसा दिया है, जिससे संसाधन खत्म हो रहे हैं। इनसे जीवन में सुधार हो सकता था। इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने करों के हस्तांतरण में न्याय की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि किसी को भी दुधारू गाय का पूरा दूध नहीं निकालना चाहिए, अन्यथा बछड़ा कुपोषित हो जाएगा। सिद्धरामैया ने कहा कि कर्नाटक के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य केंद्र को चार लाख करोड़ रुपये से अधिक राजस्व दे रहा है और यह महाराष्ट्र के बाद केंद्रीय कर राजस्व में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

मुख्यमंत्री ने कहा भले ही हम चार लाख करोड़ रुपये से अधिक देते हैं, लेकिन हमें केवल 55,000 करोड़ रुपये से 60,000 करोड़ रुपये ही मिल रहे हैं। कन्नड़ लोगों को यह पता होना चाहिए। हमें अपने योगदान का केवल 14 से 15 प्रतिशत ही मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संघीय व्यवस्था के तहत, केवल इसलिए कोई अन्याय नहीं होना चाहिए क्योंकि कर्नाटक एक प्रगतिशील राज्य है। सिद्धरामैया ने कहा सिर्फ इसलिए कि एक दुधारू गाय दूध दे रही है, हमें उसका पूरा दूध नहीं निकालना चाहिए। हमें बछड़े के लिए भी थोड़ा दूध छोड़ना चाहिए, नहीं तो वह कुपोषित हो जाएगा। यह बात किसी को भी कभी नहीं भूलनी चाहिए।

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा कि मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री को सही जानकारी नहीं है और वे वित्त मंत्री से जानकारी नहीं लेते और अपनी सोशल मीडिया टीम से जानकारी लेते हैं। मुझे लगता है कि वे भूल गए हैं कि राष्ट्रीय सांख्यिकी अनुमान में कर्नाटक की विकास दर 4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था, जिसे संशोधित कर 13.1 प्रतिशत कर दिया गया। गारंटी देने और भयंकर सूखे से गुजरने के बावजू, हम तेजी से विकास करने में सफल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि विपक्षी पार्टी जनता के सामने 'बुरी तरह बेनकाब' हो गई है, क्योंकि वह लोगों से ऐसे वादे करती है, जिन्हें वह खुद जानती है कि पूरा नहीं कर पाएगी।


# चन्नपट्टना की अग्नि परीक्षा में निखिल की होगी जीत: कुमारस्वामी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शनिवार को आगामी चन्नपट्टना उपचुनावों में एनडीए की संभावनाओं के बारे में आशा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि एनडीए उम्मीदवार और उनके बेटे निखिल कुमारस्वामी देवी के आशीर्वाद से किसी भी कीमत पर जीत हासिल करेंगे। अपने बेटे को मैदान में उतारने के अपने फैसले पर बोलते हुए कुमारस्वामी ने कहा राजनीति में, पार्टी को मजबूत करने के लिए कुछ फैसले लिए जाते हैं। हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण, हमने निखिल कुमारस्वामी को मैदान में उतारने का फैसला किया। चन्नपट्टना की अग्नि परीक्षा (सबसे कठिन परीक्षा) में, निखिल जीतेंगे। कोई कुछ नहीं कर सकता। मतदाता खुद फैसला करेंगे। कुमारस्वामी ने कहा मेरी आंखों में कई बार आंसू आए हैं, लेकिन जब भी मैं रोया हूं, तो लोगों की समस्याओं के लिए। इस चुनाव में, क्या मैं रोया? क्या हर कोई आंसू बहा सकता है? यह सब भावनाओं पर निर्भर करता है। जेडीएस नेता जीटी देवेगौड़ा के चुनाव प्रचार अभियान से गायब रहने पर कुमारस्वामी ने कहा जीटी देवेगौड़ा जिला कार्यक्रमों में व्यस्त हैं, इसलिए वे चन्नपट्टना नहीं आ पाए हैं, लेकिन वे जहां भी हैं, निखिल कुमारस्वामी का समर्थन करते हैं। राज्य कल्याण योजनाओं को लेकर चल रहे विवाद पर कुमारस्वामी ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के संभावित रूप से योजनाओं को कम करने के रुख की आलोचना की। तीन दिन पहले, मैंने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की टिप्पणी देखी। न केवल मैंने, बल्कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। परमेश्वर कहते हैं कि ये योजनाएं अगले तीन वर्षों तक जारी रहेंगी, लेकिन शिवकुमार कहते हैं कि एक योजना वापस ले ली जाएगी और बाद में स्पष्टीकरण दिया जाएगा। उनके कार्यों से पता चलता है कि वे इस सरकार को दिवालियापन के रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। कुमारस्वामी ने सरकार से लोगों को लूटने के बजाय योजनाओं को जारी रखने को सुनिश्चित करके लोगों के धन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। चन्नपट्टना में बाहुबल का उपयोग करने के प्रयासों के लिए, कुमारस्वामी ने किसी भी संभावित प्रभाव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा चाहे जो भी प्रयास किए जाएं, वे सभी चन्नपट्टना में काम नहीं करेंगे। लोगों ने पहले ही निखिल कुमारस्वामी की जीत का फैसला कर लिया है।

# वक्फ बोर्ड ने कर्नाटक में 53 एएसआई साइटों पर किया दावा

**हुब्बल्ली/शुभ लाभ ब्यूरो।** वक्फ बोर्ड कर्नाटक में कम से कम 53 ऐतिहासिक स्मारकों पर अपना दावा कर रहा है, जिसमें प्रसिद्ध गोल गुम्बज, इब्राहिम रौजा, विजयपुरा में बड़ा कमान, बीदर और कलबुर्गी के किले शामिल हैं। इनमें से, आदिल शाही की पूर्ववर्ती राजधानी विजयपुरा में 43 को वक्फ बोर्ड ने 2005 में ही वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया था, जिनमें से कई पर अतिक्रमण किया गया था और उनमें बेवजह बदलाव किए गए थे। सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार, वक्फ बोर्ड ने उन्हीं आरओआर/पीआर कार्ड (अधिकारों का रिकॉर्ड/संपत्ति के मालिक को दिया गया सरकारी प्रमाण पत्र) का लाभ उठाते हुए विजयपुरा में 43 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों को वक्फ संपत्ति घोषित किया है। जबकि एएसआई भूमि/स्मारक का धारक है, लेकिन भार वक्फ प्राधिकरण का है। केंद्र सरकार की आरटीआई प्रतिक्रिया में कहा गया है कि यह एएसआई से परामर्श किए बिना किया गया है। दस्तावेजों से पता चलता है कि इन संरक्षित स्मारकों को 2005 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (चिकित्सा शिक्षा) के प्रधान सचिव मोहम्मद मोहसिन द्वारा वक्फ संपत्ति घोषित किया गया था, जो उस समय विजयपुरा के डिप्टी कमिश्नर और वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष दोनों पद पर थे। मोहसिन ने कहा मुझे याद नहीं है कि कितने स्मारकों को वक्फ संपत्ति घोषित किया गया था।



लेकिन मैंने जो कुछ भी किया है, वह राजस्व विभाग द्वारा जारी सरकारी गजट अधिसूचना और पक्षों द्वारा प्रस्तुत प्रामाणिक दस्तावेजी साक्ष्य के अनुसार है। उनमें से अधिकांश को 12 नवंबर, 1914 को तत्कालीन ब्रिटिश सरकार द्वारा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों के रूप में अधिसूचित किया गया था। प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम और 1958 के नियमों के अनुसार एएसआई इन संपत्तियों के रखरखाव, जीर्णोद्धार और संरक्षण के लिए एकमात्र मालिक है। अधिकारियों का कहना है कि एक बार एएसआई की संपत्ति होने के बाद, यह हमेशा एएसआई की संपत्ति होती है क्योंकि उन्हें गैर-अधिसूचित करने का कोई प्रावधान नहीं है। वक्फ बोर्ड श्रीरंगपटना में मस्जिद-ए-आला के अलावा एएसआई के हम्पी सर्कल में छह और बेंगलूरु सर्कल में चार स्मारकों पर दावा कर रहा है। धारवाड़ सर्कल, जिसके अंतर्गत विजयपुरा स्मारक आते हैं, ने अन्य स्मारकों की सूची नहीं दी, जिन पर वक्फ दावा कर रहा है। एएसआई के सूत्रों का कहना है कि विजयपुरा में लगभग सभी 43 स्मारकों पर या तो अतिक्रमण किया गया है, उन्हें विकृत किया गया है या तीसरे पक्ष द्वारा अवैज्ञानिक तरीके से पुनर्निर्मित किया गया है। मुल्ला मस्जिद और याकूब दाबुली की मस्जिद और मकबरे के परिसर को मदरसे में बदल दिया गया है।

स्मारक इंडो-इस्लामिक वास्तुकला का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्हें विश्व धरोहर स्थल सूची के लिए नामित करने का प्रस्ताव था। स्मारक हमारे इतिहास के जीवंत उदाहरण हैं। स्मारकों का जीर्णोद्धार, संरक्षण केवल एएसआई द्वारा निर्धारित तरीके से किया जा सकता है। हालांकि, विजयपुरा में 43 स्मारकों को विकृत किया जा रहा है और प्लास्टर और सीमेंट से उनकी मरम्मत की जा रही है। स्मारकों में पंखे, एयर कंडीशनर, फ्लोरोसेंट लाइट और शौचालय जोड़े जा रहे हैं। दुकानदारों ने कुछ संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है। इससे इन स्मारकों में पर्यटकों के आने-जाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### अतिक्रमण हटाने के लिए सूचित किया

2007 से अपने कई संचारों में, केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने विजयपुरा के डिप्टी कमिश्नर, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और कर्नाटक के मुख्य सचिव को अतिक्रमण हटाने के लिए सूचित किया है क्योंकि संरक्षित स्मारकों में बदलाव करके उनका दुरुपयोग किया जा रहा है और अवैध वाणिज्यिक और आवासीय निर्माण किए गए हैं। एएसआई अधिकारियों के अनुसार न तो विजयपुरा डीसी कार्यालय और न ही वक्फ बोर्ड ने 2012 में एक संयुक्त सर्वेक्षण किए जाने के बाद भी एएसआई को यह साबित करने के लिए कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं कि ये स्मारक वक्फ के हैं। कर्नाटक में एएसआई के वरिष्ठ अधिकारियों, जिन्हें वक्फ मुद्दे पर टिप्पणी नहीं करने का निर्देश दिया गया है, ने कहा कि एएमएएसआर अधिनियम के प्रावधान के तहत केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों की स्वामित्व स्थिति को बदला, संशोधित या जोड़ा नहीं जा सकता है।

# कर्नाटक में बने उत्पादों पर होगा कन्नड़ लेबल: सीएम सिद्धरामैया



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने राज्य में निर्मित सभी उत्पादों के लेबल पर अंग्रेजी के अलावा कन्नड़ भाषा को शामिल करने के लिए कदम उठाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कन्नड़ और कन्नड़ लोगों का अपमान करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। शुक्रवार को 69वें कर्नाटक राज्योत्सव कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कर्नाटक में निर्मित उत्पाद, चाहे निजी या सरकारी क्षेत्र द्वारा, आम तौर पर केवल अंग्रेजी में ही लेबल होते हैं। भविष्य में, हम कन्नड़ को भी शामिल करने का लक्ष्य रखेंगे। सीएम ने मैसूरु डिप्टी कमिश्नर कार्यालय के परिसर में अट्टारा कचेरी (18 कार्यालय) को कन्नड़ संग्रहालय में बदलने की योजना की भी घोषणा की। सिद्धरामैया ने उपस्थित लोगों से राज्य भर में कन्नड़-अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने और कर्नाटक में नए लोगों को भाषा सीखने में सहायता करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की शपथ लेने का आग्रह किया। शुक्रवार को एक अन्य राज्योत्सव कार्यक्रम में, उन्होंने सोशल मीडिया पर कन्नड़ और कन्नड़ लोगों का अपमान करने की बढ़ती प्रवृत्ति को संबोधित किया, इसे कर्नाटक के खिलाफ विश्वासघात कहा। सीएम ने कहा सरकार निर्दयतापूर्वक सख्त कार्रवाई करेगी।

# आयकर छापे की धमकी देकर नौकरानी 7.5 लाख नकद और हीरे की चेन लेकर फरार

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** एक नौकरानी द्वारा कथित तौर पर 7.5 लाख रुपये नकद और 3 लाख रुपये मूल्य के हीरे का हार लेकर भागने का मामला प्रकाश में आया है। उसने अपने नियोक्ता को धोखा देते हुए कहा कि मणिपाल पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में उसके घर पर आयकर विभाग का छापा पड़ने वाला है।




शिवल्ली गांव के पेरामपल्ली रोड की रहने वाली जूलियट ने पिछले चार महीनों से सुनीता को नौकरानी के तौर पर काम पर रखा था। जूलियट ने सुनीता को अपने वैवाहिक मुद्दों के बारे में बताया और सुनीता ने उसे तलाक लेने के बारे में सोचने की सलाह दी। परेशान होकर जूलियट ने घर छोड़ने का फैसला किया और 10 अक्टूबर को उसने अपनी मां को कुछ कपड़े, सोने के गहने और अपने पति के लॉकर में रखे 10 लाख रुपये में से 1 लाख रुपये नकद दिए। 29 अक्टूबर को सुबह करीब 10:30 बजे जब जूलियट घर पर थी, सुनीता स्टैनी नाम के एक व्यक्ति के साथ पहुंची और दावा किया कि आयकर अधिकारी छापेमारी के लिए घर पर आए हैं। सुनीता ने जूलियट से लॉकर खोलने को कहा, जिसमें से उसने 9 लाख रुपए नकद और 3 लाख रुपए का हीरे का हार निकाला। उसने 1.5 लाख रुपए जूलियट के बैग में रख दिए और 7.5 लाख रुपए और हार अपने बैग में रख लिया, जूलियट को भरोसा दिलाया कि वह छापे के बाद उन्हें वापस कर देगी। बाद में, जूलियट को एहसास हुआ कि उसे उसकी नौकरानी ने धोखा दिया है। इसके बाद उसने सुनीता और स्टैनी के खिलाफ मणिपाल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# शक्ति मुफ्त यात्रा योजना को लागू करना मुश्किल है, लेकिन इसे रोका नहीं जाएगा: रामलिंगा रेड्डी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक की गारंटी योजनाओं को संभावित रूप से रोकने को लेकर चल रहे विवाद के बीच परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने शनिवार को स्वीकार किया कि महिलाओं के लिए शक्ति मुफ्त यात्रा योजना को जारी रखना चुनौतियों से भरा है, लेकिन इस योजना को किसी भी परिस्थिति में नहीं रोका जाएगा। यहां मीडिया को संबोधित करते हुए रामलिंगा रेड्डी ने कहा कि परिवहन विभाग महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा योजना को जारी रखने में कठिनाइयों का सामना कर रहा है। लेकिन हम किसी भी कीमत पर इस योजना को नहीं रोकेंगे। हम इसे जारी रखेंगे। अन्न भाग्य मुफ्त चावल योजना के विपरीत, जो बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) कार्ड वाले लोगों तक सीमित है और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्राप्त करने के लिए बैंक





खातों की आवश्यकता होती है, शक्ति योजना सभी महिलाओं को लाभान्वित करती है, जिससे उन्हें आरटीसी (सड़क परिवहन निगम) बसों में मुफ्त यात्रा करने की अनुमति मिलती है। मंत्री ने कहा कि महिलाओं के लिए इस व्यापक पात्रता ने कार्यक्रम को बनाए रखने में विभाग के लिए अतिरिक्त चुनौतियां पैदा की हैं। हालांकि, इस योजना को रोका नहीं जाएगा। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के शक्ति योजना की समीक्षा करने के बारे में दिए गए बयान ने न केवल कर्नाटक के भीतर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी विवाद खड़ा कर दिया है। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों में उपचुनावों के नजदीक आने के साथ, कांग्रेस ने तुरंत स्पष्ट किया कि इन गारंटी योजनाओं को किसी भी परिस्थिति में रोका नहीं जाएगा। कांग्रेस पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था देश के लोगों को कांग्रेस द्वारा प्रायोजित झूठे वादों की संस्कृति के प्रति सतर्क रहना होगा। हमने हाल ही में देखा कि कैसे हरियाणा के लोगों ने उनके झूठ को नकार दिया और एक ऐसी सरकार को प्राथमिकता दी जो स्थिर, प्रगति-उन्मुख और कार्रवाई-संचालित है। पूरे भारत में यह अहसास बढ़ रहा है कि कांग्रेस को वोट देना अ-शासन, खराब अर्थव्यवस्था और बेमिसाल लूट के लिए वोट देना है। भारत के लोग विकास और प्रगति चाहते हैं, न कि कांग्रेस के वही पुराने झूठे वादे। अन्य भाजपा नेताओं ने भी कांग्रेस पर उसके प्रमुख गारंटियों पर पलटवार करने के लिए हमला किया, जिसके बाद पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरामैया और हिमाचल प्रदेश के उनके समकक्ष सुखविंदर सुखू सहित कांग्रेस नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अधूरे चुनावी वादों को लेकर कांग्रेस पर हमला करने के कुछ घंटों बाद, खड़गे ने पलटवार करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी 140 करोड़ भारतीयों के साथ एक क्रूर मजाक है।

खड़गे ने कहा नरेंद्र मोदी, झूठ, छल, जालसाजी, लूट और प्रचार ये 5 विशेषण हैं जो आपकी सरकार का सबसे अच्छा वर्णन करते हैं। 100-दिवसीय योजना के बारे में आपका ढोल पीटना एक सस्ता पीआर स्टंट था।

# बूढ़ी और अपाहिज गायों की देखभाल कांजी हाऊस में नहीं गौ-शालाओं में होगी: यादव

**भोपाल, 02 नवंबर (एजेंसियां)।**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में गौ-पालन को बढ़ावा देकर किसानों और गौ-पालकों की आर्थिक सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। शहरों में कांजी हाऊस के स्थान पर गौ-वंश की देशभाल के लिए गौशालाएं प्रारंभ की जायेगी।

डॉ. यादव शनिवार को यहां रवींद्र भवन परिसर में राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित नागरिकों को गोवर्धन पूजा की बधाई दी। प्रारंभ में डॉ. यादव ने रवींद्र बहिरंग मंच पर गोवर्धन पूजा समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 51 हजार से अधिक ग्रामों में दूध का उत्पादन बढ़ाते हुए इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश को पूरे देश में प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास है। इसके साथ ही अगली पशुगणना में प्रदेश पहले तीसरे स्थान से पहले स्थान पर लाने के के समस्त प्रयास भी किये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौ-वंश पालन पर क्रेडिट कार्ड देने की पहल की गई है। हमारे किसान भाई और पशुपालक दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा करते हैं। प्रदेश में पहली बार शासन स्तर पर गोवर्धन पूजा के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और गौ-माता के प्रति सम्मान की भावना को सशक्त करना है। डॉ यादव ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड से अनुबंध कर प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की रणनीति तैयार की गई है। लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने दुग्ध सहकारिता आंदोलन को गति दी थी। आज 'अमूल' के उत्पाद देश-विदेश में लोकप्रिय हैं। मध्यप्रदेश में गुजरात पैटर्न पर दुग्ध सहकारिता क्षेत्र में किसानों और पशुपालकों की सहायता के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध, घी और मक्खन के साथ गौ-काष्ठ का भी उपयोग हो रहा है। गोबर से खिलौने और कलाकृतियां तैयार की जा रही हैं। प्रदेश सरकार गौ-पालन को प्रोत्साहित करने के लिए गौ-शाला को प्रति गाय 20 रुपये के स्थान पर 40 रुपये के अनुदान का निर्णय ले चुकी है। जो पशुपालक 10 या उससे अधिक गायों का पालन करेंगे उन्हें भी विशेष अनुदान दिया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में वर्तमान में देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 9 प्रतिशत उत्पादन हो रहा है, जिसे 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य




रखा गया है। सभी गाँव में दुग्ध संघ के माध्यम से गतिविधियां बढ़ाई जाएंगी। प्रारंभ में 11 हजार गाँव में दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि का प्रयास है। प्रदेश में इस वर्ष गौ-वंश रक्षा पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गौ-वंश से समृद्ध प्रदेश में गौ-माता के संरक्षण के लिये समुचित प्रावधान किये जा रहे है। गौ-वध को रोकने के लिये समुचित व्यवस्था की गई है। गौ-वध का दोषी पाये जाने पर 7 वर्ष की सख्त सजा देने का कानूनी प्रावधान है। डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश गौ-वंश में समृद्ध है। प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 39 लाख गायें हैं। वर्ष 2019 की पशु गणना के अनुसार मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर है। हम अगली पशुगणना में देश में प्रथम स्थान पर आने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री ने गौ-पालकों को प्रोत्साहन, गौ-वंश संरक्षण के सरकार के प्रयासों और योजनाओं की जानकारी दी। डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पशु चिकित्सा के लिये गौ-एंबुलेंस का संचालन भी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश गौ-वंश संरक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। भारत विश्व में 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। शीघ्र ही भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। ग्रामों में कृषि कार्य के साथ पशुपालन एवं गौ-पालन किसान की आर्थिक समृद्धि में सहयोगी है। शहरों में भी गौपालन से पशुपालक अपनी आय बढ़ा सकते हैं। मध्य प्रदेश इस क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। पशुधन संरक्षण के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य स्तर पर गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि पूरे प्रदेश में कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। गोवर्धन पूजा हमारी संस्कृति की प्रतीक भी है, जिससे विश्व में भारत की पहचान है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और गोवर्धन पर्वत की पूजा को समर्पित इस पर्व से संबंधित यह मान्यता भी है कि भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन क्षेत्र के नागरिकों को आपदाओं से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाया था। यह घटना भगवान द्वारा उन भक्तों को सुरक्षा देने का भी प्रतीक है, जो उनकी शरण में आते हैं। गोवर्धन पूजा में अन्न का पर्वत बनाया जाता है, इसे अन्नकूट कहा जाता है। भगवान श्रीकृष्ण के गायों के प्रति प्रेम से ही उनका नाम गोपाल हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व के हर देश में गौपालन देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश में मालवी गाय विशिष्ट है। गाय माँ के समान है, वह सृष्टि की जननी भी मानी गई है। शास्त्रों के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना के बाद सर्वप्रथम गाय को ही पृथ्वी पर भेजा था। गाय माँ लक्ष्मी का भी स्वरूप है और इसे कामधेनु भी माना जाता है। गाय के दूध में जो पोषक तत्व हैं, वह अन्य दुधारू पशुओं के दूध में नहीं है। इस तरह गाय कई रूपों में मानवता का संरक्षण करती है।

डॉ यादव ने कहा कि गौपालन एवं गौ संरक्षण के कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर जैसे शहरों में जहाँ हजारों की संख्या में गौ-वंश है, बड़ी गौशालाएँ प्रारंभ की जायेगी। शहरों की गौशालाओं में 5 हजार से लेकर 10 हजार तक गौवंश को रखने की व्यवस्था होगी। राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 में पशुधन संरक्षण और पशुपालन गतिविधियों के लिए 590 करोड़ रूपए की राशि का प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गाय धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि आर्थिक रूप से भी करोड़ों भारतीयों के लिये पूजनीय है। आज पंचगव्य सहित अनेक उत्पाद आमजन द्वारा उपयोग में लाए जा रहे हैं। कोविड के दौर में गौ-वंश के उत्पादों का उपयोग किया गया। आयुर्वेद में औषधि के रूप में पंचगव्य जिसमें दूध, दही, घी, गोबर और गौ-मूत्र शामिल हैं संक्रमण को रोकने में मददगार रहा।

डॉ यादव ने कहा कि गौ-वंश संरक्षण के क्षेत्र में संत समाज का विशेष आशीर्वाद और सहयोग प्राप्त हो रहा है। सहअस्तित्व हमारी संस्कृति की विशेषता है। गौमाता के जीवन से हमारा जीवन गौरवान्वित होता है। राज्य स्तरीय गोवर्धन पूजा समारोह में स्वामी अच्युतानंद जी और गौ-संरक्षण के क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले स्वामी हरिओमानंद जी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे हैं।

## पीएम मोदी ने यूनान के प्रधानमंत्री से की बातचीत



**नई दिल्ली, 02 नवंबर (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस के साथ फोन पर बातचीत की तथा व्यापार, रक्षा और शिपिंग में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

श्री मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, कल प्रधानमंत्री मित्सोताकिस के साथ सार्थक बातचीत हुई। भारत-यूनान रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जतायी गयी। हमारा लक्ष्य व्यापार, रक्षा, शिपिंग और कनेक्टिविटी में अपने सहयोग को गहरा करना है। यूनान यूरोपीय संघ के भीतर भी भारत के लिए एक मूल्यवान भागीदार है।

यूनान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि श्री मित्सोताकिस ने निकट भविष्य में भारत में मुंबई और बैंगलोर में अपने देश द्वारा दो नए वाणिज्य दूतावास खोलने पर चर्चा की। उन्होंने 2025-2026 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गैर-स्थायी सदस्य के रूप में ग्रीस के कार्यकाल के संदर्भ में दोनों देशों के बीच सहयोग पर भी चर्चा की।

## आंध्र में सड़क हादसे में तीन की मौत, एक घायल




**कुरनूल, 02 नवंबर (एजेंसियां)।**

आंध्र प्रदेश में कुरनूल जिला में नंदवरम मंडल के धर्मावरम गांव में एक कार और ऑटोरिक्शा की टक्कर में शनिवार को तीन महिलाओं की मौत हो गई और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना कार की तेज रफ्तार के कारण हुई। पुलिस के मुताबिक कार चालक वाहन पर नियंत्रण खोने के कारण कार ऑटोरिक्शा से टकरा गई। इस हादसे में वीरा नागम्मा (60), गौरम्मा (61) और बीबी (32) की मौत हो गई। मृतक महिलाएं नंदवरम मंडल के हलहारवी गांव की थीं। तीन महिलाओं की मौत से हलहारवी गांव में मातम छा गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आठ वर्षीय बच्ची राजिया को येम्मिगनूर के जीजीएच में भर्ती कराया गया है। इस सिलसिले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी सामान्य अस्पताल (जीजीएच) भेज दिया है।

## ओड़ीशा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, चार घायल

**रायगढ़/भुवनेश्वर, 02 नवंबर (एजेंसियां)।**

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की सीमा से लगे ओड़ीशा के टपरिया में शनिवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए।

मृतक कांडाडूडा और समरपिण्डा की कर्टन मण्डली के थे। शनिवार तड़के हादसा उस समय हुआ जब एक कोयले से भरी खड़ी ट्रेलर को मैजिक वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि मैजिक वाहन में 24 से अधिक लोग सवार थे, जो जशपुर के गहिरागुरू के आश्रम से मेले में शामिल होकर लौट रहे थे। तभी देर रात करीब डेढ़ बजे दुर्घटना हो गयी। इस दुर्घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# अरविंद सावंत ने शाइना एनसी के खिलाफ टिप्पणी के लिए मांगी माफी

### एक दिन पहले उन्हें आयातित माल कहा, सीएम बोले- बालासाहेब होते तो मुंह तोड़ देते

**मुंबई, 02 नवंबर (एजेंसियां)।**

शिवसेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की मुंबादेवी से उम्मीदवार शाइना एनसी के खिलाफ 'आयातित माल' वाली टिप्पणी के लिए शनिवार को माफी मांग ली। श्री सावंत ने यहां मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा, उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। वह कभी महिलाओं का अपमान नहीं करते हैं। उन्होंने





कहा कि उनके बयानों की अलग तरह से व्याख्या की गई।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले चुनाव प्रचार के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए श्री सावंत ने श्रीमती एनसी के नाम से मशहूर फैशनिस्टा शाइना नाना चुडासमा का जिक्र करते हुए टिप्पणी की थी और कहा था, वह पूरी जिंदगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में रहीं और अब उन्हें देखिए... हमारे यहां आयातित माल नहीं चलता। यहां केवल असली माल चलता है। हमारे पास असली सामग्री है।

बाद में श्री सावंत ने दावा किया था कि श्रीमती एनसी के साथ उनके बहुत करीबी रिश्ते हैं और हो सकता है कि उन्होंने उनकी (माल) टिप्पणी को गलत समझा हो। इस सिलसिले में नागपाड़ा थाना में शुक्रवार को श्रीमती एनसी ने श्री सावंत के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। श्री सावंत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए श्रीमती एनसी ने कहा, यह वही अरविंद सावंत हैं, जिनके लिए हमने 2014 और 2019 में प्रचार किया था। उनकी सोच देखिए जब वह एक महिला को माल कहते हैं। मैं उन्हें बताना चाहूंगी कि यही मतदाता उन्हें चुनावों में बेहाल कर देंगे।

उधर, सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि बालासाहेब जिंदा होते तो वे सावंत का मुंह तोड़ देते। किसी महिला के बारे में इतना बुरा बोलना निंदनीय है। इसकी जितनी भी आलोचना की जाए कम है।

ये लोग दावा करते हैं कि ये बालासाहेब की विचारधारा को फॉलो करते हैं।

सावंत के माफी मांगने पर शाइना एनसी ने कहा, मैं कौन होती हूं माफ करने वाली या नहीं करने वाली?

मुंबा देवी की महिलाओं को माफ करना होगा और उन्हें तय करना होगा कि क्या वे इस तरह के बयान के बाद महाविनाश अघाड़ी पर भरोसा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि मैं शिवसेना (यूबीटी) से संजय राउत के बयान के बारे में पूछना चाहती हूं, जिन्होंने कहा कि उन्हें (अरविंद सावंत) माफी मांगने की जरूरत नहीं है। मैं संजय राउत से कहना चाहती हूं कि अगर आपको माल शब्द पर कोई आपत्ति नहीं है, तो यह आपकी मानसिकता को दर्शाता है।

## शीतकाल के लिए बंद हुए गंगोत्री धाम के कपाट

**देहरादून, 02 नवंबर (एजेंसियां)।**

संपूर्ण भारत वर्ष को अपने पवित्र जल से जीवन देने वाली मां गंगा के उत्तराखंड में हिमालय पर्वत पर स्थित पवित्र श्री मां गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए शनिवार को अन्नकूट त्योहार पर बंद हो गए। इससे पूर्व, वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य विधि विधान से पूजाएं की गईं।

परंपरानुसार, श्री गंगोत्री मां मंदिर के कपाट आज अन्नकूट पर, मध्याह्न 12 बजकर, 14 मिनट पर शीतकाल हेतु बंद हो गए।

इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। कपाट बंद होते समय हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। कपाट बंद होने पर गंगोत्री धाम से गंगा जी की उत्सव मूर्ति को डोली में बिठाकर, विभिन्न पड़ावों से



होकर शीतकालीन प्रवास मुखवा गाँव को रवाना किया गया। जहाँ श्री गंगा जी की उत्सव मूर्ति, श्री गंगा मंदिर में शीतकाल में विराजमान रहेंगी। अब श्रद्धालु शीतकाल में मुखवा के श्री गंगा मंदिर में दर्शन-पूजन कर सकेंगे। मां यमुनोत्री के मंदिर के कपाट, रविवार को भैया दूज के अवसर पर अपराह्न 12:05 बजे बंद किए जाएंगे। तत्पश्चात, शीतकाल में यमुना जी की उत्सव मूर्ति खरसाली गांव स्थित यमुना मंदिर में विराजमान रहेंगी। जहां पर शीतकाल के दौरान श्रद्धालुजन यमुना जी के दर्शन व पूजा- अर्चना कर सकेंगे।

### छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव ने खड़गे की स्वीकारोक्ति पर कसा तंज

## कांग्रेस अध्यक्ष के बयान ने कांग्रेस के चरित्र को उजागर किया

**रायपुर, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि झूठ बोलने और झूठे वादे करने वाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज यह सच्चाई स्वीकार कर ही ली कि उनकी पार्टी द्वारा किए गए तमाम लोक-लुभावन वादे फर्जी होते हैं। कांग्रेस की नीति और नीयत दोनों उसके वादों की तरह ही नकली होते हैं।

श्री साय ने शनिवार को यहां कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में भी कोई वादा पूरा नहीं कर जनता के साथ विश्वासघात किया था। जनता ने काठ की उस हांडी को दुबारा नहीं चढ़ने दिया। कांग्रेस को प्रदेश की सत्ता से आउट कर दिया। कांग्रेस जहां भी होती है, वह भरोसे का संकट पैदा कर देती है। विश्वास की हत्या करती है। श्री साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में मोदी गारंटी का मतलब ही होता है गारंटी पूरी होने की गारंटी है। हमारी भाजपा सरकार ने मात्र 10 महीने में मोदी की गारंटी के अनेक प्रमुख वादों को पूरा किया है। हमने जो कहा कि उससे अधिक करने की कोशिश हमेशा की है।

श्री साय ने कहा कि खरगे जी ने कर्नाटक के संदर्भ में उतना ही गारंटी का वादा करें, जितना दे सकें वाला बयान देकर कांग्रेस के चरित्र को उजागर किया है। खरगे जी ने कांग्रेस की ठगी को स्वीकार कर वस्तु-स्थिति से देशवासियों को अवगत कराया है। खरगे जी को अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए परिवार विशेष का मोहरा बनने से अब इनकार कर देना चाहिए।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र संस्थानों में सुधारों पर दिया जोर

**नई दिल्ली, 02 नवंबर (एजेंसियां)।**

भारत ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन समेत संयुक्त राष्ट्र की सभी संस्थाओं में सुधारों पर जोर देते हुए कहा है कि इससे वैश्विक स्तर पर सामाजिक न्याय और सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने का साझा दृष्टिकोण सुनिश्चित होगा।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में सचिव सुमिता डावरा ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की 352वीं शासी निकाय की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन संयुक्त राष्ट्र के सभी निकायों में भारत सुधारों का व्यापक समर्थन करता है। अंतरराष्ट्रीय संगठन की बैठक 28 अक्टूबर से सात नवंबर तक स्विट्जरलैंड के जिनेवा में



आयोजित की जा रही है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सुश्री सुमिता डावरा कर रही हैं।

मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि लोकतंत्रीकरण के प्रस्ताव पर चर्चा में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की सराहना की और संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न निकायों में सुधारों पर जोर दिया। भारत ने कहा कि एक व्यापक दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करेगा कि संयुक्त राष्ट्र निकाय वैश्विक स्तर पर सामाजिक न्याय और सतत एवं समावेशी विकास को बढ़ावा देने के साझा दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए अधिक तालमेल से काम करें।

भारत ने कहा कि जनसंख्या और कार्यबल को ध्यान में रखते हुए भौगोलिक विविधता अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के भीतर अधिक न्यायसंगत और संतुलित भौगोलिक प्रतिनिधित्व के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत होने चाहिए। अन्य चर्चाओं के दौरान, सुश्री डावरा ने समावेशी आर्थिक नीतियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण नौकरियों के सृजन, सामाजिक सुरक्षा और लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारत में समाज के सभी वर्गों, विशेषकर महिलाओं और युवाओं के लिए अच्छे काम के अवसर पैदा करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार पिछले नौ वर्षों में 24 करोड़ 80 लाख व्यक्ति गरीबी से बाहर निकल आए हैं। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा के लिए भारत में शुरू की गई गरीब कल्याण अन्न योजना, जनधन और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का भी उल्लेख किया।

## दुर्घटनावश गोली चलने से सैनिक की मौत

**श्रीनगर, 02 नवंबर (एजेंसियां)।**

जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में शनिवार को ड्यूटी पर तैनात एक सैनिक की राइफल से दुर्घटनावश गोली चलने से जान चली गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि घटना के समय की आसपास की परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर के रावलपोरा इलाके में तैनात सैनिक की राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा, वह (जवान) गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है।

# महिला एवं बाल गृहों में खूब रही दीपावली की रौनक

## सीएम योगी के निर्देश पर अफसरों ने बच्चों संग जलाए दीप





**लखनऊ, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** दीपावली का पर्व इस बार प्रदेश के महिला एवं बाल गृहों में एक अलग अंदाज में मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के कई प्रशासनिक अधिकारियों ने इन गृहों को गोद लेकर बच्चों और महिलाओं के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया। योगी सरकार की यह अनोखी पहल समाज सेवा की एक नई मिसाल पेश कर रही है, जहां अधिकारियों ने अपना व्यक्तिगत समय देकर इन बच्चों के जीवन में खुशियां बिखेरीं।

इस दीपावली, अधिकारियों ने अपने-अपने परिवार के साथ बाल गृहों में पहुंचकर बच्चों के साथ दीप जलाए, मिठाई बांटी, और उनका हालचाल जाना। इस मौके पर इन गृहों में रह रहे बच्चों और महिलाओं के चेहरे पर भी पारिवारिक माहौल की रौनक दिखी। बच्चों ने बताया कि उनके लिए यह अनुभव बेहद खास था क्योंकि उन्होंने पहली बार इतने सारे लोगों के साथ उत्सव मनाया। अधिकारियों ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए यह महसूस कराया कि वे भी समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी खुशियां भी उतनी ही कीमती हैं जितनी किसी अन्य व्यक्ति की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने एक शासनादेश जारी कर अधिकारियों को प्रदेश भर में संचालित महिला एवं बाल गृहों को गोद लेकर उनके साथ त्यौहार पर समय बिताने का निर्देश दिया था। इसके बाद, इन गृहों में एक नई ऊर्जा और खुशियों का संचार हुआ।

बच्चों और महिलाओं को ऐसा लगने लगा कि वे भी किसी परिवार का हिस्सा हैं। अधिकारियों ने इन गृहों में पहुचकर न केवल औपचारिक निरीक्षण किया, बल्कि बच्चों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने की कोशिश की। इस पहल के चलते दीपावली का पर्व इन बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गया।

दीपावली के इस अवसर पर केवल खुशियां ही नहीं बांटी गईं, बल्कि अधिकारियों ने इन बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का भी संकल्प लिया। शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि अधिकारी अपने स्तर पर बच्चों की पढ़ाई में मदद कर सकते हैं। कई अधिकारियों ने इन बच्चों को ट्यूशन, स्टेशनरी, स्कूल बैग, और अन्य शैक्षिक सामग्री प्रदान करने का भी वादा किया। सीएम योगी की इस पहल का उद्देश्य केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि एक ऐसा प्रयास है जो समाज को इन बच्चों और महिलाओं के प्रति जिम्मेदार बनाता है। त्यौहारों को मनाने का यह अनूठा तरीका समाज में समरसता का संदेश देता है। अधिकारियों ने न केवल दीप जलाए, बल्कि बच्चों के साथ मिलकर रंगोली बनाई और पटाखों की जगह फूलझड़ियों से दीपावली मनाई। इस पहल का एक महत्वपूर्ण संदेश यह है कि इन बच्चों को भी समाज से जोड़ा जाए और उन्हें यह महसूस कराया जाए कि वे भी इस समाज का अभिन्न हिस्सा हैं।

दीपावली पर इस पहल से समाज और प्रशासन के बीच एक नए सामंजस्य का विकास हुआ है। इस पहल ने अधिकारियों के मन में सेवा की भावना को और गहरा किया है। उनके द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल इन बच्चों और महिलाओं के जीवन में खुशियां भर रहा है, बल्कि समाज को यह सिखा रहा है कि हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। यह एक ऐसा कदम है जो समाज सेवा के एक नए स्वरूप को दर्शाता है और भविष्य में इसे अधिक व्यापक स्तर पर लागू करने का संदेश देता है। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिला एवं बाल गृहों में रह रहे बच्चों और महिलाओं को भावनात्मक और शैक्षणिक सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा दिया गया यह समय बच्चों और महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो उन्हें एक परिवार की अनुभूति कराता है। इस कदम ने समाज सेवा का एक नया उदाहरण पेश किया है, जहां समाज के अन्य वर्ग भी प्रेरित होकर अपनी ओर से इन बच्चों की सहायता कर सकते हैं। प्रदेश में महिला एवं बाल गृहों में दीप-ावली का यह विशेष आयोजन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समाज सेवा की भावना को बढ़ावा देने का एक अनूठा उदाहरण है। इस पहल ने बच्चों और महिलाओं के जीवन में खुशियों और सकारात्मकता का संचार किया है। इस तरह के कार्यक्रमों को आगे भी त्यौहारों पर निरंतर जारी रखने की योजना है।

### यूपी पुलिस का कारनामा

# रिटायर्ड फौजी को दिया थर्ड डिग्री टॉर्चर



**रायबरेली, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** रायबरेली के डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के घोरवारा चौकी में बीती रात पूर्व फौजी को पुलिस ने जमकर पीटा।

पिटाई व थर्ड डिग्री दिए जाने के मामले में सवर्ण आर्मी संगठन के जिला अध्यक्ष ने पुलिस को चेतावनी दी है कि इस मामले में जल्द ही पुलिस के अधिकारी निष्पक्ष रूप से जांच करवाकर पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते हैं तो बड़ा आंदोलन जिले में किया जाएगा।

अध्यक्ष ने बताया कि मुझे जानकारी मिली है कि पटाखा खरीदारी के दौरान फौजी के बेटे के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की थी। मामले की जानकारी जुटाने पूर्व फौजी गया था, जहां कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा बदसलूकी की गई। विरोध करने पर चौकी पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने फौजी इंदर सिंह की बर्बरता से पिटाई की है। खुद को बचाने के लिए पुलिस ने फौजी के पास से लाठी डंडा सरिया, कट्टा और कारतूस की बरामदगी दिखाकर अधिकारियों को गुमराह किया है।

जिला अध्यक्ष ने बताया कि फौजी की पत्नी से मेरी फोन पर वार्तालाप हुई है, उन्होंने बताया कि घर में सिर्फ महिलाएं थीं। बिना किसी वारंट के पुलिस घर में घुसकर बच्चों को घसीटते हुए कमरों से ले गई है।

कोई चौकी पर जाएगा तो लाठी, डंडा, सरिया और कट्टा लेकर नहीं जाएगा, यह पुलिस पर सवाल है। जिला अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि फौजी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किसी अन्य सर्किल के सीओ से मामले की जांच करवाएं।


# प्रदेश में पर्यटन का महत्वपूर्ण मंच बना महाकुंभ

### 45 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगा रोजगार

**प्रयागराज, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रदेश में पारम्परिक भारतीय मूल्यों और अतिथि देवो भव: की संकल्पना पर पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं और वातावरण प्रदान कर रही है। सरकार के इस भागीरथ प्रयत्न से प्रदेश में पर्यटन सेक्टर का कायाकल्प हो रहा है। प्रयागराज महाकुंभ जैसा विशाल जन समागम इसे बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। पर्यटन को गति देने के लिए पूरे प्रयागराज में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिससे

महाकुंभ के दौरान न सिर्फ वेंडर्स और सेवा प्रदाताओं की आय बढ़ेगी, बल्कि 45 हजार से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोज-गार भी मिलेगा। इसके साथ ही समस्त धार्मिक पर्यटन स्थलों के आसपास भी रोजगार के नए स्रोत विकसित होंगे। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से उपेक्षित पड़े पर्यटन सेक्टर को प्रदेश की योगी सरकार ने नया आयाम दिया है।

16 नवंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश की नई पर्यटन नीति-2022 को मंज़ूरी मिलने के बाद पर्यटन क्षेत्र के विकास का नक्शा बदलना शुरू हुआ। नई पर्यटन नीति से प्रदेश में 20 हजार करोड़ के निवेश और 10 लाख लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें भी सबसे पहले पर्यटन सेक्टर से जुड़े सर्विस प्रोवाइडर को कौशल विकास और प्रबंधन से जोड़ना महत्वपूर्ण है। प्रयागराज महाकुंभ इसके लिए बड़ा मंच साबित हो रहा है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि प्रयागराज महाकुंभ में पर्यटकों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संपर्क में आने वाले सभी सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित करने का अभियान शुरू किया गया है। नाविकों, टूर गाइड, स्ट्रीट वेंडर्स और स्ट्रीट वेंडर्स जैसे सेवा प्रदाताओं को कौशल विकास और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी जा रही है।



उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों में नदियों में नौका संचालन से आजीविका चलाने वाले नाविकों की आय बढ़ाने और क्षमताओं का विकास कर योगी सरकार उन्हें नई भूमिका दे रही है। पर्यटन विभाग 2000 नाविकों को इसका प्रशिक्षण दे रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि पर्यटन विभाग ने मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंधन संस्थान और एक अन्य संस्था के साथ एक एमओयू साइन किया है जिसके अंतर्गत यह ट्रेनिंग चल रही हैं जिसमें अभी तक 300 नाविकों को कौशल विकास की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस प्रशिक्षण से नाविक अब नौकायन से आगे बढ़कर रिवर गाइड की भूमिका का निर्वहन कर सकेंगे। इससे नदियों में धार्मिक स्थलों के किनारे नाव चलाने वाले हजारों नाविकों को रोजगार मिलेगा और पर्यटन स्थलों का वातावरण भी बेहतर होगा।

पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के लिए बुनियादी संरचना के विकास के साथ यहां सेवा प्रदान करने सेवा प्रदाताओं को भी स्मार्ट बनाना होगा। पर्यटन विभाग ने इसी को देखते हुए प्रयागराज में 1000 टूर गाइड को स्किल डेवलपमेंट और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग प्रदान कर रहा है। मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान, लखनऊ के असिस्टेंट प्रोफेसर प्रखर तिवारी की अगुवाई में यह ट्रेनिंग चल रही है। प्रखर तिवारी बताते हैं कि अब तक यहां टूर गाइड के 7 बैच की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है जिसमें 420 टूर गाइड प्रशिक्षित होकर सेवाएं देने को तैयार हैं।

पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की डिलीवरी देने के लिए पर्यटन सेक्टर में प्रशिक्षित जनशक्ति पूल का निर्माण करना बड़ी आवश्यकता है। महाकुंभ में आने वाले पर्यटकों के आतिथ्य में यह जन शक्ति उपयोगी साबित हो सकती है।

प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि महाकुंभ के पूर्व पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सभी सेवा प्रदाताओं और जनशक्ति को कुशल बनाने के लिए टूर गाइड और नाविकों के साथ साथ अब शहर के स्ट्रीट वेंडर्स और टैक्सी ड्राइवर को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्ट्रीट वेंडर्स शहरी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक हैं जो एक तरफ जहां स्थानीय लोगों तक रोजमर्रा की आवश्यक उपयोगी वस्तुओं को पहुंचाते हैं तो वहीं बाहर से आने वाले पर्यटकों के साथ भी उनका संपर्क होता है। पर्यटकों के साथ व्यवहार के प्रति संवेदनशील बनाने और पर्यटक स्थलों एवं मार्गों पर स्वच्छता की जानकारी देने के लिए इनका प्रशिक्षण भी आवश्यक है। पर्यटन विभाग की तरफ से इनका प्रशिक्षण शुरू किया गया है। प्रयागराज में 600 स्ट्रीट वेंडर्स और 600 टैक्सी ड्राइवर को इसका प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके अंतर्गत अभी तक 250 स्ट्रीट वेंडर्स और 120 टैक्सी ड्राइवर को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

योगी सरकार की नई पर्यटन नीति पर्यटन क्षेत्र के लिए जहां गेम चेंजर साबित हो रही है वहीं इससे रोजगार की असीमित संभावनाएं खुल गई हैं। प्रयागराज में महाकुंभ के पूर्व पर्यटन से जुड़े इन सेवा प्रदाताओं स्किल डेवलपमेंट और मैनेजमेंट की ट्रेनिंग देने से बड़ी तादाद में युवाओं को रोजगार मिलेगा। उनकी आमदनी बढ़ेगी। क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी के मुताबिक महाकुंभ के पहले इस ट्रेनिंग कम्पेन से 45 हजार से अधिक परिवारों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही इन धार्मिक पर्यटन स्थलों के आसपास भी रोजगार के नए स्रोत विकसित होंगे।

# महाकुंभ 2025 : 30 नवंबर तक प्रयागराज की सड़कें हो जाएंगी सुदृढ़

### महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार हो रहा प्रयागराज



**प्रयागराज, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारियों के तहत सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने इस विशाल आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए शहर की प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूती का कार्य 30 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

महाकुंभ 2025 के स्वागत के लिए प्रयागराज पूरी तरह से तैयार हो रहा है। आगामी आयोजन को सुगम और स्मरणीय बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। महाकुंभ के मद्देनजर पीडीए कुल 50 परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इनमें से 4 परियोजनाएं पहले ही पूरी की जा चुकी हैं। महाकुंभ के शुभारंभ में अभी 70 दिनों से ज्यादा का समय है, जिसे देखते हुए पीडीए का उद्देश्य 31 परियोजनाओं को 15 नवंबर तक पूर्ण कर लेना है, जिससे जल्द से जल्द शहर के बुनियादी ढांचे में सुधार लाया जा सके।

बाकी बची 15 परियोजनाओं को 30 नवंबर तक पूरा करने की योजना है। इनमें सड़कों का चौड़ीकरण, ड्रेनेज सिस्टम, लाइटिंग, और अन्य बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण शामिल है। इससे शहर में यातायात सुगम होगा और आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। महाकुंभ के प्रमुख आकर्षणों में शामिल हनुमान मंदिर कॉरिडोर का कार्य 10 दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह कॉरिडोर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र होगा। इस कार्य को समय पर पूरा करने से मंदिर क्षेत्र में भीड़ प्रबंधन और सुगमता को सुनिश्चित किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हाल ही में महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा की थी। इस बैठक में प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और समयबद्ध तरीके से काम पूरा करने का आश्वासन दिया गया। पीडीए सचिव अजित कुमार सिंह ने कहा, महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धाल-ुओं के आने की संभावना है। उनके आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण के साथ ही सौंदर्यीकरण पर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण सभी परियोजनाओं को समय पर पूर्ण कर श्रद्धालुओं और पर्यटकों के अनुभव को यादगार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बटेंगे तो कटेंगे पर मायावती ने भी गढ़ा समानांतर नारा

# बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे



**लखनऊ, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे के बयान पर पर मायावती ने पलटवार किया है। इस दौरान उन्होंने सपा को भी निशाने पर लिया। कहा कि बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे यह असली नारा है।

उत्तर प्रदेश में इन दिनों उप-चुनावों की हलचल है। इसी कड़ी में शनिवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनावों की घोषणा हो गई है। बीएसपी इन सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसको लेकर भाजपा और एसपी के गठबंधन दलों की नींद उड़ गई है। उपचुनावों के दौरान भाजपा और एसपी अपने-अपने गठबंधन दलों के साथ दोस्ताना मुकाबला करते थे। क्योंकि, बीएसपी आमतौर पर ज्यादा उपचुनाव नहीं लड़ती थी। भाजपा लोगों को गुमराह करने के लिए कह रही है, बटेंगे तो कटेंगे। जबकि एसपी कह रही है जुड़ेंगे तो जीतेंगे। उनके दोहरेपन को ध्यान में रखते हुए यह होना चाहिए, बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे।

उपचुनाव को लेकर यूपी में इन दिनों नारों का दौर चल रहा है। इसको लेकर आए दिन नए पोस्टर भी लगाए जदा रहे हैं। बात शुरू होती है सीएम योगी आदित्यनाथ के एक बयान से। जिसमें उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा था कि बटेंगे तो कटेंगे। सीएम के इस बयान को उस समय और बल मिल गया, जब मथुरा बैठक में आरएसएस ने इसका समर्थन किया। इसके बाद इसपर सपा ने पलटवार किया।

सपा ने लिखा, न बटेंगे न कटेंगे, पीडीए संग रहेंगे। राजधानी में सपा कार्यालय के सामने इसका पोस्टर लगाया गया। प्रदेश में इस बयान ने तूल पकड़ा तो बसपा भी पीछे न रही। अब बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस पर पलटवार किया है। मायावती ने कहा कि बीएसपी से जुड़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने इसे असली नारा करार दिया।



सभी माता-पिता का सपना होता है कि उनका बच्चा सबसे बुद्धिमान हो, पढ़ने-लिखने में सबसे ज्यादा होशियार हो। इसी के चलते वह अपने बच्चों को स्कूल, ट्यूशन, हॉबी क्लासेस में पूरा दिन बच्चों व्यस्त कर देते हैं, ताकि उनका बच्चा भविष्य में सब चीजों के लिए तैयार हो। पेरेंट्स को ध्यान देना चाहिए कि कही उनका बच्चा इतना व्यस्त न हो जाएं, वह अपना बचपन ही कही खो दें। बुद्धिमान बनने की बजाए कुछ और ही बन जाए।

### माता-पिता क्यों करते है ऐसा ?

मां-बाप डरते है कि कहीं इस प्रतियोगिता भरी दुनिया में हमारा बच्चा पिछड़ न जाए। कई माता-पिता सोशल प्रैशर और दूसरों की देखादेखी भी ऐसा करते हैं। कुछ पेरेंट्स सोचते हैं कि जो हम नहीं कर पाए, वह हमारे बच्चे कर लें। वह बच्चों के माध्यम से अपनी अधूरी इच्छाओं को पूरा कर लेंगे।

### संकेत पर ध्यान

बच्चों द्वारा बहुत ज्यादा एक्टीविटीज उनको थका सकती हैं और उनको तनाव दे सकती हैं। यह उनके व्यक्तित्व और सेहत को काफी प्रभावित भी करता हैं। इसलिए माता-पिता को सोचना चाहिए और सचेत हो जाना चाहिए क्योंकि ऐसी स्थिति में बच्चा आपसे दूर अपनी एक नई दुनिया बना लेगा। अपने आपको व्यस्त और अकेला समझने लगेगा।

### बच्चों पर क्या असर होता है?

सुबह से शाम तक भागदौड़ और पढ़ाई में व्यस्त रहने से शारीरिक, मानसिक रूप से थक जाते हैं। वह बात-बात पर चिड़ने लगते हैं। कई बार तो बच्चे एंजायटी या डिप्रेशन से ग्रस्त हो जाते हैं। उनकी इम्यूनिटी कम होने लगती है, जिससे वह बार-बार बीमार पड़ने लगते हैं। बच्चों का फिटनेस लेवल भी बिगड़ने लगता हैं।



### माता-पिता को क्या करना चाहिए

■ बच्चों का एक साथ कई एक्टिविटीज करना उनको गंभीरता में डाल देता हैं, जिससे बच्चा किसी भी चीज पर अच्छे से ध्यान नहीं दे पाता। इसलिए बच्चे पर ज्यादा काम या पढ़ाई या जोर न डालें।
■ कई माता-पिता बच्चों की उम्र और दिलचस्पी का ख्याल किए बिना उन्हें कई एक्टिविटी करने पर जोर देने लगते हैं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए कि उनपर अपनी मर्जी न थोपे।
■ बच्चों की हर एक्टिविटी के लिए समा बनाकर रखें। न ही उन्हें दिनभर टीवी देखने दें और न ही पढ़ाई। बच्चे की दिलचस्पी को देखते हुए उसे उसकी मनपसंद क्लास में डालें।
■ अगर आप अपने बच्चे को सच में ही बुद्धिमान और स्मार्ट बनाना चाहते है तो बेहतर होगा अपनी सोच में बदलाव लाए। अपनी खुशी और इच्छा बच्चे पर थोपने की बजाए उसकी खुशी और क्षमता पर ध्यान दें।

## फ्लू होने पर पेनकिलर लेना दिल पर पड़ सकता है भारी

**नई दिल्ली।** सर्दी-जुकाम या फ्लू जैसे श्वसन प्रणाली से संबंधित संक्रमण के इलाज के लिए दर्द निवारक दवाओं का सेवन भारी पड़ सकता है, क्योंकि इससे दिल का दौरा पड़ने का जोखिम बढ़ जाता है. एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है. निष्कर्ष में पाया गया है कि श्वसन प्रणाली से संबंधित संक्रमण के दौरान नॉन-इंफ्लामेटरी ड्रग्स (एनएसएआईडी) के इस्तेमाल से दिल के दौरे का जोखिम 3.4 गुना बढ़ जाता है.



### डायबिटीज होने पर रखें अपनी डाइट का ध्यान

वहीं, अस्पताल में ग्लूकोज के साथ नस में दी जाने वाली दर्द निवारक दवा से इसका खतरा 7.2 गुना बढ़ जाता है. ताइपे सिटी में नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के चेंग-चुंग फांग ने कहा, चिकित्सकों को इस बात का पता होना चाहिए कि श्वसन प्रणाली से संबंधित संक्रमण के दौरान एनएसएआईडी के इस्तेमाल से हृदय रोग का जोखिम और बढ़ जाता है.।

वहीं दूसरी ओर, जब मरीज को संक्रमण होता है और उसने कोई दवा नहीं ली, तो एक स्वस्थ व्यक्ति की तुलना में उसे दिल के दौरे का खतरा 2.7 फीसदी अधिक होता है. साथ ही, शोधकर्ताओं का मानना है कि संक्रमण मुक्त होने के लिए मरीज ने जब दवाओं का इस्तेमाल किया, तो उसे दिल के दौरे का खतरा गिरकर 1.5 गुना रह गया. यह अध्ययन पत्रिका इन्फेक्शियस डिजिज में प्रकाशित हुआ है.

## बच्चो के अच्छे स्वास्थ्य के लिए जानिए सेहतमंद आहार

छोटे बच्चे माता पिता की जान होते है। उनकी खुशी और सेहत का ख्याल रखने के लिए पेरेंट्स खूब प्रयत्न करते है। इसके बावजूद भी कुछ बच्चे स्वस्थ नही रहते है और थोड़े से ही मौसम परिवर्तन के चलते बीमार पड़ जाते है। इसके पीछे का कारण बच्चो को दिया गया खान पान है।

बच्चो के स्वस्थ रहने के लिए बहुत जरुरी है की उन्हें पोषण युक्त खाना दिया जाये। बहुत से अभिभावक को इस बारे में जानकारी ना होने के वजह से वो अपने बच्चो को संतुलित आहार नहीं दे पाते और उनके बच्चे बीमार हो जाते है।

बच्चो को खाने में चॉकलेट देने के बजाय, उन्हें अनाज, दूध, अंडे तथा फल खाने को देना चाहिए। बच्चो की अच्छी सेहत के लिए उनका विशेष ख्याल रखने की जरुरत होती है।



### दही

छोटे बच्चे बहुत कुछ उटपटांग खाते रहते है, जिसके चलते उनका पेट बार बार खराब हो जाता है। ऐसे में पेट को सही रखने के लिए दही फायदेमंद होता है। यह अच्छे बैक्टीरिया का एक बड़ा स्रोत भी है। यदि आप अपने बच्चे को रोजाना एक कप दही खिलाते है तो यह आपके बच्चे की दैनिक डेयरी उत्पाद की जरुरत को पूरा कर देता है। और हम आपको बताना चाहते है की एक कप दूध में दही की तुलना में अधिक कैल्शियम होता है।

अपने बच्चे को एकदम मलाई वाला दही देने के बजाय लो फेट दही में शहद और फल दे तो यह ज्यादा फायदेमंद होगा।

आप चाहे तो रोटी के साथ भी अपने बच्चे को दही दे सकते है।

### फल

बहुत से पेरेंट्स अपने बच्चो को फलो का जूस देते है। लेकिन इसके बजाय यदि आप उन्हें फल देंगे तो ज्यादा बेहतर होगा। शाम को नाश्ते में फल देना तो उनके लिए बहुत ही फायदेमंद है। उन्हें खाना खाने के 2 घंटे पहले खाने के लिए फल दे, वेसे भी बच्चो को शाम को भूख लगती है।

यदि आप उन्हें सेब देंगे तो उनका पेट भी भरेगा और उन्हें खाने तक बुख भी लगेगी। स्वास्थ्य और पोषण काउंसलर के अनुसार उन्हें कई रंग के फलो को खाने के लिए देना चाहिए। फलो में एंटीऑक्सीडेंट होते है जो उन्हें बीमारियों से लढ़ने की क्षमता देते है। इसलिए उन्हें खाने के लिए अंगूर, सेब, केला, स्ट्रॉबेरी आदि दे।

## ऐसे बनाएं पिता अपने बच्चों से प्यार के रिश्तों को मजबूत



आजकल मार्केट में हर रोज़ कोई न कोई नई टेक्नोलॉजी लांच होती रहती हैं। ऐसी तकनीकों को जानने के लिए छोटे-छोटे बच्चों में बहुत ही जबर्दस्त क्रेज होता है। इसलिए आप इन सब की जानकारी जरूर रखें, ताकि जब आपका बच्चा आपसे कुछ पूछे तो आप उसे बता सकें। जैसे कि नए फोन, गैजेट आदि। ऐसा करने से आप एडवांस होने के साथ ठंडे दिमाग से काम लेने से बच्चो के अच्छे से हैंडल कर सकते हैं।

अगर फादर घर पर फ्री हो, तो उन्हें चाहिए कि अपने बच्चे के साथ लैपटॉप और टैबलेट पर बच्चों के साथ गेम खेल कर अच्छा समय बिताएं। आपको चाहिए कि अपने बच्चों के साथ बॉन्ड बढ़ाने के लिए आप डाईनिंग टेबल पर बैठकर किसी सोशल साइट, टेक्नोलॉजी या फिर उनकी पर्सनल लाइफ की बातें करें। अगर आप बच्चों के साथ अपनी बातें करेगें, तो आप दोनों के रिलेशन पर अच्छा असर पड़ेगा।

### 1. नई तकनीक के बारे में जानें

आजकल बाराज में बहुत सी नई टेक्नोलॉजी आती हैं, जिनमें आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसलिए आपको चाहिए कि आप इन टेक्नोलॉजी के बारे में ज्यादा से ज्यादा ज्ञान रखें ताकि आप अपने बच्चे के साथ अच्छा बॉन्ड बन सकें।

### 2. बच्चों के साथ सोशल साइट पर जुड़ें

ज्यादातर देखने को मिलता हैं कि भारत में बहुत से माता-पिता ऐसे होते हैं, जो कि अपने बच्चों के साथ किसी भी सोशल साइट पर नही जुड़े होते। दूसरे देशों में बच्चों के पेरेंट्स काम-काज करने के साथ-साथ अपने बच्चों के साथ बहुत सी सोशल साइट पर जुड़े होते हैं। ऐसा करने से वह अपने बच्चों के साथ समय भी बिता लेते हैं और बच्चों के काम पर निगाह भी रखते हैं। अगर आप कुछ नया करने के बारे में सोच रहे है तो बच्चों को साथ जरुर इन बात को शेयर करें।

### 3.बच्चों के दोस्तों से मिलें

आप काम में चाहे कितना भी बिजी क्यों ना हों। आपको अपने बच्चों के दोस्तों के बारे में जरूर पता होना चाहिए। जिससे आप अपने बच्चे के साथ-साथ उनके दोस्तों के बारे में भी जान सकें। उनकी सही गलत आदतों को जानें की वह कहीं गलत संगत में तो नहीं पड़ गये।

### 4.बच्चों के मन की बात को समझें

आपका बच्चा अपसे कुछ बोलना चहाता है तो आप उसकी बात को सुने और जानें की वह आपसे क्या बोलना चहाता है। अगर उसकी बात आपको सही लगती है तो आप उसकी बात को पूरा करें। साथ ही उसका वह भी समझायें की कौन सी बात उसके लिए सही है कौन सी गलत।

### 5.उनके सपनों को समझें

बच्चा बड़ा होकर जो भी बनना चहाता है आप उसे जानें। उसकी इस बात को अपनी जिम्मेदारी बना लें और उसके सपने को पूरा करने में आप उसके साथ है अपने बच्चे को इस बात का दिलासा दें। जिससे वह अपनी बातों को आपसे आकर शेयर कर सके।

## खजुराहों की कुछ खास बातें, जिनके कारण है दुनियाभर में फेमस

खजुराहो, मध्य प्रदेश के छत्तरपुर जिले का एक प्रमुख शहर है, जो काफी समय से प्राचीन एवं शानदार मंदिरो के लिए पूरे विश्व मे चर्चित हैं। खजुराहो मंदिर की बेहतरीन एवं आश्चर्यजनक मूर्तियां पर्यटको को अपनी तरफ ध्यान खिंचती है। खजुराहो मंदिर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।

खजुराहो में स्थित अनोखे आकार मे बनाए हुए सभी मंदिर भारत देश के लिए किसी तोहफे से कम नहीं। यहां के सभी मंदिरो को भारतीय कला एवं खूबसूरत पत्थरों से नवाजा गया है। खजुराहो के मंदिरो की कलाकारी देखकर कोई भी उसे बनाने वाले की तारीफ करना चाहेगा। खजुराहो के चंदेल राजाओं दव्रा बनाई गई हर एक मंदिरो में इतनी अच्छी कलाकारी कि गई है जिसे देख एसा लगता मानो मूर्तिया खुद ही बोल उठेंगी।

खजुराहो के मूर्तियों से जुडी ऐसी बहुत सी बातें भी हैं जिनको जानकर आपकी उत्सुकता और भी बढ़ जाएगी। आखिर इस खजुराहों में ऐसा क्या खास है। जानिए खजुराहो के मंदिरों के बारे में कुछ खास बातें जिन्हें आप शायद ही जानते होगे।



### खजुराहो नाम कैसे पड़ा ?

खजुराहो शहर का नाम खजुराहो इसलिए रखा गया क्योकि यह शहर प्राचीन समय में खजुर के पेड़ो से घिरा हुआ रहता था। उस समय में इस शहर को खजुरपुरा नाम से जाना जाता था। जो बाद में खजुराहों नाम से जाना जाने लगा।

### बालुई पत्थरो से बना है यह मंदिर

खजुराहो के अधिकतर मंदिरो को बादामी, गुलाबी और पीले रंगो के बालुई पत्थरो से आकार दिया गया है। जो देखने में बहुत ही सुंदर और अपनी ओर आकर्षित करते है।

### कामुक मूर्तियां

इन मंदिरों में कामुक मूर्तियों को लेकर लोगों के बीच धारणा है कि यहां पर सिर्फ कामुक मूर्तियां ही है, लेकिन ऐसा नहीं है यहां पर सिर्फ 10 प्रतिशत ही कामुक मूर्तियां है। इसके अलावा और मूर्तियां आम आदमी की लाइफस्टाइल से संबंधित है।

### पुरातनता में है सबसे सर्वश्रेष्ठ इमारत

खजुराहो की मंदिरों को भारतीय पुरात्तव सर्वेक्षण द्वारा प्राचीन काल की सबसे संरक्षित इमारत घोषित किया गया हैं।

### मंदिर के अंदर का हिस्सा

सभी मंदिरो के अंदर के कमरे पूर्व एंव पश्चिम की ओर एक दूसरे से मिले हुए हैं। जिसमे प्रवेश द्वार, एक हॉल, एक मंदिर और एक गलियारा हैं।

### देवी-देवताओं की छवियां

खजुराहो मंदिर में बनी देवी- देवताओ की अनेक मूर्तियां आकृर्षित आकार की बनी हुई हैं।

### मंदिरों का विभाजन

मंदिरों को चार भागों मे विभाजित किया गया है। जो कि पूर्वी, पश्चिमी, उत्तरी एवं दक्षिणी है।

### मंदिरों का इतिहास

खजुराहो के मंदिर मध्यकाल मे बनाए गए हैं लेकिन इन्हें फिर से 20वीं सदी में खोज निकाला गया। जिसे संरक्षित किया गया।

### वास्तु प्रतिभा का सबसे बड़ा प्रतीक

खजुराहो का मंदिरों को मध्यकालीन समय के भारतीय वास्तु प्रतिभा का बेहतरीन नमूना माना जाता है।

### मंदिर की संख्या समय के साथ घटती गई

पुराने युग में इस शहर में 85 मंदिर हुआ करते थे, पर अब इनकी संख्या दिनों-दिन घटती जी रही है। इस समय इनकी संख्या 22 ही रह गई हैं। इसका मुख्य कारण प्राकृतिक अपदाएं हैं।



## जीभ का रंग बताएगा आपकी सेहत का हाल, जानें ये संकेत

आपकी जीभ की रंगत से सेहत का अंदाजा लगाया जा सकता है। आपने देखा होगा कि कभी-कभी आप जब डॉक्टर के पास जाते हैं तो वह जीभ दिखाने को बोलते हैं। जीभ देखकर वह अंदाजा लगाते हैं कि क्या समस्या हो सकती है और आपकी सेहत कैसी है।

जीभ का रंग और उस पर जमी परत कई बार बीमारियों के संकेत देती हैं, आप भी इन संकेतों को जानकर खुद को अलर्ट रख सकते हैं।

### जानें ये खास संकेत

1- अगर आपकी जीभ का रंग हल्का गुलाबी है और उस पर दाग धब्बे नहीं हैं तो यह स्वस्थ जीभ की निशानी है। ऐसी जीभ नम होती है।

2- दवाओं का साइड इफेक्ट होता है तो जीभ बैंगनी या नीले रंग की हो जाती है। अगर जीभ का रंग ऐसा है तो यह बिटामिन बी 2 की कमी, शरीर में दर्द और सूजन का संकेत है। इसके अलावा यह नर्वस सिस्टम में गड़बड़ी का भी संकेत करता है।

3- चमकते लाल रंग वाली जीभ का मतलब बुखार, अंदरूनी चोट या संक्रमण हो सकता है। बिटामिन बी और आयरन की कमी का भी संकेत है।

4- जीभ पर पीले रंग की परत सर्दी, वायरल इंफेक्शन, आंतों की समस्या और अपच का संकेत देती है। बिटामिन बी 12 की कमी भी हो सकती है।

5- जीभ में छोटे-छोटे दरार जैसे निशान दिखाई दें तो समझ लें कि आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हुई है। आप अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

6- अगर आपकी जीभ पर सफेद रंग की मोटी परत है तो यह खराब पाचन और एसिडिटी का संकेत है। यह वायरल इंफेक्शन का भी इशारा हो सकता है।

7- अगर आपकी जीभ का रंग हल्का पीला है तो संभल जाएं क्योंकि यह खून की कमी, आंतों की सूजन, पीलिया, कमजोरी, थकान या नींद की कमी हो सकती है।

8- महिलाओं में जब मासिक धर्म की शुरुआत होती है तो जीभ का अगला हिस्सा लाल हो जाता है। इसके अलावा यह शरीर में कमजोरी और मानसिक परेशानी का लक्षण है।

## पुराने बर्तनों को नया बनाने का ये है आसान तरीका



बर्तन चमकाना बड़ा मुश्किल काम है. उस पर अगर बर्तन जल जाए तो और मुसीबत हो जाती है. अगर आपके बर्तन भी जल गए हैं और अपनी उम्र से कुछ ज्यादा ही पुराने लगने लगे हैं तो यहां उन्हें नया बनाने के तरकीब लेकर हम आए हैं.

यहां कुछ ऐसे टिप्स दिए जा रहे हैं, जिससे आपके बर्तन और आपका किचन चमकने लगेगा.

■ कांच के बर्तन और कप की सफाई के लिए रीठे के पानी का इस्तेमाल करें.

■ बर्तनों पर जमे मैल को साफ करने के लिए पानी में थोड़ा-सा सिरका व नींबू का रस डालकर उबाल लें.

■ पीतल के बर्तन साफ करने के लिए नींबू को आधा काट लें व इस पर नमक छिड़ककर बर्तनों पर रगड़ने से वे चमकने लगते हैं.

■ एल्यूमीनियम के बर्तनों को चमकाने के लिए बर्तन धोने वाले पाउडर में थोड़ा-सा नमक मिलाकर बर्तनों को साफ करें.

■ जले हुए बर्तनों को साफ करने के लिए उसमें एक प्याज डालकर अच्छी तरह उबाल लें. फिर बर्तन साबुन से साफ करें.

■ वुलेन से दाग निकलने का ये है सबसे आसान तरीका

■ चिकनाई वाले बर्तनों को साफ करने के लिए सिरका कपड़े में लेकर रगड़ें, फिर साबुन से अच्छी तरह धोएं.

■ प्रैशर कुकर में लगे दाग-धब्बों को साफ करने के लिए कुकर में पानी, 1 चम्मच वॉशिंग पाउडर व आधा नींबू डालकर उबाल लें. बाद में बर्तन साफ करने की वाले स्क्रबर से हल्का रगड़कर साफ कर लें.

■ प्याज का रस और सिरका बराबर मात्रा में लेकर स्टील के बर्तनों पर रगड़ने से बर्तन चमकने लगते हैं.




# इस्कॉन बांग्लादेश ने लगाए गए झूठे आरोपों का किया खंडन, कहा केवल इस्कॉन की छवि को धूमिल करना और अशांति फैलाना मकसद

**ढाका । 02 नवंबर (एजेंसियां) ।** इस्कॉन बांग्लादेश ने इस्कॉन के खिलाफ फैलाए जा रहे भ्रामक और बेबुनियाद आरोपों का खंडन किया है। इस्कॉन ने शनिवार को कहा कि उनका संगठन हमेशा से ही मानवता, धर्म, शांति और सांस्कृतिक उत्थान के लिए कार्यरत है और इन आरोपों का सत्य से कोई संबंध नहीं है। इस संबंध में इस्कॉन बांग्लादेश ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर विज्ञप्ति जारी की। इसमें इस्कॉन बांग्लादेश के वरिष्ठ नेता चक्रपाणि दास ब्रह्मचारी ने कहा कि कुछ समाचार पत्रों और मीडिया के माध्यम से इस्कॉन पर कई झूठे और अपमानजनक आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये आरोप केवल इस्कॉन की छवि को धूमिल करने और समाज में अशांति फैलाने के उद्देश्य से फैलाए जा रहे हैं। उन्होंने इस्कॉन के खिलाफ फैलाए जा रहे भ्रामक और बेबुनियाद आरोपों का खंडन किया है। इस्कॉन का कहना है कि उनका संगठन हमेशा से ही धार्मिक सहिष्णुता, राष्ट्र की एकता और समाज के हर वर्ग में मानवता का प्रचार-प्रसार करता आया है। उन्होंने जनता और संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि वे इन झूठी अफवाहों पर विश्वास न करें और इसके बजाय इस्कॉन के वास्तविक कार्यों और उद्देश्यों को समझें। इसके साथ ही इस्कॉन ने बांग्लादेश सरकार से अनुरोध किया है कि वह इस प्रकार की झूठी और भ्रामक खबरों के प्रचार पर कड़ी निगरानी रखें। संगठन ने इस तरह के प्रचार से जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी की है ताकि इस्कॉन और उसके अनुयायियों की धार्मिक स्वतंत्रता और सम्मान की रक्षा की जा सके। चक्रपाणि दास ब्रह्मचारी ने सभी इस्कॉन भक्तों से शांति बनाए रखने और संगठन के उद्देश्यों के प्रति विश्वास बनाए रखने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### इजराइल के हमले में हमास का मजबूत मोहरा इज अल-दीन कसाब मारा गया



**गाजा।** इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के हमले में आतंकवादी समूह हमास का इस वक्त का सबसे मजबूत मोहरा इज अल-दीन कसाब मारा गया। आईडीएफ को यह सफलता खान यूनिस में मिली। आईडीएफ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर शुक्रवार को इज अल-दीन कसाब के फोटो के साथ इस हमले का संक्षिप्त विवरण जारी किया। आईडीएफ ने कहा कि इस हमले में कसाब मारा गया। वह हमास के राजनीतिक ब्यूरो का सदस्य था। संगठन के भीतर राष्ट्रीय संबंधों के लिए जिम्मेदार था। कसाम गाजा में हमास और अन्य आतंकवादी संगठनों के बीच समन्वय करता था। इसके अतिरिक्त कसाब गाजा में अन्य गुटों के साथ संगठन के रणनीतिक और सामरिक संबंधों के लिए जिम्मेदार था। उसके पास इजराइल के खिलाफ आतंकवादी हमलों को अंजाम देने का निर्देश देने की जिम्मेदारी थी ।

### पूर्व प्रेमी से बदला लेने के लिए पिला दिया जहर मिला सूप,पांच की मौत

**अबूजा।** पूर्व प्रेमी से बदला लेने की सनक में लड़की ने कुछ ऐसा कर डाला, जिसे जानकर लोग सदमे में हैं। इस लड़की ने न सिर्फ अपने पूर्व प्रेमी को मौत के घाट उतार डाला, बल्कि उसके साथ चार अन्य लोगों को भी मार डाला। लड़के की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने लड़की से ब्रेकअप करके नई गर्लफ्रेंड बना ली थी। इसके बाद बदले की आग में तड़प रही लड़की ने बड़े ही शातिर अंदाज में योजना बनाकर उसका काम तमाम कर डाला। उसने लड़के को पीने के लिए जहरीला 'पेपर सूप' दिया था। इस दौरान लड़के कुछ दोस्त भी उसके साथ थे और सबने मिलकर बांटकर इस सूप को पी लिया। जब बहुत देर तक यह लोग घर नहीं पहुंचे तो इनके परिजन तलाश में निकले। जब यह लोग उस घर में गए जहां, इन लड़कों के होने की आशंका थी तो वहां का नजारा देख सभी चीख निकल गई। घटना को लेकर स्थानीय लोग हैरान हैं। यह घटना नाइजीरिया की है। यहां पर एक लड़की का दूसरे से अफेयर था, लेकिन बाद में लड़के के संबंध किसी दूसरी युवती से हो गए। इस बात से पहली लड़की काफी नाराज थी। बदला लेने के लिए उसने लड़के को कुछ दोस्तों के साथ परंपरागत काली मिर्च का सूप पीने के लिए बुलाया। बताया जाता है उसका इरादा केवल अपने पूर्व प्रेमी को मौत के घाट उतारना था। लेकिन उसने अपने साथ वहां गए अन्य दोस्तों से भी जहरीला सूप शेयर कर लिया। इसके बाद पांचों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने लड़की को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में जांच चल रही है। एडो स्टेट पुलिस कमांड के प्रवक्ता मोजेज यामू ने कहाकि अधिकारी समझ रहे हैं मौतें कैसे हुई हैं। हालांकि इसके पीछे की ठोस वजहें तलाशी जा रही हैं।




### कनाडा में स्टडी वीजा अनुपात 70 प्रतिशत घटा

**ओटावा।** कनाडा-भारत के रिश्तों में आए विवाद के चलते कनाडा जाने वाले छात्रों की संख्या में करीब 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। अभिभावक अपने बच्चों को कनाडा पढ़ाई के लिए नहीं भेज रहे हैं, बल्कि दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं। कनाडा जाने वाले लोगों में सबसे ज्यादा पंजाबी हैं। जिसके बाद हरियाणवी और गुजराती भी इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। भारत और कनाडा के बीच चल रहे कूटनीतिक विवाद के चलते भारतीय अपने बच्चों को कनाडा नहीं भेजना चाहते। इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि भारत-कनाडा मौजूदा विवाद का सीधा असर वीजा नीतियों पर पड़ने की संभावना है। ऐसा नहीं है कि कनाडा वीजा नहीं दे रहा, कनाडा वीजा दे रहा है। लेकिन कनाडा जाने वाले बच्चे और उनके अभिभावक इस समय अपने बच्चों को कनाडा नहीं भेज रहे हैं। पिछले साल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत सरकार पर कनाडा की धरती पर खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था। जिसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत ने इन आरोपों का लगातार जोरदार खंडन किया है। विदेश में उच्च शिक्षा के लिए आइलेट्स (इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम) टेस्ट को महत्वपूर्ण माना जाता है। इस बार आइलेट्स देने वालों की संख्या 50 फीसदी घटी है। पहले जहां एक लाख बच्चे आईलेट्स देते थे, वहीं इस साल आधे बच्चे घट गए हैं। सालाना कुल 48 परीक्षा तिथियां तय होती हैं। एक बार पेपर देने के लिए एक टेस्ट का खर्च करीब 17 हजार रुपये आता है। जिसे आईडीपी द्वारा आयोजित किया जाता है।



# कमला और डोनाल्ड के बीच तेज हुई जुबानी जंग

**वाशिंगटन ,02 नवंबर (एजेंसियां) ।** संयुक्त राज्य अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच जुबानी जंग दिलचस्प हो गई। दोनों मतदाताओं के सामने एक-दूसरे को कमतर आंक रहे हैं। खबर की अनुसार कमला हैरिस और डोनाल्ड जे. ट्रंप ने शुक्रवार को रूस और यूक्रेन के युद्ध पर अपनी राय रखी। ट्रंप ने कहा कि वह अगर चुनाव जीते तो यूक्रेन में युद्ध समाप्त होगा। अगर वह राष्ट्रपति होते तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता। वह चुनाव जीते तो तृतीय विश्व युद्ध को नहीं होने देंगे। उल्लेखनीय है कि कमला हैरिस पहले ही कह चुकी हैं कि ट्रंप अगर राष्ट्रपति होते तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब तक कीव में होते। ट्रंप यह क्यों नहीं समझते कि पुतिन किसी के सगे नहीं। पुतिन खुद के लिए ट्रंप को भी धोखा देने से भी नहीं चूकेंगे। कमला हैरिस ने कहा, ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करते हैं कमला हैरिस ने विस्कॉन्सिन में पत्रकारों से कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। अमेरिका को एक ऐसे राष्ट्रपति की जरूरत है, जो आदर्श बनने की हमारे लोगों और बाकी दुनिया के प्रति हमारी जिम्मेदारी एवं भूमिका को समझे। वह राष्ट्रपति बनने पर अपने विरोधियों की बात सुनेंगी। ट्रंप अपना पूरा समय अमेरिकियों को एक-दूसरे पर उंगली उठाने के लिए उकसाने में बिताते हैं। वह अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला लेने का षड्यंत्र रचते हैं। ट्रंप राजनीतिक विरोधियों को अपना दुश्मन मानते हैं। हमेशा बदला लेने की फिराक में रहते हैं। हैरिस ने कहा कि वह लोकतंत्र में भरोसा करती हैं। वह अपने मंत्रिमंडल में रिपब्लिकन नेता को भी शामिल करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके और ट्रंप के बीच यही बड़ा फर्क है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हैरिस की आर्थिक नीतियां आपदा, वह जीते तो चमत्कार करेंगे डोनाल्ड ट्रंप ने मिशिगन के डेट्रॉयट में कहा कि कमला हैरिस की आर्थिक नीतियां आपदा हैं। अगर वह चुनाव जीतते हैं तो नए आर्थिक चमत्कार करेंगे। अमेरिकी उत्पादों के निर्माण एवं उनकी खरीद को बढ़ावा देंगे। अमेरिकी नागरिकों को नौकरी दी जाएगी। उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि हैरिस के विफल आर्थिक एजेंडे ने हाल में प्राइवेट सेक्टर की लगभग 30,000 नौकरियां और पिछले कुछ समय में विनिर्माण क्षेत्र की लगभग 50,000 नौकरियां खत्म कर दीं।



## मोदी की आत्मनिर्भरता वाली नीति अब पाक ने अपनाई, थाईलैंड से किया बड़ा रक्षा सौदा

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रक्षा क्षेत्र को लेकर आत्मनिर्भरता की नीति अपनाते हुए थाईलैंड के साथ हथियारों का एक बड़ा सौदा किया है। आर्म्स डील में 100 चैसेरी फर्स्ट विन 4म4 बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति की जाएगी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की आर्मी ने थाईलैंड की डिफेंस इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह डील 18 सितंबर, 2024 को इस्लामाबाद में हुई थी, लेकिन इसकी जानकारी बहुत कम लोगों को थी। इस सौदे के तहत, टीडीआई बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति पाकिस्तान की रक्षा कंपनी हैवी इंडस्ट्रीज टैक्सिला (एचआईटी) को करेगी। यह डील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भरता अभियान की तरह ही है, जिसके तहत भारत ने अपने रक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए कदम उठाए हैं। इस डील में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर का भी प्रावधान शामिल है, जो एचआईटी को आधुनिक बख्तरबंद वाहनों के उत्पादन में मदद करेगा। शुरुआत में चैसेरी कंपनी द्वारा पाकिस्तानी सेना को वाहनों के एक छोटे बैच की आपूर्ति की जाएगी। बाद में टेक्नोलॉजी ट्रांसफर होगा। थाईलैंड के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह पाकिस्तान सेना के विकास में थाई बख्तरबंद वाहन प्रौद्योगिकी के लाभों को प्रदर्शित करता है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना भारत पीएम मोदी के सत्ता में आने के बाद, भारत ने न केवल विदेशी हथियारों की खरीद पर ध्यान केंद्रित किया, बल्कि देश में हथियार बनाने की क्षमता भी बढ़ाई है। भारत का रक्षा निर्यात पिछले कुछ वर्षों में कई गुना बढ़ गया है, और यह आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नई डील के साथ पाकिस्तान अपनी रक्षा क्षमताओं को और मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, जो क्षेत्र में सुरक्षा संतुलन को प्रभावित कर सकता है। थाईलैंड की इस डील से यह स्पष्ट होता है कि पाकिस्तान अन्य देशों के साथ साझेदारियों की ओर बढ़ रहा है, ताकि अपने रक्षा उद्योग को मजबूत किया जा सके। यह स्थिति भारत के लिए भी एक चेतावनी हो सकती है।

# अमेरिका ने आगाह किया ईरान को, मध्य पूर्व में तैनात होंगे बी-52 बमवर्षक विमान

**वाशिंगटन ,02 नवंबर (एजेंसियां) ।** **संयुक्त राज्य अमेरिका ने मध्य पूर्व में ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के कारण अब इस क्षेत्र में बमवर्षक विमान, युद्धक विमान और नौसेना के विमानों को भेजने का आदेश दिया है। यह जानकारी पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने एक्स हैंडल पर जारी विज्ञप्ति में दी। पेंटागन के प्रेस सचिव राइडर ने कहा कि अमेरिका ने बी-52 बमवर्षक विमान, लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन, टैंकर विमान और नौसेना के विध्वंसक विमानों को तैनात करने का आदेश दिया है। जल्द ही यह विमान यहां से रवाना होंगे। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और उसके स्ट्राइक ग्रुप में शामिल तीन विध्वंसक जल्द ही सैन डिएगो स्थित बंदरगाह पहुंच जाएंगे।**



उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका मध्य पूर्व में अपने नागरिकों और बलों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए रक्षा सचिव ऑस्टिन ने अतिरिक्त बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा विध्वंसक, लड़ाकू स्क्वाड्रन और टैंकर की तैनाती का आदेश दिया है। इजराइल में टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस मिसाइल रक्षा प्रणाली के साथ पूर्वी भूमध्य सागर में डीओडी की निरंतर एम्फीबियस रेडी ग्रुप मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की तैनाती की जाएगी। पेंटागन के प्रेस सचिव के अनुसार, रक्षा सचिव ऑस्टिन ने स्पष्ट किया है कि यदि ईरान फिर इजराइल पर हमला करता है तो अमेरिका हर आवश्यक उपाय करेगा। यहां यह जानना जरूरी है कि पहली अक्टूबर को ईरान ने इजराइल पर 180 से अधिक बैलेस्टिक मिसाइलों से हमला किया था। इस घटना के ठीक 25 दिन बाद इजराइल ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर लड़ाकू विमानों से हमला किया। अब ईरान ने इसका जवाब देने का ऐलान किया है।

## स्पेन में बाढ़ ने मचाई तबाही- पुल ढह गए, कारें बह गईं और 2 सौ लोगों की जान चली गई

**मैड्रिड ,02 नवंबर (एजेंसियां) ।** स्पेन में मूसलाधार बारिश ने ऐसी तबाही मचाई कि यहां पुल ढह गए और कारें भी सैलाब में बह गईं। जबकि अलग अलग जगहों पर दो सौ से अधिक लोगों की जान चली गई। सैकड़ों लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं, जिन्हें तलाशने के लिए हजारों लोग जुटे हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, विनाशकारी बाढ़ से अब तक 205 से अधिक लोगों के मारे जाने की आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। लेकिन राहत और बचाव में जुटे लोग अब भी कुछ लोगों के बचे होने की उम्मीद कर रहे हैं। इसे दशकों बाद आई यूरोपीय देश की सबसे घातक आपदा कहा जा रहा है।

स्पेन की आपदा प्रबंधन से जुड़ी मंत्री फर्नांडो ग्रांडे-मारलास्का ने कहा कि अकेले सिविल गार्ड ने शुक्रवार दोपहर तक 4,500 से अधिक लोगों को बचाया। लेकिन आपदा के तीन दिन बाद, और लोगों के जीवित बचे होने की उम्मीदें कम होती जा रही है। वालेंसिया शहर के कोर्टहाउस को मुर्दाघर में बदल दिया गया है, जहां स्वास्थ्यकर्मी स्मॉक पहनकर सफेद चादर से ढके स्ट्रेचर लेकर जाते नजर आ रहे हैं।बाढ़ के कारण कई क्षेत्र में लोगों को पानी, भोजन या बिजली की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, कई सड़कें और रेलवे ट्रैक भी कीचड़ से दब गए हैं। पत्रकारों ने देखा कि इंजीनियरों ने टूटी-फूटी रेलवे पटरियों पर बिखरी हुई



लावारिस कारों और क्षतिग्रस्त सड़कों और जलमग्न खेतों से टरमैक के स्लैबों को हटाने का काम किया। ऐसा माना जा रहा है कि हजारों लोग बिजली और टेलीफोन नेटवर्क से कटे हुए हैं, लेकिन उम्मीद है कि कनेक्शन बहाल होने के बाद लापता लोगों की अनुमानित संख्या में कमी आएगी। लापता लोगों की ड्रोन से हो रही तलाश दक्षिण में पड़ोसी कैस्टिला-ला मंच और अंडालूसिया के अधिकारियों ने पहले ही अपने क्षेत्रों में संयुक्त रूप से तीन मौतों की घोषणा कर दी थी। हेलीकॉप्टरों, ड्रोनों और खोजी कुत्तों से लैस बचावकर्मी दर्जनों लोगों की तलाश में पानी में उतर मलबे में जिंदगियां तलाश रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि कुछ लोग अभी भी लापता हैं। सरकार ने खोज, बचाव और रसद कार्यों के लिए पहले से मौजूद 1,200 सैनिकों के अलावा प्रभावित क्षेत्रों में 500 अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया है।

## अफ्रीका में एमपॉक्स मामले 500 प्रतिशत बढ़े, 19 देश प्रभावित

**अदीस अबाबा, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** अफ्रीका में एमपॉक्स के पुष्ट मामलों में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में 500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, साथ ही प्रभावित देशों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। यह जानकारी अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) ने दी।

अफ्रीका सीडीसी के चीफ ऑफ स्टाफ नगाशी नगोंगो ने ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि इस वर्ष की शुरुआत से अफ्रीका में 48,093 एमपॉक्स मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 10,372 की पुष्टि हुई है और 1,048 से ज्यादा मौतें हुई हैं। नगोंगो ने कहा, जब हम (इस वर्ष रिपोर्ट किए गए पुष्टि किए गए मामलों) की तुलना 2023 से करते हैं, तो यह 500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। स्थिति अभी भी नियंत्रण में नहीं है। मामले अभी भी आम तौर पर ऊपर जा रहे हैं। मारीशस एमपॉएक्स मामलों की रिपोर्ट करने वाला नवीनतम अफ्रीकी देश बन गया है, जिससे प्रभावित देशों की कुल संख्या 19 हो गई है। अफ्रीका सीडीसी के डेटा से यह भी पता चलता है कि मध्य अफ्रीकी क्षेत्र इस प्रकोप से सबसे अधिक प्रभावित है, जो




सभी रिपोर्ट किए गए मामलों में से 85.7 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।पिछले सप्ताह में, अफ्रीकी महाद्वीप में 2,766 नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें 1,254 की पुष्टि हुई, साथ ही 34 नई मौतें हुईं। उन्होंने कहा कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और बुरुंडी में सभी नए पुष्ट मामलों में से 94 प्रतिशत मामले हैं। एयू की विशेष स्वास्थ्य सेवा एजेंसी ने लाइबेरिया और युगांडा में एमपॉक्स के मामलों में हालिया वृद्धि पर भी चिंता व्यक्त की। नगोंगो के अनुसार, युगांडा में एमपॉक्स के तेजी से फैलने में योगदान देने वाले कुछ जोखिम कारक सीमा पार वाले वायरस और यौन संचरण से संबंधित हैं। एमपॉक्स, जिसे मंकीपॉक्स भी कहा जाता है, पहली बार 1958 में प्रयोगशाला के बंदरों में पाया गया था। यह एक दुर्लभ वायरल बीमारी है जो आमतौर पर शरीर के तरल पदार्थ, श्वसन बूंदों और अन्य दूषित सामग्रियों से फैलती है। संक्रमण आमतौर पर बुखार, दाने और सूजी हुई लसिका का कारण बनता है।

# हिंदुओं को सुरक्षा नहीं दे पा रही यूनुस सरकार, विरोधी इतने की सड़कों पर दिखा भगवा ही भगवा

**ढाका ,02 नवंबर (एजेंसियां) ।** बांग्लादेश की यूनुस सरकार हिंदुओं को सुरक्षा देने में सफल नहीं हो पा रही है। आए दिन हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं और बांग्लादेश सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। वहां रहने वाले हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। उनकी नौकरी जबरन छीनी जा रही है। उनसे इस्तीफा लिया जा रहा है। इन तमाम परेशानियों का सामने कर रहे हिंदुओं ने सुरक्षा और उत्पीड़न रोकने की मांग को लेकर 30 हजार से ज्यादा की संख्या में सड़कों पर उतरे। उन्होंने हिंदू नेताओं के खिलाफ राजद्रोह के मामलों को भी वापस लेने की मांग की।

अल्पसंख्यक समूह बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने कहा कि अगस्त से हमले के 2000 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। हसीना सरकार जाने के बाद से ही पूरे बांग्लादेश में अलग-अलग शहरों में हिंदू संगठन लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी आठ प्रमुख मांगे हैं। वह



चाहते हैं कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कानून, अलग मंत्रालय और उत्पीड़न का मुकदमा चलाने के लिए न्यायिक प्राधिकरण का गठन हो। दुर्गा पूजा के लिए पांच दिन का अवकाश मिले।

हिंदू संगठनों का कहना है कि धर्मनिरपेक्ष शेख हसीना सरकार के जाने के बाद देश में हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ गए हैं। उनके खिलाफ हमले, उत्पीड़न के मामलों में तेजी से इजाफा हुआ है। अगस्त की शुरुआत से अब तक हिंदुओं के खिलाफ ऐसे हजारों मामले सामने आए हैं। ये प्रदर्शन चटगाव में किया गया। उधर, अलग अलग शहरों में भी अल्पसंख्यकों ने सरकार विरोधी प्रदर्शन किए।

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार का हिस्सा रही जातीय पार्टी के ढाका स्थित केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार रात झड़पों के बाद आग लगा दी गई। इसमें पार्टी कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गया। ये पार्टी हसीना सरकार में शामिल रही थी और इस देश की प्रमुख पार्टी बीएनपी के बहिष्कार के बावजूद पिछले तीन आम चुनावों में भाग लिया था। दिवंगत राष्ट्रपति हुसैन मुहम्मद इरशाद द्वारा स्थापित जातीय पार्टी, बांग्लादेश अवामी लीग के नेतृत्व वाले गठबंधन हिस्सा थी।

हंगामा जातीय पार्टी द्वारा शनिवार को ढाका में एक रैली आयोजित करने के ऐलान के बाद शुरू हुआ। हसीना सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने उनके खिलाफ गुरुवार को एक रैली निकाली थी। जब प्रदर्शनकारी ने ढाका के हृदय स्थल काकरैल इलाके में जातीय पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के सामने से मशाल लेकर गुजरे तो कुछ प्रदर्शनकारी पार्टी के कार्यालयों में तोड़फोड़ की, साइनबोर्ड उखाड़ फेंके और दीवार पर पार्टी के संस्थापक इरशाद की तस्वीर पर स्याही पोत दी।

कट्टरपंथियों के निशाने पर अल्पसंख्यक बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद ही प्रदर्शनकारियों, कट्टरपंथियों ने हिंदू समुदाय को निशाना बनाया था। यहां दुकानों में आगजनी की गई, हिंदू युवतियों, महिलाओं पर अत्याचार हुआ। घरों पर हमला, प्रतिष्ठानों में आगजनी हुई सैकड़ों हिंदुओं की हत्या कर दी गई। अगस्त से ये सिलसिला जारी है।



# ग्लोबल सुपर लीग से पहले लाहौर कलंदर्स के मुख्य कोच बने डैरेन गॉफ

**लाहौर , 2 नवंबर (एजेंसियां) ।** डेरेन गॉफ को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) टीम लाहौर कलंदर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। फ्रैंचाइज़ के साथ उनका पहला काम गुयाना में ग्लोबल सुपर लीग (सीएसएल) होगा, जो 26 नवंबर से शुरू होगा।

यह नियुक्ति कलंदर्स की स्टॉक प्रतियोगिता पीएसएल में अधिक स्थायी भूमिका की प्रस्तावना मानी जा रही है। आकिब जावेद, जिन्होंने आठ साल तक कलंदर्स के लिए मुख्य कोच और क्रिकेट संचालन के निदेशक के रूप में काम किया, ने पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट के साथ पीसीबी में एक नई भूमिका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पद छोड़ दिया। वह अब पाकिस्तान पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए चयन समिति के सदस्य हैं।

कलंदर्स ने 2022 और 2023 में लगातार दो बार पीएसएल खिताब जीता, लेकिन इस साल वे सबसे निचले पायदान पर रहे। आकिब के जाने से फ्रैंचाइज़ में एक जगह खाली हो गई है, जिसे वे अगले साल अप्रैल में पीएसएल शुरू होने से पहले भरना चाहते हैं।

गॉफ, जो 2006 में इंग्लैंड के सबसे ज़्यादा वनडे विकेट लेने वाले गेंदबाज़ के तौर पर रिटायर हुए थे (और जेम्स एंडरसन के बाद अभी भी सूची में दूसरे नंबर पर हैं), इस भूमिका के लिए उत्सुक हैं, जीएसएल को एक उपयोगी अवसर के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्थायी निर्णय लिए जाने से पहले वे अपने पैर जमा सकें। गॉफ ने एक बयान में कहा, लाहौर कलंदर्स द्वारा गुयाना में होने वाली ग्लोबल सुपर लीग के लिए मुख्य कोच बनने के लिए कहा जाना एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं इस अवसर को लेकर बहुत उत्साहित हूँ, क्योंकि मुझे लाहौर में कलंदर्स के साथ कई मौकों पर काम करने का सौभाग्य मिला है, जहाँ मैंने उनके पीडीपी [खिलाड़ी विकास कार्यक्रम] में सहायता की है। उन्होंने कहा,हम जानते हैं कि लाहौर कलंदर्स का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को ऐसे अवसर प्रदान करना है जो उन्हें पहले कभी नहीं मिले – उनके कौशल का विकास करना और उन्हें ऐसे खिलाड़ी बनाना जो कलंदर्स का प्रतिनिधित्व कर सकें और उम्मीद है कि पाकिस्तान क्रिकेट को गौरवान्वित कर सकें। गॉफ ने हाल ही में अपने पुराने क्लब यॉर्कशायर में प्रबंध निदेशक के रूप में काम किया, जिसे दिसंबर 2021 में क्लब पर लगे नस्लवाद के आरोपों के बाद नियुक्त किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### बोका जूनियर्स में शामिल हो सकते हैं स्पेनिश फुटबॉलर सर्जियो रामोस

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्पेन के विश्व कप विजेता सर्जियो रामोस



फ्री ट्रांसफर पर बोका जूनियर्स में शामिल हो सकते हैं। टीवाईसी स्पोर्ट्स के अनुसार, 38 वर्षीय खिलाड़ी ने बोका के अध्यक्ष जुआन रोमन रिक्वेल्मे और मैनेजर फर्नांडो गागो के साथ प्रारंभिक बातचीत की है। पिछले महीने बोका जूनियर्स की कमान संभालने वाले गागो, 2007 से 2012 तक रियल मैड्रिड में रामोस के साथी थे और आउटलेट के अनुसार, दोनों के बीच घनिष्ठ मित्रता बनी हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्यूनस आयर्स के दिग्गजों ने सेंट्रल डिफेंडर को पांच मिलियन यूरो (लगभग 5.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का वार्षिक वेतन देने की पेशकश की है। रामोस, जो 2010 विश्व कप और 2008 और 2012 में लगातार यूईएफए यूरोपीय चैम्पियनशिप जीतने वाली स्पेन टीम का एक अभिन्न अंग थे, जून में सेविला से अलग होने के बाद से किसी क्लब में नहीं हैं।

### संजय मांजरेकर ने की जड़ेजा की तारीफ



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने मुंबई टेस्ट के पहले दिन अपनी शानदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड की टीम को 235 रनों पर सीमित कर दिया। जडेजा ने 5 विकेट लेकर अपने करियर का 14वां पांच विकेट हाल हासिल किया। उनकी इस लाजवाब गेंदबाजी के चलते भारत को मैच में बढ़त बनाने में मदद मिली है। जडेजा के प्रदर्शन को देखकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर भी उनकी प्रशंसा करते नहीं थके। अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर मांजरेकर ने लिखा, मेरे पसंदीदा क्रिकेटर जडेजा के लिए चांद पर हूं! एक फिफर! उसे इसकी जरूरत थी, और टीम को भी। जडेजा ने इस प्रदर्शन के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट में नया कीर्तिमान भी स्थापित किया है। वह अब भारत के लिए टेस्ट में पांचवें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इस उपलब्धि के साथ ही उन्होंने भारतीय दिग्गज जहीर खान और इशांत शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों की सूची में जडेजा अब 314 विकेट के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, और उनसे ऊपर सिर्फ अनिल कुंबले (619), रविचंद्रन अश्विन (553), कपिल देव (434) और हरभजन सिंह (417) हैं। इस सीरीज के दौरान जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 3,000 रन और 300 विकेट का डबल मील का पत्थर भी हासिल किया, जो केवल दो अन्य भारतीय खिलाड़ियों, कपिल देव और रविचंद्रन अश्विन, ने ही किया है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दुर्लभ मानी जाती है और इसे हासिल करने वाले जडेजा इंग्लैंड के इयान बॉथम के बाद सबसे तेज खिलाड़ी हैं। जडेजा की इस उपलब्धि ने भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के बीच उनकी लोकप्रियता को और बढ़ा दिया है। उनकी इस शानदार फॉर्म से भारतीय टीम को भी मजबूत स्थिति में आने का मौका मिल रहा है। जडेजा का यह प्रदर्शन न सिर्फ टीम इंडिया के लिए, बल्कि उनके व्यक्तिगत करियर के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### हेड कोच रिकी पोंटिंग ने बताया क्यो किया 2 ही प्लेयर का रिटेंशन

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 मेगा नीलामी के लिए पंजाब किंग्स के नए मुख्य कोच



रिकी पोंटिंग ने टीम की नई योजनाओं और खिलाड़ियों को बनाए रखने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। पोंटिंग ने इस साल टीम में बड़ा बदलाव करते हुए केवल दो अनकैप्ड खिलाड़ियों प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह को रिटेन किया है, जबकि दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम कुरेन और भारतीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को छोड़ने का साहसिक फैसला लिया है। पोंटिंग ने टीम के भविष्य को लेकर अपने दृष्टिकोण को साझा किया और कहा कि वह पंजाब किंग्स के साथ नई शुरुआत को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, इस बदलाव की शुरुआत आज की रिटेंशन सूची से होती है। हमारी रणनीति स्पष्ट है, और हम नीलामी में आईपीएल इतिहास के सबसे बड़े पर्स के साथ प्रवेश कर रहे हैं। यह हमें अपनी टीम को नए रूप में ढालने और पंजाब किंग्स को पूरी तरह से एक नई पहचान देने का मौका प्रदान करता है। पंजाब किंग्स लंबे समय से आईपीएल के प्लेऑफ में जगह बनाने में असफल रही है। पोंटिंग का मानना है कि टीम को इस बार नया जोश और आक्रामकता देने की जरूरत है।

# आईपीएल 2025 : मेगा नीलामी में पंत, राहुल और ईशान पर बरसेगा धन,10 फ्रेंचाइजी टीमों की ओर से 46 खिलाड़ियों को किया गया रिटेन

**नई दिल्ली , 2 नवंबर (एजेंसियां) ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी से पहले खिलाड़ियों की रिटेंशन लिस्ट जारी हो गई है। मेगा ऑक्शन से पहले 10 फ्रेंचाइजी टीमों की ओर से 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स जैसी फ्रेंचाइजी टीमों ने अपने-अपने कोर ग्रुप को रिटेन किया है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स अब ऑक्शन में नई रणनीति के साथ उतरेंगी।




बता दें कि आईपीएल 2025 की नीलामी में पंजाब किंग्स के पास सबसे ज्यादा 110.5 करोड़ रुपए होंगे। पंजाब किंग्स ने नीलामी से पहले सिर्फ दो खिलाड़ियों शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह को वापस किया था। उधर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास पर्स में 83 करोड़ रुपए बचे हैं, जो दूसरा सर्वाधिक है। ऑक्शन में सबसे कम पर्स 41 करोड़ राजस्थान रॉयल्स के पास रहेगा। बीसीसीआई ने हाल ही में रिटेंशन को लेकर नए नियम बनाए हैं। इसके मुताबिक, एक फ्रेंचाइजी ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ी ही रिटेन कर सकती है। यदि किसी ने टीम 6 से कम खिलाड़ियों को रिटेन किया है, तो उस स्थिति में फ्रेंचाइजी को ऑक्शन के दौरान राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा। आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन इस महीने की आखिर में या दिसंबर की शुरुआत में हो सकता है।

आईपीएल 2025 के लिए मेगा नीलामी में ऋषभ पंत, केएल राहुल और ईशान किशन की अच्छी बोली लगेगी। इन तीनों खिलाड़ियों को उनकी टीमों ने रिटेन नहीं किया है। ऋषभ ने आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की थी, वहीं केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स की कमाल संभाली थी। जबकि ईशान किशन मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे। अब इन तीनों ही खिलाड़ियों पर आईपीएल 2025 की नीलामी में पैसों की बारिश हो सकती है। सबसे बड़ी बात ये है कि पंत-राहुल-ईशान विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। साथ ही ऋषभ पंत और केएल राहुल को तो आईपीएल में कप्तानी का भी अनुभव है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमों को कप्तान की भी तलाश है, ऐसे में पंत और राहुल के लिए नीलामी में बिडिंग वॉर छिड़ सकती है।

ईशान किशन की भी विकेटकीपिंग स्किल शानदार है लेकिन उनकी बल्लेबाजी में उतनी निरंतरता देखने को नहीं मिली है। कई बार सेट होने के बाद वह विकेट गंवाते रहे हैं। हालांकि कुल मिलाकर ईशान की प्रतिभा पर किसी को संदेह नहीं है और वो भी मेगा नीलामी में धूम मचाएंगे। आईपीएल 2025 के लिए कुछ टीमों को ओपनिंग बल्लेबाजों की जरूरत है, जैसे कि लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स। ऐसे में ईशान को खरीदने के लिए भी टीमों के बीच तगड़ी जंग देखने को मिल सकती है।

आईपीएल खिलाड़ियों की रिटेंशन सूची में गुजरात टाइटन्स ने शुभमन गिल 16.5 करोड़, राशिद खान 18 करोड़, साई सुदर्शन 8.5 करोड़, शाहरुख खान 4 करोड़, राहुल तेवतिया 4 करोड़ तो लखनऊ सुपर जायंट्स ने निकोलस पूरन 21 करोड़, मयंक यादव 11 करोड़, रवि बिश्नोई 11 करोड़, आयुष बदोनी 4 करोड़, मोहसिन खान 4 करोड़। वहीं मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पंड्या 16.35 करोड़, सूर्यकुमार यादव 16.35 करोड़, रोहित शर्मा 16.30 करोड़, जसप्रीत बुमराह 18 करोड़, तिलक वर्मा 8 करोड़।

चेन्नई सुपर किंग्स ने ऋतुराज गायकवाड़ 18 करोड़, मथीशा पथिराना 13 करोड़, शिवम दुबे 12 करोड़, रवींद्र जडेजा 18 करोड़, महेंद्र सिंह धोनी 4 करोड़। सनराइजर्स हैदराबाद ने पैट कमिंस 18 करोड़, हेनरिक क्लासेन 23 करोड़, अभिषेक शर्मा 14 करोड़, ट्रेविस हेड 14 करोड़, नीतीश कुमार रेड्डी 6 करोड़। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विराट कोहली 21 करोड़, रजत पाटीदार 11 करोड़, यश दयाल 5 करोड़। दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल 16.50 करोड़, कुलदीप यादव 13.25 करोड़, ट्रिस्टन स्टब्स 10 करोड़, अभिषेक पोरेल 4 करोड़। कोलकाता नाइट राइडर्स सुनील नरेन 12 करोड़, रिंकू सिंह 13 करोड़, आंद्रे रसेल 12 करोड़, वरुण चक्रवर्ती 12 करोड़, हर्षित राणा 4 करोड़, रमनदीप सिंह 4 करोड़। पंजाब किंग्स ने शशांक सिंह 5.5 करोड़, प्रभसिमरन सिंह 4 करोड़। राजस्थान रॉयल्स ने संजू सैमसन 18 करोड़, यशस्वी जायसवाल 18 करोड़, रियान पराग 14 करोड़, ध्रुव जुरेल 14 करोड़, शिमरॉन हेटमायर 11 करोड़, संदीप शर्मा 4 करोड़।

**रिटेंशन के बाद सभी टीमों के बकाया पर्स** - पंजाब किंग्स-110.5 करोड़, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-83 करोड़, दिल्ली कैपिटल्स-73 करोड़, लखनऊ सुपर जायंट्स-69 करोड़, गुजरात टाइटन्स-69 करोड़, चेन्नई सुपर किंग्स-55 करोड़, कोलकाता नाइट राइडर्स-51 करोड़, सनराइजर्स हैदराबाद-45 करोड़, मुंबई इंडियंस-45 करोड़, राजस्थान रॉयल्स-41 करोड़।

# अफगानिस्तान सीरीज के लिए बांग्लादेश की वनडे टीम घोषित, शाकिब अल हसन बाहर

**नई दिल्ली, 2 नवंबर (एजेंसियां) । बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। टीम में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को शामिल नहीं किया गया है। गौरतलब है कि शाकिब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मीरपुर में खेले गए अपने विदाई टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए। इससे पहले बीसीबी के प्रमुख फारुक अहमद ने सभी को इस बारे में जानकारी दी।**



फारुक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, शाकिब अपना विदाई टेस्ट खेलने नहीं आ पाए, जिसके बाद उन्होंने ज्यादा अभ्यास नहीं किया। मुझे लगता है कि उन्हें फिर से संगठित होने के लिए कुछ समय चाहिए।

सलामी बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांतो टीम की अगुआई करेंगे और ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज दौरे पर उनके डिप्टी होंगे। राष्ट्रीय टीम ने इस सीरीज के लिए बाएं हाथ के बल्लेबाज जाकिर हसन और बाएं हाथ के स्पिनर नसुम अहमद को वापस बुलाया है।

अफगानिस्तान नवंबर में संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

दोनों टीमों के बीच पहला एकदिनी 06 नवंबर, दूसरा 09 नवंबर और तीसरा 11 नवंबर, 2024 को खेला जाएगा।

अफगानिस्तान सीरीज के लिए बांग्लादेश की वनडे टीम इस प्रकार है: - सौम्य सरकार, तनजीद हसन तमीम, जाकिर हसन, नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), मुश्फिकुर रहीम, महमुदुल्लाह रियाद, तौहीद हृदोय, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, नाहिद राणा।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत को मनाने में लगा पाकिस्तान, अब दिया ऑफर

**क्रिकेट मैच देखने हम भारतीय फैंस को तुरंत जारी करेंगे वीजाः नकवी**



**नई दिल्ली , 2 नवंबर (एजेंसियां) ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष और केंद्र सरकार में मंत्री मोहसिन नकवी ने अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने पाकिस्तान आने के इच्छुक भारतीय फैंस के लिए तुरंत वीजा जारी करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने अमेरिका के सिख तीर्थयात्रियों के एक समूह के साथ बैठक के दौरान यह आश्वासन दिया। नकवी ने कहा कि पीसीबी को उम्मीद है कि चैंपियंस ट्रॉफी के मैच देखने बड़ी तादाद में भारत के क्रिकेट प्रेमी पाकिस्तान आएंगे। वह चाहते हैं कि भारतीय फैंस पाकिस्तान आकर लाहौर में इन दोनों देशों के बीच होने वाले मैच को देखें। मीडिया रिपार्ट में नकवी के हवाले से कहा गया है कि हम भारतीय फैंस के लिए टिकटों का एक विशेष कोटा रखेंगे और हम जल्द से जल्द वीजा जारी करने उपयुक्त कदम उठाएंगे। पाकिस्तान अगले साल फरवरी मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अब तक इसका कार्यक्रम जारी नहीं किया है क्योंकि वह इस बात की पुष्टि चाहता है कि भारत सरकार इस टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देगी या नहीं। बता दें कि बीसीसीआई ने पहले ही कह दिया है कि वह भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं भेजेगा। भारत ने न्यूट्रल वेन्यू के लिए कहा है। 2023 वनडे एशिया कप में भी भारत के मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले गए थे। पीसीबी ने चैम्पियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंप दिया है जिसमें भारत के सारे मैच, सेमीफाइनल और फाइनल लाहौर में होंगे। भारत और पाकिस्तान का मैच एक मार्च को होना है। यब देखना होगा कि भारत सरकार टीम को वहां पर भेजने की इजाजत देगी या नहीं।

**टीम इंडिया का रखेंगे अच्छे से ख्याल: अकरम**

वहीं पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि टीम इंडिया अगले साल फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अगर पाकिस्तान आती है तो उनका बहुत अच्छे से ख्याल रखा जाएगा और यह क्रिकेट के लिए यह अच्छी बात होगी।

# यूएसपीएल ने सीजन 3 के लिए की कमेंटरी पैनल की घोषणा

**पॉल निक्सन, कायनात वकार और जॉन केंट निभाएंगे यूएसपीएल सीज़न 3 के कमेंटरी पैनल में मुख्य भूमिका**




**फ्लोरिडा , 2 नवंबर (एजेंसियां) ।** ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में 22 नवंबर से 1 दिसंबर तक शुरू हो रही यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) ने सोमवार को सीज़न 3 के लिए एक स्टार-स्टडेड कमेंट्री पैनल की घोषणा की। पैनल में पूर्व खिलाड़ी मोनाली पटेल, पॉल निक्सन, कायनात वकार, मैरी केली और जॉन केंट शामिल हैं। इनके अलावा शानदार व्यक्तित्व और क्रिकेट की गहरी समझ के लिए प्रसिद्ध ग्रेस बोलिंजर भी पूर्व क्रिकेटरों के साथ कमेंट्री बॉक्स साझा करते हुए नजर आएंगी।


पैनल को लेकर यूएसपीएल के संस्थापक और अध्यक्ष जयदीप सिंह ने कहा, हम सीजन 3 के लिए इतनी विविध और अनुभवी कमेंटरी टीम पाकर बहुत रोमांचित हैं। खेल के प्रति उनका संयुक्त ज्ञान और समझ दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए एक शानदार अनुभव होगा।

यूएसपीएल अपने हर सीज़न के साथ ही और भी बड़ा और बेहतर होता जा रहा है। हाल ही में न्यू जर्सी में आयोजित नीलामी के दौरान कई प्रमुख खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। सीजन 3 में भाग ले रही सभी 6 फ्रेंचाइजी, कैरोलिना ईगल्स, अटलांटा ब्लैककैप्स, कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स, मैरीलैंड मेवरिक्स, न्यू जर्सी टाइटन्स और न्यूयॉर्क काउबॉय ने इस महीने की शुरुआत में हुई नीलामी के दौरान नए खिलाड़ियों के साथ अपनी टीमों को और मजबूत किया है।

फ्लोरिडा, मियामी के खूबसूरत ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में शुरू हो रहे यूएसपीएल सीज़न 3 में लगभग लगभग एक महीना बचा है। जहां एक तरफ सभी टीमों ने सीज़न 3 के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है, तो वहीं प्रशंसकों को भी इस धमाकेदार लीग का खासा इंतजार है।

# विश्व कप क्वालीफायर्स के लिए नेमार, एंड्रिक ब्राजील की टीम से बाहर

**रियो डी जेनेरियो , 2 नवंबर (एजेंसियां) । अनुभवी फारवर्ड नेमार और रियल मैड्रिड के युवा एंड्रिक को वेनेजुएला और उरुग्वे के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल नहीं किया गया है। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।**



128 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 79 गोल के साथ ब्राज़ील के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर नेमार, लगभग एक साल पहले एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के बाद पिछले महीने अपने क्लब अल हिलाल के लिए एक्शन में लौटे।

ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने कहा कि 14 नवंबर को वेनेजुएला के साथ होने वाले मैच और पाँच दिन बाद उरुग्वे के खिलाफ होने वाले घरेलू मैच के लिए 32 वर्षीय खिलाड़ी को वापस बुलाना बहुत जल्दबाजी होगी।

डोरिवल ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वह पूरी तरह से ठीक हो गया है, लेकिन उसने सिर्फ़ कुछ मिनट ही खेले हैं, और यही एक बड़ी वजह थी। अगले साल तक, उसके पास खेलने के लिए ज़्यादा समय होगा, वह पूरी तरह से अपना आत्मविश्वास हासिल कर लेगा।

18 वर्षीय फ़ॉरवर्ड एंड्रिक, जिसने अपने पहले पाँच अंतरराष्ट्रीय मैचों में तीन गोल किए, चिली और पेरू के खिलाफ़ ब्राजील के अक्टूबर क्वालीफ़ायर में सिर्फ़ 26 मिनट खेले।

रियल मैड्रिड के साथ भी उन्हें मौके नहीं मिल पाए, पिछले तीन मैचों में स्पेनिश क्लब के लिए वे स्थानापन्न खिलाड़ी नहीं रहे।

ब्राजील वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ज़ोन स्टैंडिंग में 10 खेलों में 16 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है, जो लीडर अर्जेंटीना से छह अंक पीछे है। समूह की शीर्ष छह टीमें संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में 2026 विश्व कप के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई करेंगी। सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतर-महाद्वीपीय प्लेऑफ़ में आगे बढ़ेगी।

**ब्राज़ील की टीम इस प्रकार है-:**

**गोलकीपर:** वेवर्टन (पालमीरास), बेंटो (अल-नासर), एडरसन (मैनचेस्टर सिटी)।

**डिफेंडर्स:** डेनिलो (जुवेंटस), वेंडरसन (मोनाको), अबनेर (ल्योन), गुइलहर्मे अराना (एटलेटिको माइनिरो), मुरिलो (नॉटिंघम फॉरेस्ट), एडर मिलिटाओ (रियल मैड्रिड), गेब्रियल मैगलहेस (आर्सेनल), मार्क्विनहोस (पेरिस सेंट-जर्मेन)।

**मिडफील्डर:** आंद्रे (वॉल्वरहैम्प्टन), ब्रूनो गुइमारेस (न्यूकैसल), गर्सन (फ्लेमेंगो), लुकास पाक्वेटा (वेस्ट हैम), एंड्रियास परेरा (फुलहम), रफिन्हा (बार्सिलोना)।

**फॉरवर्ड:** रोड्रिगो (रियल मैड्रिड), विनीसियस जूनियर (रियल मैड्रिड), लुइज़ हेनरिक (बोटाफोगो), इगोर जीसस (बोटाफोगो), एस्टेवाओ (पाल्मेरास), सविन्हो (मैनचेस्टर सिटी)।



# गोवर्धन पूजा के दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी आई गिरावट

**नई दिल्ली,02 नवंबर (एजेंसियां)।** घरेलू सर्राफा बाजार में गोवर्धन पूजा के दिन गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव 710 से 790 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गए हैं। इसी तरह चांदी भी 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 81 हजार रुपये के स्तर से नीचे लुढ़क कर 80,700 रुपये से लेकर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 74 हजार के स्तर से फिसल कर 73,990 रुपये से लेकर 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत घट कर 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी कीमत में गिरावट आने के कारण सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 73,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### रूसी प्रतिष्ठानों का समर्थन करने पर अमेरिका ने 15 भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस के सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों का कथित तौर पर सहयोग करने के आरोप में भारत की 15 इकाइयों समेत 275 लोगों एवं इकाइयों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि चीन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड और तुर्किए की कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसकी वजह यह है कि ये कंपनियां रूस को उन्नत प्रौद्योगिकी और उपकरण प्रदान कर रही हैं जिनका उपयोग रूस अपने युद्ध तंत्र को चलाने में कर रहा है। वित्त विभाग की तरफ से जारी सूची में भारत स्थित कंपनियों- आभार टेक्नोलॉजीज एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डेनवास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एमसिस्टेक, गैलेक्सी बियरिंग्स लिमिटेड, ऑर्बिट फिनट्रेड एलएलपी, इनोवियो वेंचर्स, केडीजी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड और खुशबू होनिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम शामिल हैं इनके अलावा लोकेश मशीन्स लिमिटेड, पॉइंटर इलेक्ट्रॉनिक्स, आरआरजी इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, शार्पलाइन ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड, शौर्य एयरोनॉटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड और श्रेया लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड को भी प्रतिबंधित सूची में रखा गया है। इससे पहले अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए लगभग 400 संस्थाओं एवं व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। बयान के मुताबिक वैश्विक कर चोरी नेटवर्क को बाधित करने के अलावा इस कार्रवाई के तहत रूस के सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए प्रमुख सूचना और अन्य सामग्री के घरेलू रूसी आयातकों और उत्पादकों पर भी निशाना लगाया गया है। वित्त उपमंत्री वैली अडेयेमो ने कहा कि अमेरिका और हमारे सहयोगी रूस को यूक्रेन के खिलाफ अवैध और अनैतिक युद्ध के लिए जरूरी महत्वपूर्ण उपकरणों और प्रौद्योगिकियों का प्रवाह रोकने के लिए दुनिया भर में निर्णायक कार्रवाई करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि हम रूस की युद्ध मशीनरी को सुसज्जित करने की क्षमता को कम करने और हमारे प्रतिबंधों एवं निर्यात नियंत्रणों को दरकिनार कर या उनसे बचकर उसकी सहायता करने की कोशिश करने वालों को रोकने के अपने संकल्प में अडिग हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने तीसरे पक्ष के कई देशों में प्रतिबंधों से बचने और धोखाधड़ी को भी निशाना बनाया है। इनमें चीन स्थित कई कंपनियां शामिल हैं जो दोहरे उपयोग वाले सामान का निर्यात करती हैं जो रूस के सैन्य-औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने में सहयोग देती हैं। अमेरिका ने रूसी रक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारियों और रक्षा कंपनियों तथा रूस के भविष्य के ऊर्जा उत्पादन और निर्यात का समर्थन करने वाली कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाए हैं ।

### आईआईएम कलकत्ता ने एमबीए के लिए 100 फीसदी प्लेसमेंट प्राप्त किया

**कोलकाता।** आईआईएम कलकत्ता ने अपने प्रमुख एमबीए कार्यक्रम के 61वें बैच के लिए 100 प्रतिशत



ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट हासिल किया है। इसके तहत 475 छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों की 175 कंपनियों में 564 पेशकश मिली हैं। संस्थान ने एक बयान में यह जानकारी दी। प्लेसमेंट सप्ताह 25 अक्टूबर को पूरा हुआ। औसत मासिक वेतन 1.89 लाख रुपये और मध्य वेतन दो लाख रुपये प्रति माह रहा। दोनों मानकों पर संस्थान ने नया रिकॉर्ड बनाया। घरेलू फर्मों में अधिकतम मासिक वेतन 3.67 लाख रुपये प्रति माह था, जबकि अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में यह 6.75 लाख रुपये प्रति माह था। प्लेसमेंट गतिविधियों के एक अधिकारी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप प्रस्तावों के परिणाम ने एक बार फिर अत्यधिक प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में हमारे छात्रों की भविष्य के लिए तैयारी को प्रदर्शित किया है ।

### बड़ी सीमेंट कंपनियों का वॉल्यूम बढ़ा, छोटी का कम रहा

**नई दिल्ली।** सितंबर-2024 में समाप्त तिमाही (दूसरी तिमाही) में शीर्ष चार सीमेंट विनिर्माताओं में से तीन ने वृद्धि दर्ज की है, जबकि उद्योग का प्रदर्शन धीमा रहा और अपेक्षाकृत छोटी कंपनियों के लिए यह नकारात्मक रहा। अल्ट्राटेक सीमेंट, डालमिया भारत (सीमेंट), अंबुजा सीमेंट्स, सागर सीमेंट्स, नुवोको विस्टास कॉर्प, जेके सीमेंट और हाइडलबर्ग सीमेंट कुछ ऐसी कंपनियां हैं, जिन्होंने अब तक दूसरी तिमाही में आंकड़ों की सूचना दी है। इनमें से अल्ट्राटेक, डालमिया और अंबुजा सीमेंट्स केवल तीन ऐसी कंपनियां हैं, जिन्होंने एक साल पहले की तुलना में बिक्री में वृद्धि की दर्ज की है। विश्लेषकों के साथ बातचीत में अल्ट्राटेक सीमेंट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चुनाव से पहले की नरमी के बाद अप्रैल, जून में नरमी, चुनाव और फिर मॉनसून देश भर के उद्योग की मांग वृद्धि के कारणों के रूप में अनुमानित रूप से स्थिर से मामूली नकारात्मक है। इसी तिमाही में अल्ट्राटेक ने एक साल पहले की तुलना में वॉल्यूम में तीन प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### 53 ऐतिहासिक...

एएमएएसआर अधिनियम के प्रावधान के तहत केंद्र द्वारा संरक्षित स्मारकों की स्वामित्व स्थिति को किसी भी सूरत में बदला नहीं जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के संरक्षण में वक्फ बोर्ड की मनमानी कुछ अधिक ही बढ़ी हुई है। इससे पहले उसने विजयपुरा जिले में किसानों की 1500 एकड़ जमीन पर अपना दावा ठोक दिया था। हाल ही में वक्फ ने हावेरी में एक गांव पर भी अपना दावा कर दिया है। इसके बाद भड़के लोगों ने मुस्लिम नेताओं पर हमला कर दिया था। कर्नाटक के हावेरी जिले के एक गांव में हिंदुओं को अपने मंदिर और जमीन वक्फ द्वारा हथियाए जाने का डर सता रहा है। हिंदुओं का आरोप है कि उनके गांव के मुस्लिमों के जमीनों को वक्फ को देने के लिए याचिका भी लगाई है। खौफ में आए हिंदुओं से मुस्लिमों का विवाद भी हुआ और पत्थर भी चले। हावेरी जिले के कडाकोल गांव में बुधवार 30 अक्टूबर की देर रात मुस्लिमों ने हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर के परिसर और उसके आस-पास की जमीन को वक्फ जमीन घोषित कर उस पर कब्जा करना शुरू कर दिया। गांव के हिंदुओं ने विरोध किया तो मुस्लिमों ने बवाल खड़ा कर दिया। इसके बाद गांव में पथराव चालू हो गया। कडाकोल गांव में एक मोटरसाइकिल भी जलाई गई। पथराव में 5 लोग घायल हुए हैं। इनमें से गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज के लिए हुबली भेजा गया है। प्रशासन ने मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया है। गांव में रिजर्व पुलिस की भी बटालियन लगा दी गई है। लड़ाई झगड़े के बाद पुलिस ने लगभग 32 लोगों को पकड़ा है। इनमें से अधिकांश हिंदुओं को गिरफ्तार किया गया। गांव के हिंदुओं ने जमीनों के रिकॉर्ड बदले जाने की शिकायत की है। उनका कहना है कि राज्य वक्फ मामलों के मंत्री जमीर अहमद के आदेश के बाद जमीन के रिकॉर्ड बदले जा रहे हैं। इसके लिए आदेश भी जारी किए गए थे। गांव के हिंदुओं को डर है कि उनका घर तक वक्फ हथिया सकता है।

प्रशासन का कहना है कि वक्फ बोर्ड द्वारा दी गई लिस्ट की सत्यता जांचने के बाद रिपोर्ट भेजने की कार्रवाई चालू है। दावे से ही कोई सम्पत्ति वक्फ की नहीं हो जाती। वहीं वक्फ मंत्री जमीर अहमद खुद भी इस मामले के बाद बैकफुट पर हैं। जमीर अहमद का कहना है कि कडाकोल गांव में हुआ विवाद दुखद है और वक्फ किसानों की जमीन नहीं लेगा। इस बीच भाजपा ने कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए वक्फ के कब्जे को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। हावेरी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री बसावराज बोम्मई ने कहा है कि वक्फ को लेकर जारी किए गए नोटिस तुरंत वापस लिए जाएं।

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने वक्फ पर लोगों को बेघर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, हावेरी के जिला पंचायत सीईओ ने हनुमान मंदिर और दुर्गव्वा मंदिर को अपने नियंत्रण में लेने का आदेश पारित किया है। कल वक्फ बोर्ड के सदस्य वहां कब्जा लेने गए थे और लोगों ने इसका विरोध किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने इसके स्थानीय हिंदुओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है जो 60-70 सालों से वहां रह रहे हैं। प्रल्हाद जोशी ने कहा, वे (वक्फ) हनुमान मंदिर पर कब्जा करना चाहते हैं। वे स्थानीय लोगों को बेघर करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिला पंचायत के सीईओ ने यह आदेश दिया है। मैं सरकार और खास तौर पर पंचायत की कार्रवाई की कड़ी निंदा करता हूं। जमीर अहमद अधिकारियों को निर्दोष हिंदुओं पर कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। कर्नाटक में वक्फ के कब्जे पर विवाद का यह पहला मामला नहीं है। हाल ही में विजयपुरा जिले के टिकोटा तालुक स्थित होनवाड़ा गांव के 1200 किसानों को वक्फ का नोटिस पहुंचा था। वक्फ बोर्ड ने इन सभी किसानों की जमीन पर अपना हक बताया था। यह विवाद भी लगातार बढ़ रहा है। हावेरी जिले में ही वक्फ ने जिले के कोर्ट की जमीन पर ही दावा ठोक दिया है।

### छह सौ परिवार की ...

सोसायटी की सम्पत्ति को अपनी सम्पत्ति घोषित करने का अधिकार दिया गया है। उनका कहना है कि यह प्रावधान प्राकृतिक न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है और गैर-इस्लामिक धर्म के लोगों की सम्पत्ति को लेकर वक्फ बोर्ड को इस प्रकार के अधिकार नहीं दिए जाने चाहिए। इसके अलावा, याचिका में कहा गया है कि वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को कब्जाधारियों को बेदखल करने का अधिकार देना संविधान के अनुच्छेद 300ए का उल्लंघन है।

इस बीच, विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने विवादित जमीन को वक्फ सम्पत्ति न मानते हुए सरकार से इस मुद्दे को जल्द सुलझाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार चाहे तो इस विवाद को दस मिनट में हल कर सकती है। सतीशन ने मुनम्बम में एक बैठक में हिस्सा लिया और आंदोलनरत लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि लोग इस क्षेत्र में पहले से बसे हुए थे, और ऐसी भूमि को वक्फ सम्पत्ति घोषित नहीं किया जा सकता। सतीशन के अनुसार, नासर आयोग जिसे आच्युतानंदन सरकार ने नियुक्त किया था, ने इस जमीन को वक्फ सम्पत्ति के रूप में पहचाना था। उन्होंने कहा कि वक्फ सम्पत्ति बिना किसी शर्त के होती है, जबकि इस जमीन के दस्तावेजों में शर्तें दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि फरूक कॉलेज प्रबंधन ने इस जमीन का कुछ हिस्सा बेच दिया था, जबकि वक्फ सम्पत्ति का वित्तीय लेन-देन संभव नहीं होता।

सतीशन ने यह स्पष्ट किया कि यह विवाद नए वक्फ अधिनियम से जुड़ा नहीं है, और पूर्व की यूडीएफ सरकार ने भी इस जमीन को वक्फ सम्पत्ति न मानने का रुख अपनाया था। बता दें कि करीब पांच साल पहले साल 2019 वक्फ बोर्ड ने दावा किया कि केरल में मुनम्बम, चेराई और पल्लिकाल के इलाके उसकी सम्पत्ति हैं। यह इलाका न केवल केरल के 600 से अधिक परिवारों का घर है, बल्कि यहां विभिन्न धर्मों के लोग रहते हैं, जिनके पास 1989 से जमीन के वैध कागजात हैं। इसके बावजूद, वक्फ बोर्ड ने इस इलाके पर अपना दावा ठोक दिया। इन परिवारों ने अपनी जमीन को वैध रूप से खरीदा था, लेकिन अब उन्हें जबरन खाली करने के आदेश दिए जा रहे हैं, जो उनके संवैधानिक अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है।

### कट्टरपंथियों को ...

नारकेलडांगा पुलिस कार्रवाई करने और भक्तों की सुरक्षा करने में विफल रही। कोलकाता के पुलिस आयुक्त, यदि आप अभी भी अपनी गहरी नींद से नहीं जागे हैं तो आम और निर्दोष भारतीयों के हित में तुरंत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती का अनुरोध करें, जो बार-बार पश्चिम बंगाल में कट्टरपंथियों के हमले का सामना कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने भी पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की। उन्होंने सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की मुखिया एवं राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए उनसे तत्काल कार्रवाई करने या मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का आग्रह किया। मालवीय ने कहा, काली पूजा के दौरान हिंदू मंदिरों और भक्तों पर हमले हो रहे हैं, यह अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। ममता बनर्जी या तो तुरंत कार्रवाई करें या पद छोड़ दें। आपका वोट बैंक बेखौफ होकर उत्पात मचा रहा है और हिंदुओं को निशाना बना रहा है। बहुत हो गया।

इंदौर छतरीपुरा थाना इलाके के रविदास पुरा में दिवाली की शाम को मुस्लिमों ने पटाखे फोड़ने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। यह झगड़ा इतना बढ़ गया कि जमकर पत्थरबाजी हुई, जिससे कई लोगों को चोटें आईं। उपद्रवियों ने वाहनों और दुकानों में भी तोड़फोड़ की और आग लगाई। छतरीपुरा इलाके में कुछ बच्चे दोपहर में पटाखे फोड़ रहे थे। इसी दौरान मुस्लिमों को गुस्सा आ गया और मारपीट तोड़फोड़ शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया, जिसने जल्द ही स्थिति को काबू में कर लिया। घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिवाली की रात को फरीदाबाद के सुभाष कॉलोनी में एक हिंदू लड़का अपने घर के बाहर पटाखे जला रहा था, इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले राज और आशिक की अगुवाई में इस्लामी कट्टरपंथियों के झुंड ने हमला बोल दिया। उन्होंने हिंदू परिवार की लड़की का रेप करने की भी कोशिश की। इस दौरान 40-50 इस्लामी कट्टरपंथियों ने जमकर तांडव मचाया।

दिवाली के मौके पर पटाखे जलाने को लेकर हुए विवाद में चेन्नई के आइस हाउस इलाके में 17 वर्षीय किशोर संदीप की हत्या कर दी गई। दिवाली की रात को जब संदीप अपने मोहल्ले में दिवाली मना रहा था। तभी कुछ बदमाशों ने संदीप को पीटना शुरू कर दिया। संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि संदीप को गवर्नमेंट रॉयपेट्टा अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से स्थानीय निवासियों में आक्रोश फैल गया, जिन्होंने पुलिस को जानकारी दी कि दिवाली के कारण पहले भी विवाद हुआ था।

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में दीपावली के दिन मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने की कोशिश की गई और मंदिर की दीवार पर 786 लिख कर इलाके में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश की गई। इससे हालत तनावपूर्ण हो गए। यह मंदिर देवी मां का है, जो आसपास के गांवों में आस्था का बड़ा केंद्र है। आक्रोशित लोगों ने इसके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने फौरन मंदिर की रंगाई पुताई कराई और उसे शुद्ध कराया। बरेली के ही आंवला थाना क्षेत्र में भी दीवाली पर पटाखे फोड़ने के विवाद में पत्थरबाजी हुई है। हाफिजगंज में दीपावली पर पटाखे फोड़ रहे एक हिंदू युवक के घर पर मुस्लिम भीड़ ने पथराव कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति संभाली।

### भारत को बदनाम...

भारत ने शुक्रवार को कनाडा हाई कमीशन के राजनयिकों को भी तलब किया और उन्हें फटकार लगाई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सोची समझी रणनीति के तहत जानबूझकर गलत बयानबाजी कर रहा है। भारत ने कहा, इंटरनेशनल मीडिया में खबरें प्लांट की जा रही हैं और गलत सूचनाएं लीक की जा रही हैं। यह उसी प्लान का हिस्सा हैं, जो वर्षों से चला आ रहा है। कनाडा सरकार का यह भारत के साथ शत्रुतापूर्ण रवैया है। हमने बार-बार उन्हें चेताया है कि इस तरह की बयानबाजी के गंभीर नतीजे होंगे। कनाडा ने सूचना लीक करते हुए कहा था कि खालिस्तानी आतंकियों को निशाना बनाने के अभियान के पीछे गृह मंत्री अमित शाह का हाथ था। हालांकि उन्होंने इसको लेकर कोई सबूत नहीं दिया। प्रधानमंत्री त्रूदो के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर और डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर ने वॉशिंगटन पोस्ट को सूचना लीक करने की बात भी स्वीकार की थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने कल कनाडाई उच्चायोग के प्रतिनिधि को तलब किया। भारत सरकार कनाडा सरकार में मंत्री डेविड मॉरिसन की ओर से समिति के समक्ष भारत के केंद्रीय गृह मंत्री के बारे में किए गए बेतुके और निराधार आरोपों का सबसे कड़े शब्दों में विरोध करती है। उन्होंने कहा, यह पहले ही साफ हो चुका है कि उच्च कनाडाई अधिकारी जानबूझकर भारत को बदनाम करने और अन्य देशों को प्रभावित करने की एक सचेत रणनीति के तहत अंतरराष्ट्रीय मीडिया को निराधार आरोप लीक करते हैं। इससे वह दृष्टिकोण साबित होता है, जो भारत सरकार ने वर्तमान कनाडाई सरकार के राजनीतिक एजेंडे और व्यवहार पैटर्न के बारे में लंबे समय से रखा है। इस तरह की गैर जिम्मेदाराना हरकतों के द्विपक्षीय संबंधों पर गंभीर परिणाम होंगे।

रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे कुछ वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को हाल ही में कनाडा सरकार की ओर से सूचित किया गया था कि वे अब भी ऑडियो और वीडियो के जरिए निगरानी में हैं। उनकी बातचीत पर भी नजर रखी जा रही है। हमने कनाडा सरकार के सामने औपचारिक रूप से विरोध जताया है, क्योंकि हम ऐसे कामों को प्रासंगिक राजनयिक और वाणिज्य दूतावास सम्मेलनों का घोर उल्लंघन मानते हैं। तकनीकी पहलुओं का हवाला देकर कनाडा सरकार इस तथ्य को उचित नहीं ठहरा सकती कि वह उत्पीड़न और धमकी में लिप्त है। हमारे राजनयिक और वाणिज्य दूतावास कर्मी पहले से ही अलगाववाद और हिंसा के माहौल में काम कर रहे हैं। कनाडा सरकार का कृत्य स्थिति को और खराब कर रहे हैं। यह स्थापित राजनयिक मानदंडों और प्रथाओं के साथ असंगत है।

कनाडा के पार्लियामेंट हिल में दिवाली समारोह रद्द होने की खबरों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमने इस संबंध में कुछ रिपोर्ट देखी हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनाडा में मौजूदा माहौल असहिष्णुता और उग्रवाद के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। कनाडा सरकार द्वारा वीजा की संख्या में कटौती पर रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम कनाडा में काम कर रहे अपने छात्रों और पेशेवरों की भलाई पर नजर रख रहे हैं। उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए हमारी चिंता बनी हुई है।

### भारतीय कंपनिया...

हम तीन प्रमुख बहुपक्षीय अप्रसार निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं- वासेनार व्यवस्था, ऑस्ट्रेलिया समूह और मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था के सदस्य भी हैं, और अप्रसार पर प्रासंगिक यूएनएससी प्रतिबंधों और यूएनएससी संकल्प 1540 को प्रभावी ढंग से लागू कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हमारी समझ यह है कि प्रतिबंधित लेनदेन और कंपनियां भारतीय कानूनों का उल्लंघन नहीं करती हैं। फिर भी, भारत की स्थापित अप्रसार साख को ध्यान में रखते हुए, हम सभी संबंधित भारतीय विभागों और एजेंसियों के साथ मिलकर भारतीय कंपनियों को लागू निर्यात नियंत्रण प्रावधानों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ नए उपायों के बारे में भी सूचित कर रहे हैं। ये उपाय कुछ परिस्थितियों में भारतीय कंपनियों को प्रभावित कर सकते हैं।

जायसवाल ने कहा, भारतीय उद्योगों और हितधारकों के लिए नियमित रणनीतिक व्यापार/निर्यात नियंत्रण आउटरीच कार्यक्रम भारत सरकार की एजेंसियों की ओर से चलाए जा रहे हैं। हम मुद्दों पर अधिक स्पष्टता के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में भी हैं। प्रतिबंधों में नामित भारतीय कंपनी श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि वे भारतीय कानून के तहत काम करती हैं और उनका दावा है कि प्रतिबंधों से उनके व्यवसाय पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मेरठ स्थित श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रवीण त्यागी ने प्रतिबंधों पर कहा, मुझे नहीं पता कि ये प्रतिबंध हम पर क्यों लगाए गए हैं। लेकिन इसका हम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि हम न तो अमेरिका से आयात करते हैं और न ही अमेरिका को निर्यात करते हैं।

टीएसएमडी ग्लोबल के निदेशक राहुल कुमार सिंह ने कहा, मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि अमेरिका ने कंपनी पर प्रतिबंध क्यों लगाया है। हम ऑटोमोबाइल पार्ट्स और कृषि उपकरणों के आपूर्तिकर्ता हैं। हमारी कंपनी का अमेरिका से कोई कारोबार नहीं है। अमेरिकी प्रतिबंध का कंपनी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हम रूसी कंपनियों को ऑटोमोबाइल पार्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कपड़े सप्लाई करते हैं। हम भारत सरकार के खिलाफ काम नहीं कर रहे हैं और कारोबारी मानदंडों के अनुसार काम कर रहे हैं। हम कोई अवैध काम नहीं कर रहे। रूस के साथ हमारा कारोबार पहले की तरह ही जारी रहेगा। इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मनोरंजन शर्मा का कहना है कि ये उपाय 5 नवंबर को अमेरिका में होने वाले अमेरिकी चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास हो सकते हैं।

अमेरिका ने रूस के सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों का कथित तौर पर सहयोग करने के आरोप में भारतीय इकाइयों समेत कुल 275 लोगों व इकाइयों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा है कि चीन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड और तुर्किए की कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसकी वजह यह है कि ये कंपनियां रूस को उन्नत प्रौद्योगिकी और उपकरण प्रदान कर रही हैं जिनका इस्तेमाल रूस अपने युद्ध तंत्र को चलाने में कर रहा है। वित्त विभाग की तरफ से जारी सूची में भारत स्थित कंपनियों में आभार टेक्नोलॉजीज एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डेनवास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एमसिस्टेक, गैलेक्सी बियरिंग्स लिमिटेड, ऑर्बिट फिनट्रेड एलएलपी, इनोवियो वेंचर्स, केडीजी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड और खुशबू होनिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम शामिल हैं। इनके अलावा लोकेश मशीन्स लिमिटेड, पॉइंटर इलेक्ट्रॉनिक्स, आरआरजी इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, शार्पलाइन ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड, शौर्य एयरोनॉटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड और श्रेया लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड को भी प्रतिबंधित सूची में रखा गया है।

इससे पहले बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए लगभग 400 संस्थाओं व व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। बयान के मुताबिक, वैश्विक कर चोरी नेटवर्क को बाधित करने के अलावा इस कार्रवाई के तहत रूस के सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए प्रमुख सूचना और अन्य सामग्री के घरेलू रूसी आयातकों और उत्पादकों पर भी कार्रवाई की गई है।

### अनंतनाग में ...

प्रवासी नागरिकों की हालत अब बेहतर बताई जा रही है।

अनंतनाग में जारी मुठभेड़ को लेकर सेना का बयान आया है। सेना के चिनार कोर ने कहा है कि विशिष्ट इनपुट के आधार पर, भारतीय सेना, जम्मू और कश्मीर पुलिस और श्रीनगर सेक्टर सीआरपीएफ द्वारा जनरल एरिया हलकान गली, अनंतनाग में एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया था। दो नवंबर को हलकान गली के पास संदिग्ध गतिविधि देखी गई और सतर्क सैनिकों द्वारा चुनौती दी गई, जिसके परिणामस्वरूप, आतंकवादियों ने हमारी ही टुकड़ी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। हमारे सैनिकों ने प्रभावी ढंग से जवाबी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप दो आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकियों में से एक विदेशी था, जबकि दूसरा स्थानीय था। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि आतंकी किस समूह से जुड़े थे, इसका पता लगाया जाना अभी बाकी है। सुरक्षा बलों ने इस सूचना के बाद अभियान शुरू किया कि इलाके में कुछ आतंकवादी छिपे हुए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि मध्य कश्मीर के श्रीनगर जिले के खान्यार इलाके में आतंकियों से उस समय आज सुबह मुठभेड़ आरंभ हो गई जब तलाशी अभियान में जुटे सैनिकों पर आतंकियों ने गोलियां बरसानी आरंभ की। अधिकारियों का कहना था कि प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार, इस मुठभेड़ में एक से ज्यादा आतंकियों के शामिल होने की खबर है जिन्हें जल्द ही मार गिराया जाएगा। मुठभेड़ में केरिपुब के दो और कश्मीर पुलिस के एसओजी के दो जवान घायल हो गए। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि जारी मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ और एसओजी के दो जवानों समेत चार लोगों को गोली लगी है। अधिकारी ने बताया कि चारों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद आतंकी घटनाएं बढ़ी हैं। आतंकी टारगेट किलिंग कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर के बाहर के लोगों को निशाना बना रहे हैं। कल ही उन्होंने यूपी के दो लोगों को निशाना बनाया था। दोनों घायल हो गए, लेकिन अब उनकी हालत बेहतर बताई जा रही है। दोनों उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी उस्मान मलिक और सोफियान हैं।

उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर में 16 दिन में कई बड़े आतंकी हमले हुए हैं। 1 नवंबर को बडगाम में 2 गैर कश्मीरियों को गोली मार दी गई थी। 28 अक्टूबर को अखनूर में सेना की एंबुलेंस पर हमला किया गया था। 25 अक्टूबर को सेना के काफिले पर अटैक किया गया था। 24 अक्टूबर को बारामुल्ला सेना की गाड़ी पर हमला किया गया था। 20 अक्टूबर को गंदरबल टनल प्रोजेक्ट पर हमले में 7 लोगों की मौत हो गई थी। 16 अक्टूबर को शोपियां में गैर स्थानीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।उधर, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि चुनाव के बाद आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि इस तरह के तीन-चार हमले हो चुके हैं, जबकि सुरक्षा बल मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं और कई आतंकवादी मारे भी गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा में चूक का सवाल नहीं है, हम पहले की तुलना में जम्मू-कश्मीर में होने वाली गतिविधियों से अधिक परिचित हैं। पहले की तुलना में इस तरह के हमले कम हुए हैं। सुरक्षा बल सतर्क हैं। उन्होंने कहा कि ये हमले तब तक होते रहेंगे, जब तक कि जम्मू-कश्मीर की धरती से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया नहीं हो जाता और यहां विकास भी नहीं हो जाता।

दूसरी तरफ, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर में सरकार गठन के बाद मुठभेड़ों में वृद्धि की जांच की मांग की है। श्रीनगर में अपने आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा, मुझे संदेह है कि सरकार गठन से पहले गोलीबारी में वृद्धि क्यों नहीं हुई। यह पता लगाने के लिए स्वतंत्र जांच होनी चाहिए कि यह कौन कर रहा है। उन्होंने कहा कि खानयार क्षेत्र में फंसे आतंकवादियों को मारा नहीं जाना चाहिए, बल्कि उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए ताकि पता लगाया जा सके कि क्या उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार को अस्थिर करने का काम किसी एजेंसी को सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन फल-फूल रहा है और लोग अपना रुटीन व्यवसाय कर रहे हैं, आतंकवाद अपने सबसे निचले स्तर पर है, इसलिए मैं जांच की मांग कर रहा हूं।

### झारखंड के ...

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि घुसपैठिए लगातार वनवासियों की जमीनों पर कब्जे कर रहे हैं। हालात इतने बुरे हो गए हैं कि वनवासियों का अस्तित्व संकट में है।

# शोभन और सौभाग्य योग में मनाई जाएगी भाई दूज

## आज भाई दूज



दिवाली पर्व के बाद भाई दूज पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल भाई दूज पर्व को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाई को तिलक लगाती हैं और उनके जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहे इसकी कामना करती हैं। ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि इस बार 3 नवंबर 2024 को भाई दूज पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सुबह में 11 बजकर 39 मिनट तक सौभाग्य योग रहेगा। इसके बाद शोभन योग शुरू हो जाएगा। भाई दूज के दिन बहनें अपने भाइयों को घर बुलाकर भोजन करवाती हैं और उनका तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। भाई भी अपनी बहनों को उपहार देकर उसके सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देते हैं। भाई दूज का त्योहार भाई दूज, भैया दूज, भाई टीका, यम द्वितीया, भ्रातृ द्वितीया कई नामों से जाना जाता है। इसे यम द्वितीया, भाऊ बीज, भतरु द्वितीया आदि नामों से जाना जाता है। इस साल भाई दूज का त्योहार 3 नवंबर को है। इस दिन बहनें अपने भाइयों को घर पर आमंत्रित करती हैं, उनका तिलक करती हैं और उन्हें भोजन कराती हैं। बदले में भाई बहनों को उपहार देते हैं।

ज्योतिषाचार्या ने बताया कि भाई दूज के साथ ही पांच दिवसीय दिवाली उत्सव का समापन होता है। भाई दूज का पर्व बहन और भाई के प्रति विश्वास और प्रेम का होता है। हर साल कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन भाई दूज के पर्व मनाया जाता है। देशभर में भाई दूज के पर्व को अलग-अलग नामों से भी जाना जाता है। यह दिन भाई बहन के प्यार और स्नेह के रिश्ते का प्रतीक होता है।

कार्तिक मास द्वितीया तिथि का आरंभ 2 नवंबर को रात 8:22 बजे हो जाएगा और कार्तिक द्वितीया तिथि 3 नवंबर को रात में 10:06 बजे तक रहेगी। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार 3 नवंबर को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन सुबह में 11 बजकर 39 मिनट तक सौभाग्य योग रहेगा। इसके बाद शोभन योग शुरू हो जाएगा। इसलिए भाई दूज के दिन पूजा के लिए सबसे उत्तम मुहूर्त 11:45 मिनट तक रहेगा।

### भाई दूज पूजा विधि

भाई दूज पर शाम को शुभ मुहूर्त में भाई बहन यमराज चित्रगुप्त और यम के दूतों की पूजा करें तथा सबको अर्घ्य दें। बहन, भाई की आयु वृद्धि के लिए यम की प्रतिमा का पूजन कर प्रार्थना करें। इसके बाद बहन, भाई को भोजन कराएं और तिलक लगाएं। इसके बाद भाई अपनी बहन को अपनी इच्छा के अनुसार उपहार दें। इस दिन सभी बहनें अपने हाथ से भाई को भोजन कराएं तो उसकी उम्र बढ़ती है। साथ ही उसके जीवन के सारे कष्ट दूर होते हैं।

### यमुना और यमराज की पूजा का महत्व

प्रचलित कथाओं के अनुसार एक बार यमराज अपनी बहन यमुना से मिलने धरती पर आए। उस दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि थी। भाई को आया देख यमुना ने उन्हें भोजन कराया और तिलक लगाकर आदर सत्कार किया। बहन का प्रेम देखकर यमराज ने कहा कि जो भी व्यक्ति इस तिथि पर यमुना में स्नान करके यम का पूजन करेगा मृत्यु के बाद उसे यमलोक की यातना नहीं सहनी पड़ेगी। तभी से कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यमुना नदी में स्नान कर यमराज की पूजा करने का विशेष महत्व है। स्कंद पुराण में लिखा है कि यमराज को प्रसन्न कर, पूजन करने वाले की हर कामना पूरी होती है।



**नीतिका शर्मा, ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर, अजमेर**

# भैया दूज के दिन शाम के समय करें ये पूजा

## मिलेगी नरक की प्रताड़ना से मुक्ति! जानें शुभ मुहूर्त और विधि

हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के द्वितीया तिथि पर भैया दूज का पर्व मनाया जाता है। इसी दिन भगवान चित्रगुप्त की भी पूजा की जाती है। इस पूजा को खास विधि-विधान से किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि चित्रगुप्त भगवान की पूजा करने से लोगों की हर तकलीफ दूर होती है और उन्हें हर कष्टों से छुटकारा मिलता है।

सनातन धर्म में हर पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। कार्तिक का महीना सनातन धर्म को मानने वाले लोगों के लिए बहुत पवित्र होता है। हिंदू पंचांग के मुताबिक, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को ही चित्रगुप्त पूजा किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि संसार में मनुष्यों के सभी कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले यमराज के सहयोगी व सभी देवताओं के लेखाकार भगवान चित्रगुप्त की पूजा इस दिन की जाती है।

भगवान चित्रगुप्त के साथ उनके प्रतीक कलम और दवात की भी इसी दिन पूजा आराधना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक कलम और दवात की पूजा की जाती है। इस दिन कलम और दवात से लोग नहीं लिखते हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने वाले लोगों को मृत्यु के बाद नरक की प्रताड़ना नहीं भुगतनी पड़ती है।



सनातन धर्म में चित्रगुप्त पूजा का विशेष महत्व दिया गया है। खासतौर पर यह पूजा कायस्थ समाज के लोग शुरू से करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही कायस्थ समाज के लोग बुद्धिजीवी और शिक्षा के प्रति ज्यादा जागरूक रहते हैं। इस कारण भगवान चित्रगुप्त की पूजा कायस्थ समाज के लोग इस दिन नियम पूर्वक करते हैं। इस बार चित्रगुप्त भगवान की पूजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष के द्वितीया तिथि को होगी। इस पूजा के लिए मिथिला पंचांग के मुताबिक शुभ मुहूर्त शाम के 6:00 बजे से लेकर रात 8:30 तक है। इस दौरान लोग भगवान चित्रगुप्त की पूजा आराधना कर उनकी कृपा पा सकते हैं।

# नहीं हो रही शादी? देव प्रबोधिनी एकादशी पर करें ये उपाय

## दूर होगी करियर टेंशन भी...



देवउठनी एकादशी दिन पांच माह बाद देव योग निद्रा से जागेंगे और फिर समस्त मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। हिंदू धर्म में इसे देवोत्थान एकदशी के नाम से भी जाना जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में आने वाली देवउठनी एकादशी मां लक्ष्मी और श्रीहरि विष्णु को प्रसन्न करने के लिए श्रेष्ठ दिन माना जाता है, इसके प्रभाव से बड़े-से-बड़ा पाप भी क्षण मात्र में ही नष्ट हो जाता है।

देवउठनी एकादशी की कथा :- धर्म ग्रंथों के स्वंय श्रीकृष्ण ने देवउठनी एकादशी का महाम्त्य बताया है, इसके अनुसार एक राज्य में एकादशी के दिन प्रजा से लेकर पशु तक कोई भी अन्न नहीं ग्रहण करता था। एक दिन भगवान विष्णु ने राजा की परीक्षा लेने की सोची और सुंदरी भेष बनाकर सड़क किनारे बैठ गए। राजा की भेंट जब सुंदरी से हुई तो उन्होंने उसके यहां बैठने का कारण पूछा। स्त्री ने बताया कि वह बेसहारा है। राजा उसके रूप पर मोहित हो गए और बोले कि तुम रानी बनकर मेरे साथ महल चलो। सुंदर स्त्री के राजा के सामने शर्त रखी कि ये प्रस्ताव तभी स्वीकार करेगी जब उसे पूरे राज्य का अधिकार दिया जाएगा और वह जो बनाए राजा को खाना होगा। राजा ने शर्त मान ली। अगले दिन एकादशी पर सुंदरी ने बाजारों में बाकी दिनों की तरह अन्न बेचने का आदेश दिया। मांसाहार भोजन बनाकर राजा को खाने पर मजबूर करने लगी। राजा ने कहा कि आज एकादशी के व्रत में मैं तो सिर्फ फलाहार ग्रहण करता हूं। रानी ने शर्त याद दिलाते हुए राजा को कहा कि अगर यह तामसिक भोजन नहीं खाया तो मैं बड़े राजकुमार का सिर धड़ से अलग कर दूंगी, राजा ने अपनी स्थिति



बड़ी रानी को बताई। बड़ी महारानी ने राजा से धर्म का पालन करने की बात कही और अपने बेटे का सिर काट देने को मंजूर हो गई। राजा हताश थे और सुंदरी की बात न मानने पर राजकुमार का सिर देने को तैयार हो गए। सुंदरी के रूप में श्रीहरि राजा के धर्म के प्रति समर्पण को देखर अति प्रसन्न हुए और उन्होंने अपने असली रूप में आकर राजा को दर्शन दिए।

विष्णु जी ने राजा को बताया कि तुम परीक्षा में पास हुए, कहो क्या वरदान चाहिए। राजा ने इस जीवन के लिए प्रभू का धन्यवाद किया कहा कि अब मेरा उद्धार कीजिए। राजा की प्रार्थना श्रीहरि ने स्वीकार की और वह मृत्यु के बाद बैंकुठ लोक को चला गया।

### देव प्रबोधिनी एकादशी पर शादी से जुड़े कुछ उपाय:

1. इस दिन तुलसी विवाह कराना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से शादी में आ रही रुकावटें दूर होती हैं और जल्द ही विवाह का योग बनता है।
2. तुलसी को सभी तरह के श्रृंगार से सजाना चाहिए।
3. तुलसी के पौधे में कच्चे दूध में गन्ने का रस मिलाकर अर्पित करना चाहिए।
4. तुलसी के पौधे के सामने पांच देसी घी के दीपक जलाकर आरती करनी चाहिए।
5. तुलसी विवाह के बाद कलश भर के घर में प्रवेश करने से धन की कमी नहीं आती।
6. तुलसी नामाष्टक पढ़ने से शीघ्र विवाह होता है और रिश्तों में मधुरता आती है।
7. जिन लोगों की कन्याएं नहीं होतीं, वे इस दिन तुलसी का विवाह करके कन्यादान का पुण्य प्राप्त कर सकते हैं।

देव प्रबोधिनी एकादशी से जुड़े कुछ और उपाय:

1. इस दिन भगवान विष्णु की पूजा में तुलसी दल का इस्तेमाल ज़रूर करना चाहिए।
2. इस दिन भगवान विष्णु को पीले रंग के फूल अर्पित करने चाहिए।
3. इस दिन भगवान विष्णु को केसर, पीले चंदन, या हल्दी का तिलक लगाना चाहिए।
4. इस दिन भगवान विष्णु का अभिषेक करना चाहिए।

# मंदिर में बजाई जाने वाली घंटी स्वास्थ्य के लिए भी है फायदेमंद

## जानें इसके पीछे का वैज्ञानिक और धार्मिक कारण

अक्सर आपने देखा होगा कि मंदिर में प्रवेश करते ही घंटी बजाई जाती है। भगवान की पूजा से पहले घंटी बजाने की परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। घरों में भी पूजा करते समय घंटी जरूर बजाई जाती है। वहीं आरती करते वक्त भी घरों में घंटी बजाई जाती है। वैसे तो हिंदू धर्म में ये एक आस्था का विषय है। जिसमें कुछ लोगों का मानना है कि घंटी की आवाज से आत्मिक शांति का अनुभव होता है। जहां एक तरफ घंटी बजाने के पीछे एक वैज्ञानिक पहलू छिपा है। वहीं दूसरी तरफ ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मंदिर में घंटी बजाने को बहुत खास माना गया है। तो, चलिए आपको इस बारे में विस्तार से बताते हैं।



### देवी-देवताओं को पसंद होता है संगीत

सनातन धर्म के शास्त्रों के मुताबिक, देवी-देवताओं को संगीत बहुत पसंद आता रहा है। डमरू, घंटा, शंख, वीणा जैसे वाद्य यंत्र हम विभिन्न तस्वीरों में देखते हैं। घंटी भी ऐसा ही एक वाद्य यंत्र माना जाता है। इसे बजाने से देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और मनचाही मुराद पूरी करते हैं। अगर स्कंद पुराण की बात की जाए तो उसमें बताया गया है कि घंटी की ध्वनि से 'ॐ' की ध्वनि उत्पन्न होती है जो मन-मस्तिष्क के लिए बहुत फायदेमंद होती है। माना जाता है कि ॐ के उच्चारण से भगवान प्रसन्न होते हैं।

### विषाणु और सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं

घंटी बजाने के वैज्ञानिक महत्व के बारे में बात की जाए तो बता दें कि इस पर कई वैज्ञानिकों ने रिसर्च की है। इसके मुताबिक, जब घंटी बजाई जाती है तो उसकी आवाज़ से वातावरण में कंपन उत्पन्न होता है। जिससे विशेष प्रकार की तरंगे निकलती हैं। ये तरंगे वायुमंडल में उपस्थित हानिकारक सूक्ष्म जीवों और विषाणुओं को नष्ट कर देती हैं। घंटी की आवाज से वातावरण की नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार घंटी की ध्वनि से व्यक्ति के मन, मस्तिष्क और शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है। इससे पर्यावरण शुद्ध होता है और लोग लंबे वक्त तक फिट रहते हैं।

### 7 सेकेंड तक गूंजती रहती है घंटी

कई रिसर्च से ये भी पता चला है कि मंदिरों की घंटी से निकलने वाली ध्वनि करीब 7 सेकेंड तक गूंजती रहती है। उसकी ये गूंज तन और मन को गहरी शांति प्रदान करती है।

इससे मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही नकारात्मक प्रभाव भी कुछ समय के लिए खत्म हो जाते हैं। मंदिर की घंटी की गूंज मन में उत्साह और खुशी का संचार करती है।



खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ

# अनुपम खेर की विजय 69 का ट्रेलर जारी फिल्म की रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा






अक्षय रॉय द्वारा निर्देशित अनुपम खेर अभिनीत विजय 69 के निर्माताओं ने दिल को छू लेने वाली फिल्म का ट्रेलर जारी किया है। यह फिल्म एक 69 वर्षीय व्यक्ति की अपरंपरागत यात्रा के बारे में बात करती है।फिल्म के निर्देशक ने कहा, विजय 69 जिंदगी में दूसरी बार मिलने वाले मौकों पर आधारित एक फिल्म है। इसमें दिखाया गया है कि हम अपने जीवन में वास्तव में क्या करना चाहते थे और क्या बन गए। यह फिल्म इसके बीच के अंतर के बारे में बात करती है।उन्होंने अनुपम खेर के साथ काम करने को एक शानदार अवसर बताते हुए कहा, उन्होंने (अनुपम खेर) न केवल खुद को पूरी तरह से इस भूमिका के लिए समर्पित किया, बल्कि इस भूमिका में वो गहराई और प्रामाणिकता लेकर आए जो केवल एक खास अभिनेता ही कर पाता है। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स के सहयोग को सफल बनाने के लिए मेरे निर्माता मनीष शर्मा के साथ एक बार फिर काम करना खुशी की बात थी। हमारा इरादा एक ऐसी फील-गुड फिल्म बनाने का था जो उम्मीद है कि सभी पीढ़ियों के दर्शकों को पसंद आएगी।फिल्म में 69 वर्षीय व्यक्ति की अपरंपरागत यात्रा को दिखाया गया है जो ट्रायथलॉन में प्रतिस्पर्धा में शामिल होने की कठिन चुनौती लेता है। इसमें अनुपम खेर विजय की भूमिका निभा रहे हैं, जिनकी उग्र भावना और दृढ़ संकल्प उनके आस-पास के लोगों को यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि किसी भी उम्र में सपनों का पीछा करने का क्या मतलब है।हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर में विजय के चिड़चिड़े बूढ़े से दृढ़ निश्चयी प्रतियोगी बनने की कहानी दिखाई गई है, क्योंकि वह संदेह और उपहास का सामना करने के बावजूद ट्रायथलॉन के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।ट्रेलर में हंसी और संघर्ष की झलक देखने को मिलती है। उनकी इस यात्रा में मिहिर आहूजा उनके साथी बन जाते हैं। चंकी पांडे भी विजय के पुराने दोस्त के रूप में कलाकारों में शामिल होते हैं।नेटफ्लिक्स इंडिया की ओरिजिनल फिल्मों की निर्देशक रुचिका कपूर शेख ने कहा, विजय 69 एक विशेष फिल्म है, जिसे दृढ़ता के शक्तिशाली संदेश के साथ खूबसूरती से तैयार किया गया है। जीवन के इस हिस्से से प्रेरणा लेने वाली यह कहानी सार्थक कहानियां बताने के हमारे जुनून को दिखाती है।विजय 69 की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। इस फिल्म का प्रीमियर 8 नवंबर, 2024 से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।



# प्रतीक बब्बर की नई फिल्म ख्वाबों का झमेला का ऐलान




बॉलीवुड एक्टर प्रतीक बब्बर और एक्ट्रेस सयानी गुप्ता जल्द ही रोमांटिक कॉमेडी फिल्म ख्वाबों का झमेला में एक साथ नजर आएंगे। इस फिल्म को दानिश असलम डायरेक्ट कर रहे हैं, जिसमें कुब्रा सैत भी अहम किरदार में दिखेंगी।प्रतीक बब्बर ने कहा, दर्शकों को हंसाने से ज्यादा मुश्किल कुछ नहीं है। ख्वाबों का झमेला के साथ इस चुनौती के लिए तैयार होना अपने आप में मजेदार था। मैं एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभा रहा हूं, जो नंबर के मामले में तो बहुत अच्छा है, लेकिन भावनात्मक रूप से बहुत कमजोर है।उन्होंने कहा कि यह फिल्म एक मजेदार और दिल को छू लेने वाली यात्रा है, जो उन चीजों के बारे में बात करती है जिनके बारे में ज्यादातर भारतीय चुप रहना पसंद करते हैं।दरअसल, इस फिल्म को भारत और ब्रिटेन में शूट किया गया है, जो जुबिन नाम के शख्स की कहानी है। वह गानों को समझने में माहिर है, लेकिन रोमांस में ज्यादा अच्छा नहीं है।वहीं, फिल्म की एक्ट्रेस सयानी ने कहा, ख्वाबों का झमेला फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत शानदार और मजेदार है। दानिश, अर्पिता और प्रतीक के साथ फिर से काम करना शानदार रहा और एक नई भूमिका निभाना मेरे लिए बिल्कुल नया था।उन्होंने आगे कहा, यह एक ऐसा सब्जेक्ट है, जिसे भारतीय सिनेमा में वास्तव में नहीं दिखाया गया है। दानिश ने इस कहानी को हम सभी के लिए रोमांचक बना दिया।डायरेक्टर दानिश असलम ने इससे पहले इट्स नॉट दैट सिंपल, फ्लेश और ब्रेक के बाद जैसी फिल्में बनाई हैं।दानिश ने कहा, मैं हमेशा से ही अव्यवस्थित और अपरंपरागत रिश्तों की ओर आकर्षित रहा हूं, जो आज के समय में प्यार का लगभग 90 फीसदी है। लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी कहानियां बताने वाली भारतीय फिल्मों की कमी है।डायरेक्टर ने कहा कि प्रतीक, सयानी और कुब्रा के साथ काम करना एक बेहतरीन अनुभव था। उन्होंने कहा, यह फिल्म युवा पीढ़ी के लिए बनाई गई है। जो उस दुनिया में रोमांस के सफर का अहसास कर रहे हैं, जहां नियम बदल गए हैं। और यह कलाकार जितने प्रतिभाशाली हैं, उतने ही पागल भी हैं।बता दें कि फिल्म ख्वाबों का झमेला 8 नवंबर को जियोसिनेमा पर स्ट्रीम होगी।


श्रीनिधि शेट्टी

# गुलाबी साड़ी पहन भोजपुरी क्वीन मोनालिसा ने कराया फोटोशूट

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने कातिलाना अंदाज से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद ही खूबसूरत फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर कहर बरपा रहा है।एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है।अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।बता दें कि मोनालिसा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।तस्वीरों में आप देख सकते हैं मोनालिसा ने गुलाबी और ऑरेंज कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं।खुले बाल, माथे पर बिंदी और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इस साड़ी लुक को बेहद ही खूबसूरत तरीके से निखारा है।मोनालिसा भले ही इन दिनों किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हैं, लेकिन वो आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के अपडेट्स फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# नानी की फिल्म हिट द थर्ड केस में हुई श्रीनिधि शेट्टी की एंट्री!

अभिनेता नानी तमिल सिनेमा का एक प्रमुख चेहरा हैं। अपनी अदाकारी से वह लाखों दिलों पर राज करते हैं। मुश्किल से मुश्किल किरदार को आसानी से निभाने की कला की वजह से प्रशंसक उन्हें प्यार से नेचुरल स्टार कहते हैं। वह इन दिनों अपनी फिल्म फिल्म सारिपोधा सानिवारम की




सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस फिल्म में उन्होंने सूर्या नाम के शख्स का किरदार निभाया है।इस फिल्म के बाद नानी ने कोई ब्रेक नहीं लिया है और अब अपनी आगामी फिल्म हिट द थर्ड केस की शूटिंग में जुट गए हैं। शैलेश कोलानू के निर्देशिन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल विजाग में चल रही है। ताजा चर्चा यह है कि केजीएफ में अपनी भूमिका से लोगों पर अपनी अदाकारी की गहरी छाप छोडऩे वाली श्रीनिधि शेट्टी इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सिद्धू जोनालागड्डा अभिनीत तेलुसु काडा के बाद यह उनकी दूसरी तेलुगु फिल्म है। हिट 3 का निर्माण प्रशांति टिपिरनेनी द्वारा वॉल पोस्टर सिनेमा के तहत, यूनिनस प्रोडक्शंस के साथ मिलकर किया जा रहा है। मिकी जे मेयर इस एक्शन ड्रामा के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं। इस फिल्म को अगले साल रिलीज करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार यह फिल्म 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# स्त्री 2 के मेकर्स की नई हॉरर कॉमेडी फिल्म थामा का ऐलान

स्त्री 2 के मेकर्स दिनेश विजान ने दिवाली से पहले बड़ा धमाका कर दिया है। मडोक फिल्म्स के मालिक दिनेश विजान ने अपनी नई हॉरर-कॉमेडी, लवस्टोरी का फिल्म थामा का एलान कर दिया है। फिल्म थामा में आयुष्मान खुराना के साथ साउथ फिल्म एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना लीड रोल में नजर आने वाली हैं।




मौजूदा साल में फिल्म स्त्री 2 और मुंज्या से बॉक्स ऑफिस पर करने के अब दिवाली 2025 पर बॉक्स ऑफिस फिर धमाका करने की तैयारी है।बता दें, आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना के अलावा फिल्म में परेश राव और नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहम रोल में होंगे। फिल्म थामा के एलान के साथ इसकी स्टारकास्ट का खुलासा एक टीजर शेयर कर किया गया है। फिल्म थामा एक हॉरर-कॉमेडी होने के साथ-साथ एक खौफनाक प्रेम कहानी के एंगल को भी दिखाएगी।बता दें, फिल्म थामा दिवाली 2025 के मौके पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म थामा को आदित्य सरपोतदार डायरेक्टर करेंगे, जिन्होंने पहले मुंज्या जैसी हिट फिल्म बनाई थी। फिल्म थामा की कहानी निरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने लिखी है। फिल्म थामा का निर्देशन दिनेश विजान और स्त्री 2 के डायरेक्टर अमर कौशिक हैं। बता दें, स्त्री 2 इंडियन सिनेमा की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।स्त्री 2 ने हिंदी में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली शाहरुख खान की फिल्म जवान और पठान का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वहीं, इस दिवाली भूल भुलैया 3 और कॉप एक्शन ड्रामा फिल्म सिंघम अगेन रिलीज होने जा रही है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज प्रातः हनुमान अष्टक का पाठ करके ही दिन की शुरुआत करें। कारोबार में वृद्धि होगी। आपके सम्मान में बढोत्तरी होगी। नए काम से लाभ होगा। शत्रु पक्ष से सावधान रहें। नए व्यक्ति से मुलाकात होगी। निवेश संबंधी प्रस्ताव मिलेंगे। जरूरी फैसले जल्दबाजी में न लें। पारिवारिक जीवन खुशनुमा रहेगा। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। जोखिम वाले करने से बचें। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। गाय को गुड खिलाए पैसो की तंगी जरूर दूर होगी ।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज सुबह ओंकार का मानसिक ध्यान और ध्वनि करें दिनभर सकारात्मकता रहेगी। मित्रों के साथ घूमने के लिए जाएंगे। पूजा पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय में प्रगति होगी।परिवार का सहयोग मिलेगा। उधार की रकम वापस मिलेगी। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। कार्यस्थल पर खुशखबरी मिलेगी। आपके ज्यादातर कार्य काम पूरे होंगे। आप बेहद खुश रहेंगे। आर्थिक लाभ होगा। सेहत ठीक रहेगी। आज किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जो आप का मार्गदर्शक बनेगा ।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

रोज सुबह शिवपूजन करके घर मे शंख की ध्वनि करें उर्जावान रहोगे आपको यात्रा पर जाना पड़ा सकता है। जोखिम ले सकते हैं।
निवेश के अवसर आएंगे। आमदनी होगी। पारिवारिक कार्य सफल रहेंगे। बुजुर्गों का मार्गदर्शन मिलेगा। पारिवारिक कार्यक्रम हो सकते हैं। किसी रिश्तेदार से काफी समय बाद मुलाकात होने की संभावना है। बेरोजगारी दूर होगी।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज सुबह हनुमानजी को चमेली का तेल अर्पित करें क्योंकि दिन सामान्य रहेगा। खर्च ज्यादा होने की संभावना है। परिवार के किसी सदस्य की सेहत बिगड़ सकती है। गैरजरूरी कार्यों में समय नष्ट करेंगे। किसी को उधार न दें। नुकसान की आशंका है। विवाद की स्थिति से दूर रहें। कर्ज की रकम फिलहाल वापस नहीं मिलेगी। ऑफिस में किसी से बहस हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।गुस्सा करने से बचें। लाल चीटियों को आटा डाले मुसीबत दूर होगी।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

भविष्य के लिए नये निवेश के बारे मे प्लानिंग करेंगे जिससे आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। तनाव हो सकता है। शांत रहने का प्रयास करें। पुराने रूके हुए कार्य पूरे होंगे। उधार की रकम वापस मिल सकती है। सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। दफ्तर के सहयोगी से मतभेद दूर होंगे। लाभ के अवसर सामने आएंगे। व्यवसाय में प्रगति होगी। आज परिवार के खुली हवा मे घूमने जाएंगे थकान एकदम दूर होगी।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज किसी भी धार्मिक ग्रंथ का श्रवन करें पाठ करें आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको सत्संग का लाभ मिलेगा। पुराने काम पूरे हो सकते हैं। आध्यात्मिकता में रुचि बढ़ेगी। विशेषज्ञ का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। अचानक किसी के साथ तनाव हो सकता है। क्रोध पर काबू रखें। आर्थिक स्थिति सुधरने की उम्मीद है। व्यवसाय में लाभ की संभावना है। विरोधियों से सावधान रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें डिनर मे हल्का भोजन करना ही उचित होगा।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज स्त्रीवर्ग को कुछ उपहार भेंट करे कार्य सिद्धि होगी खुशखबरी मिलेगी। प्रसन्न रहेंगे। बड़ी जिम्मेदारी पूरी कर पाएंगे। परिवार के लोगों से मुलाकात होगी। आमदनी में बढ़ोतरी होगी। नए काम के लिए प्रयास कर सकते हैं। कैरियर से जुड़ी जानकारी मिलेगी। रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा। धन लाभ होने की संभावना है। अनजान लोगों से मेलमिलाप न करें। आज यात्रा का नही हैं शाम के वक्त शिवालय मे दर्शन करे।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज सुबह अन्नदान करके ही दिन शुरू करें आज दिनलझन में बीतेगा।
तनावग्रस्त हो सकते हैं। कार्यस्थल पर खुशखबरी मिल सकती है। संतान पक्ष की सफलता से प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। शारीरिक दिक्कत होने की आशंका है। हड़बड़ी में जरूरी फैसला न लें। शत्रुओं से हानि होगी। यात्रा कर सकते हैं। जोखिम लेने से बचें। अपने खर्चा पर नियंत्रण रखें ।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज बहुत बढीया दिन हैं रिस्क मे भी सफलता सुनिश्चित हैं अपने मित्रों के साथ समय बिता सकते हैं। विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त होगी। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते हैं। घरेलू जिम्मेदारी पूरी करेंगे। नया मकान खरीदने का प्लान बना सकते हैं। किसी कार्य में ज्यादा खर्च होगा। सावधानी से बातचीत करें। आप भाग्य प्रबल है क्योंकि आप का लाईफ पाटनर आप को प्रत्येक परिस्थितियों मे साथ देगा आप का मनोबल बढाएगा।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आप के सीनियर्स आप के काम से सन्तुष्ट होंगे अच्छी खबर मिलेगी।
पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। यात्रा पर जा सकते हैं। ऑफिस में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। तरक्की की सूचना मिलेगी। अनजान लोगों की मदद करने से पहले सोच विचार कर लें। किसी की वजह से आपको नुकसान हो सकता है। कारोबार अच्छा चलेगा। विवाद से बचें। ईश्वर की आराधना में मन लगेगा। आज बेरोजगारी दूर होगी नौकरी मे सफलता मिलेगी ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आप को अपनी गुप्त बातो को सभी के सामने नही रखनी चाहिए अति विश्वास मित्र अथवा सहयोगी के साथ मंत्रणा करनी चाहिए आप काफी सकारात्मक रहेंगे। सेहत ठीक रहेगी। धन संबंधी स्थिति सुधरेगी। आपको खुशखबरी मिल सकती है। आपके स्वभाव से दूसरे प्रभावित रहेंगे। आपकी सराहना होगी। कुटिल लोगों से सतर्क रहें। आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे।युवाओं को आज सफलता मिलेगी। आप अविवाहित हैं तो हनुमानजी का पूजन करें सम्बन्ध सुनीश्चित होगा ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

अपनी विरोधियों से सतर्क रहना होगा अपनी निवेश की योजनाएं गुप्त रखनी पडेगी। कोई आपको नुकसान पहुंचा सकता है। किसी के बहकावे में न आएं। आर्थिक नुकसान की आशंका है। आज आपकी वजह से कई लोगों को लाभ होगा। किसी रिश्तेदार के यहां से दुखद समाचार मिल सकता है। तनाव की स्थिति निर्मित हो सकती है। अपनी वाणी पर बहुत ज्यादा नियंत्रण रखने की जरूरत हैं आप का क्रोध आप की भविष्योन्मुखी योजनाओं पर विराम लगा देगा आप के लोगों से मधुर सम्बन्ध भी धूमिल होंगे ।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 03 नवंबर 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : कार्तिक, शुक्ल पक्ष
तिथि : द्वितीया रात्रि 10:07
नक्षत्र : विशाखा रात्रि 05:38 तक
योग : सौभाग्य प्रातः 11:38 तक
करण : बालव प्रातः 09:18 तक
चन्द्रराशि :
सूर्योदय : 06:15 , सूर्यास्त 05:43 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:14 , सूर्यास्त 05:52 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:07 , सूर्यास्त 05:44 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:05, सूर्यास्त 05:36 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : चन्द्रदर्शन , यम द्वितीया,यमुना स्नान , भाई दूज

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# देशभर में खुल रही कांग्रेस के झूठे वादों की पोल : शेखावत

**जयपुर, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि देशभर में कांग्रेस के झूठे वादों की पोल खुलने लगी है और लगता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों से कुछ लोगों को गहरा आहत लगा है।

श्री शेखावत ने शनिवार को सोशल मीडिया पर श्री गहलोत के श्री मोदी के बयान को लेकर दिए बयान का जवाब देते हुए कहा एक नजर आपकी उपलब्धियों पर डाल लेते हैं। देश में सर्वोच्च स्तर पर बेर-ोजगारी थी। पेपरलीक की घटनाओं ने 50 लाख छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ किया। देश में सर्वाधिक दुष्कर्म के केस हुए। महिलाओं के अपहरण की घटनाएं अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई थीं। धार्मिक यात्राओं पर रोक लगाई जा रही थी जबकि पीएफआई की रैलियां पूरे वैभव से निकाली जा रही थीं। अस्पृश्यता के चलते दलित छात्र शिक्षक की पिटाई से मर जाता था। देश में सबसे अधिक साइबर क्राइम होते थे।



श्री शेखावत ने कहा स्कूलों से शिक्षक और अस्पतालों से डॉक्टर लापता थे। यही कारण था कि आपके झूठ एवं हमारे खूबसूरत राज्य को अपराधियों का गढ़ बनाने से जनता परेशान हो गई थी और कांग्रेस को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाकर नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया गया।

केंद्रीय मंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि हरियाणा में भी आपके झूठ का भंडाफोड़ हुआ। देशभर में कांग्रेस के झूठे वादों की पोल खुल रही है और देशभर में कमल खिल रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री गहलोत ने सोशल मीडिया पर श्री मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए मोदी सरकार को जनता से किए वादों को निभाने में विफल रहने का आरोप लगाया था।

# आने वाले समय में राजस्थान सबसे विकसित राज्यों में होगा नंबर वन : दिया कुमारी

## इसके लिए सरकार एवं प्रशासन के साथ नागरिकों की भागीदारी भी बहुत जरूरी

**जयपुर, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश को विकसित करने में सरकार एवं प्रशासन के साथ नागरिकों की भी उतनी ही भागीदारी जरूरी बताते हुए कहा है कि नागरिक, प्रशासन और सरकार मिलकर काम करेंगे तो वह दिन दूर नहीं जब राजस्थान सबसे विकसित राज्यों में नंबर वन होगा।



दिया कुमारी ने शनिवार को यहां अपने विधानसभा क्षेत्र एवं प्रदेश के लोगों के साथ दिवाली मिलन समारोह के अवसर पर मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन प्रयास कर रहे हैं कि क्षेत्र एवं प्रदेश को कैसे आगे बढ़ाना एवं विकसित करना है, पर नागरिकों की भी उतनी भागीदारी जरूरी है, वे अपना नागरिक धर्म निभाये और अपनी जिम्मेदारी से काम करें। पर्यटन को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में राजस्थान में पर्यटन की सबसे ज्यादा संभावना है और पर्यटन को आगे बढ़ाने के लिए नए पर्यटन स्थलों को विकसित करना एवं तकनीक से जोड़ना तथा हमारे त्यौहार बड़े-बड़े मंदिर एवं अन्य पर्यटन स्थल एवं वन्य जीव अभ्यारण्यों को आगे बढ़ाना है और मार्केटिंग पर भी ध्यान देना है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के बारे में सोशल मीडिया और मीडिया पर पूरे विश्व में प्रचार होना चाहिए, वह भी अच्छी तरह बड़े स्तर पर हो, इस पर हम लोग कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आगामी दिसंबर में होने वाले राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के तहत कई कदम उठाए गए हैं और राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना (रिप्स-2024) शुरू की है तथा ज्यादा से ज्यादा पर्यटक क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए उसमें बहुत सारे प्रा-वधान किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने दिवाली के अवसर पर लोगों से मुलाकात की और इस दौरान उनके विधानसभा क्षेत्र के अलावा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने उन्हें गुलदस्ता आदि भेंट कर दिवाली की शुभकामनाएं दी। श्रीमती कुमारी ने लोगों की शुभकामनाएं स्वीकार करते हुए उन्हें दिवाली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और अपने क्षेत्र एवं प्रदेश के लोगों के स्वस्थ एवं कुशल मंगल रहने की कामना की।

# प्रदेश के एक हजार गांवों में खोले जाएंगे महिला सांस्कृतिक केंद्र : कृष्ण पंवार

**सोनीपत, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पंचायत विभाग का रिव्यू कर तय किया है कि प्रथम चरण में प्रदेश के एक हजार गांवों में महिला सांस्कृतिक केंद्र खोलेंगे, जिसमें महिलाएं एक स्थान पर बैठकर भजन कीर्तन कर सकें। सरकार एक हजार गांवों में ई-पुस्तकालय खोलने जा रही है। जिसका युवाओं को फायदा मिलेगा। कृष्ण लाल पंवार शनिवार को गोहाना रोड बाईपास स्थित जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा के कार्यालय पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश में तीसरी बार मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनी है। भाजपा ने अपने मैनिफेस्टों में जो वादे किए हैं, उन्हें सौ फीसदी पूरा करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने कहा था कि 04 जून को रिजल्ट आएगा तो पूरे देश की महिलाओं के खातों में 8500 रुपये आने की खटाखट खटाखट की आवाज आएगी, आज तक तो आई नहीं। आज पूरे देश में महिलाएं या तो कांग्रेस पार्टी के कार्यालयों या मकानों के सामने धरने पर बैठी हैं।



विपक्ष अपने नेता तक नहीं चुन पा रहे है। चार दिशाओं में चार अलग-अलग नेता हैं। कांग्रेस पार्टी टूट चुकी है। जिस प्रकार गुजरात में 25 साल से लगातार भाजपा की सरकार रही है। प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार है, आगे तीन इंजन की सरकार बनेगी और 25 साल तक भाजपा की सरकार रहेगी।


कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि हमने प्रदेश में 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के खाते में 2100 रुपये भेजने का वादा किया है, निश्चित तौर पर पैसा भेजने का काम करेंगे। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार एनजीटी की गाइडलाइन के अनुसार कार्य कर रही है। किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया है। पानीपत रिफाइनरी में रोजाना एक लाख लीटर एथनॉल तैयार किया जा रहा है, जिसमें किसानों की पराली खरीदी जा रही है। भाजपा संगठनात्मक पार्टी है। पहले हमारे 18 करोड़ कार्यकर्ता थे, अब 4 से 30 नवंबर तक नया सदस्यता अभियान शुरू करने जा रहे है, जिसमें 50 लाख का लक्ष्य रख पूरा करने का काम करेंगे।

चुनाव में गोहाना की जलेबी की चर्चाओं पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इसका श्रेय हम राहुल गांधी को देते हैं, जिन्होंने जलेबी की फैक्टरी लगवाई थी। दो घंटे वह फैक्टरी चली थी, सवा 10 बजे फैक्टरी बंद हो गई थी। कृष्ण लाल पंवार के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा व अन्य मौजूद रहे।

# मोदी सरकार जनता से किए वादों को पूरा करने में रही विफल : गहलोत

**जयपुर, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि जिनकी सरकार वर्ष 2014 और 2019 में जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही हो, ऐसे में प्रधानमंत्री का इस तरह का बयान बहुत दुखद है। श्री गहलोत ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह आरोप लगाते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की सभी योजनाओं को बंद कर दिया या कमजोर कर दिया, जिससे जनता में तीखी प्रतिक्रिया हो रही है। श्री गहलोत ने कहा आपको राजस्थान के लोगों के बीच एक अध्ययन करवाना चाहिए ताकि पता चल सके कि हमारे घोषणापत्र के अनुसार लागू की गई कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद करने के कारण लोगों में कितनी पीड़ा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार के पास सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण के अपने वादों को पूरा करने का ट्रैक रिकॉर्ड था। पार्टी के दृष्टिकोण और उसके नीति उन्मुख दृष्टिकोण को उसके घो-षणापत्र में दर्ज किया गया था। राजस्थान में सरकार बनने के बाद हर कार्यकाल में पहली कैबिनेट बैठक में पार्टी के घोषणा पत्र पर चर्चा होती थी और उसे सरकार का नीतिगत दस्तावेज बनाया जाता था।



पार्टी के घोषणा पत्र के आधार पर अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई गईं और उन्हें समय पर क्रियान्वित भी किया गया। इस प्रकार राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने पूरे देश के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया और इसका लाभ जनता को मिला। श्री गहलोत ने कहा राजस्थान में हमारी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कई ऐसी अनूठी योजनाएं बनाईं जिनका आपको अध्ययन करना चाहिए और पूरे देश में लागू करना चाहिए। ओपीएस एक ऐसी योजना है जिसने राज्य में कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय सामाजिक सुरक्षा शासन की थीम थी और सामाजिक सुरक्षा पेंशन और न्यूनतम आय का कानून कांग्रेस सरकार के दौरान बनाया गया। केन्द्र सरकार की आयुष्मान योजना में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को केवल पांच लाख रुपये का मुफ्त बीमा दिया जा रहा है जबकि राजस्थान में कांग्रेस सरकार द्वारा 25 लाख रुपये का कैशलेस बीमा पूरी जनता के लिए लागू किया गया था।

# किसानों से पराली न जलाने का आह्वान

## इससे वायु प्रदूषण फैलता है और मिट्टी के पोषक तत्व भी हो जाते हैं नष्ट

**चंडीगढ़, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा सरकार ने राज्य के किसानों का आह्वान किया कि वे धान की कटाई के बाद फसल अवशेषों में आग न लगाएं, इससे वायु प्रदूषण फैलता है और मिट्टी के पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एक प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि हरियाणा पराली प्रोत्साहन योजना 2024-25 के तहत फसल अवशेषों के प्रबंधन के लिये योजना शुरू की गयी है। आवेदन के लिये किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। योजना के तहत एक हजार रुपये प्रति एकड़ का प्रोत्साहन दिया जायेगा। योजना का लाभ पाने के लिये इच्छुक किसान 30 नवंबर तक विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को पराली जलाने से रोकना और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इससे न केवल पर्यावरण को सुरक्षित किया जायेगा, बल्कि किसानों को फसल अवशेषों का सही तरीके से प्रबंधन करने के लिये प्रेरित किया जायेगा। इस योजना के माध्यम से पराली के जलने से होने वाले वायु प्रदूषण को भी कम करने में मदद मिलेगी।

# डिंगमंडी का छोरा साहिल सुथार भरेगा आसमान में उड़ान

**सिरसा, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** जुनून, जज्बा व कुछ कर गुजरने का मादा हो तो किसी भी लक्ष्य को आसानी से पाया जा सकता है। लक्ष्य निर्धारित करना ही काफी नहीं है, उसके प्रति समर्पित होना भी जरूरी है। वर्तमान पीढ़ी मोबाइल व नशे को त्यागकर अपने लक्ष्य पर ध्यान दे तो मंजिल मिलने में जरा भी देर नहीं लगेगी।

उक्त बातें वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर चयनित होकर लौटे गांव डिंगमंडी निवासी साहिल सुथार पुत्र विनोद कुमार ने अपने वक्तव्य में कही। अभिभावकों व ग्रामीणों ने बेटे की सफलता पर मुंह मीठा करवाकर बधाई व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साहिल सुथार ने बताया कि उसके गांव की मिट्टी में सेना के लिए एक जज्बा है, जो कि लगातार युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन रही है। इसी मिट्टी ने उसे वायुसेना में जाने के लिए लगातार प्रेरित किया।

सुथार ने बताया कि उसकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के निजी स्कूल में हुई। इसके बाद वह आगामी पढ़ाई के लिए भट्टू मंडी स्थित सतलुज पब्लिक स्कूल में चला गया। नौवीं कक्षा की पढ़ाई के दौरान ही अनेक प्रकार के एयरक्राफ्ट को देखकर उसके मन में वायुसेना में जाने की हिलौरें उठने लगी। उसने ठान लिया था कि चाहे जो भी हो जाए, बस वायुसेना में जाना है। अभिभावकों के लगातार प्रोत्साहन, अपनी मेहनत व लगन से उसने इस लक्ष्य को प्राप्त कर अभिभावकों व गांव के साथ-साथ जिले के गौरव को बढ़ाया।

साहिल ने बताया कि उसने लक्ष्य तो निर्धारित कर लिया था, लेकिन मन में उथल-पुथल मची हुई थी कि क्या होगा। लेकिन लगातार अभिभावकों उसके पिता विनोद कुमार, माता सोमी देवी, दादा महावीर प्रसाद ने उसे लगातार प्रोत्साहित किया। लगातार उसे एकाग्रचित होकर प्रेरणा दी, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है।

साहिल ने बताया कि उनकी गांव में पड़दादा अमीलाल मांडन के नाम से अच्छी पहचान है। परिवार के साथ-साथ ग्रामीणों ने भी साहिल की सफलता पर परिवार को बधाई व साहिल को बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साहिल ने युवा पीढ़ी के लिए अपने संदेश में कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी मोबाइल व नशे की लत में पडक़र लक्ष्य से भटक रही है। उसने कहा कि युवा अगर मोबाइल से हटकर व नशे को त्यागकर अपने लक्ष्य की ओर एकाग्रचित होकर ध्यान दें तो किसी भी लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता है।

# बाप ने देवली-उनियारा में निर्दलीय नरेश मीणा को दिया अपना समर्थन

**जयपुर, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में भारत आदिवासी पार्टी (बाप) ने आगामी तेरह नवंबर को होने वाले देवली उनियारा विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को अपना समर्थन दिया है।

बाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल रोत ने श्री मीणा को लिखे समर्थन पत्र में कहा कि बाप पार्टी देवली उनियारा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे नरेश मीणा का समर्थन करती हैं।

उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि आप आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, किसानों, नौजवानों की आवाज़ को बुलंद करेंगे। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में कांग्रेस बागी नरेश मीणा को टिकट नहीं मिलने पर वह निर्दलीय चुनाव मैदान में उतर गये। इससे पहले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) के संयोजक हनुमान बेनीवाल और निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी श्री मीणा का समर्थन कर चुके हैं।

# जनप्रतिनिधि गरीबों की मदद के लिए आगे आएं : देवनानी

**अजमेर, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों का आह्वान किया है कि वे गरीबों की मदद के लिये आगे आएं।



अजमेर में श्री देवनानी ने आज एक महिला सफाईकर्मी लता की दो बेटियों की आगामी 13 नवम्बर को होने वाले विवाह के लिये वार्ड पांच के पार्षद, एडवोकेट अजय वर्मा की ओर से आर्थिक मदद का एक लाख रुपये का चेक सौंपा। न्होंने पार्षद वर्मा के प्रयासों की सराहना की और कहा कि जिस तरह उन्होंने एक साल के अपने मानदेय को सफाई महिला कर्मी को देकर अनुकरणीय काम किया है। इससे सभी जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों को प्रेरणा लेकर आगे आना चाहिये और गरीबों की मदद कर, उनका सहयोग करना चाहिये। इस मौके पर महापौर बृजलता हाडा भी मौजूद रही।

# झुंझुनू में महिला की हत्या

**झुंझुनू, 02 नवंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में झुंझुनू शहर के रीको क्षेत्र में शनिवार को एक महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि मध्याह्न करीब 12 बजे रीको में एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली। मृतका कमला (36) पुत्री हरिराम नायक वार्ड नंबर 5, झुंझुनू की रहने वाली थी। फिलहाल वह अकेली ही किराये के मकान में रह रही थी। मौके पर डॉग स्वायड और अन्य जांच दलों को बुलाकर जांच की जा रही है। महिला के शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। प्रारंभिक तौर पर यह हत्या का मामला लग रहा है।मकान मालिक सज्जन ने बताया कि मृतका कमला ने 18 अक्टूबर को मकान किराये पर लिया था। उसने बताया था, कि वह विधवा है। पिता और पति की मौत हो चुकी है। मां और भाई बहन के साथ रहती थी। उन्होंने मारपीट करके घर से निकाल दिया। उन्होंने बताया कि शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे तक कमला की आवाज नहीं आई, तो अपने पोते को ऊपर भेजा। वह उसे जगाने गया, तो कमला वहां कमला का शव पड़ा था।

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

### उपेंद्र कुशवाहा का लालू परिवार पर हमला

# उपचुनाव में चारों सीट पर एनडीए की जीत का किया दावा

**पटना (एजेंसियां)।**

बिहार में चार स्थानों पर उपचुनाव हो रहा है। चार में दो गया जिले के बेलागंज और इमामगंज में उपचुनाव हो रहा है। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। करीब दो दर्जन गांवों में गया और मतदाताओं से मिले। एनडीए के प्रति लोगों में काफी उत्साह है। 75% लोग एनडीए के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। मेरा दावा है कि इस चुनाव में बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से जितने मतों से कोई नहीं जीता होगा। उससे अधिक मतों से एनडीए प्रत्याशी मनोरमा देवी की जीत होगी। उक्त बातें शनिवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहीं।



उन्होंने कहा कि आज लोगों को देश के पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार के मुखिया नीतीश कुमार पर भरोसा है। देश के पीएम जो बोलते हैं, वह पूरा करते हैं। विपक्ष के लोग पीएम पर धर्म के आधार पर कई आरोप लगाते हैं, लेकिन पीएम के हर योजना में सभी धर्म को सम्मान लाभ मिलता है। इसलिए यह आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है।

वहीं उन्होंने कहा विभिन्न राज्य में चुनाव हो रहा है। पीएम के द्वारा देश में चलाया जा रहे योजना के कारण एनडीए को चुनाव में काफी लाभ मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की बिहार में लगातार सरकार रही है। पहले की तुलना में एनडीए के प्रति लोगों का झुकाव अधिक हुआ है। उपचुनाव में सभी सीटों पर इंडिया की जीत होगी।

परिवारवाद के सवाल पर उन्होंने कहा कि परिवारवाद मामले में राष्ट्रीय जनता दल पहले से नंगा है। समझ में तेजस्वी यादव का क्या योगदान है। पिता लालू यादव के विरासत के आधार पर है। जिसे अपना कुछ नहीं हो वह राजनीति में दावा कर रहे हैं और दूसरों पर परिवारवाद का आरोप लगा रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जीतन राम मांझी के परिवार में सभी लोग शिक्षित और पढ़े लिखे हैं। साथ ही उन्होंने क्रीमीलेयर पर कहा कि समाज की सच्चाई के आधार पर कानून बना है। कोई भी पार्टी जनरल सीट पर रिजर्व कैटेगरी के लोगों को लड़ा दें। शायद ही कोई जीत जाएगा। उन्होंने कहा कि 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए घटक दलों के सभी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेगी।

## बैरक में मिली एएसआई की लाश

# सर्विस पिस्टल से खुद को मारी गोली

**पटना (एजेंसियां)।**

पटना में एएसआई अजीत सिंह (40) ने खुशकुशी कर ली है। गांधी मैदान थाना क्षेत्र के एकता भवन के बैरक में उनकी लाश मिली है। पुलिस का कहना है कि अजीत सिंह ने अपने ही सर्विस पिस्टल से खुद को गोली मार ली। वह आरा के रहने वाले थे। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।





पुलिसकर्मियों की भीड़ लग गई। इधर सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए।

पिता विनोद सिंह का आरोप है कि उन्हें विश्वास नहीं हो रहा है कि उनके बेटे ने खुद को गोली मार दी। वह दबाव लग रहा था। दीपावली में घर आना चाहता था लेकिन छुट्टी नहीं मिली थी। छठ में घर आने की कोशिश कर रहा था। परिजनों का कहना है कि वरीय अधिकारी इस मामले को गंभीरता से लें और उच्च स्तरीय जांच करवाएं।

एसपी स्वीटी सहरावत ने कहा कि अजीत सिंह के सिर पर गोली के निशान था। बॉडी के पास से सर्विस पिस्टल बरामद हुआ है। एफएसएल टीम ने सारे साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं। वह पुलिस लाइन में तैनात थे। परिजनों के आरोपों की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

परिजनों का कहना है कि 2007 में अजीत सिंह का चयन बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर हुआ था। शादी के बाद एक बेटा और एक बेटी हुआ। पत्नी और बच्चे माता पिता के साथ आरा में ही रहते थे। चार महीना पहले पदोन्नति मिली थी। इसके बाद उनका तबादला कैमूर से पटना कर दिया गया था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर दो डॉक्टरों से मांगी गई लाखों रुपए की रंगदारी

### दहशत में परिवार

**गोपालगंज (एजेंसियां)।**

देश के चर्चित गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर गोपालगंज जिले में दो डॉक्टरों से रंगदारी की मांग फोन कॉल्स के जरिए किसी ने की है। डॉक्टर समेत उनके परिवार में दहशत का माहौल कायम है। बताया जा रहा है कि गोपालगंज जिले के बरौली बाजार स्थित दो डॉक्टरों से लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर रंगदारी की मांग की गयी है। डॉक्टरों को फोन करके अपराधियों ने रंगदारी की मांग की है और पैसे नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी है। डॉक्टरों को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद दोनों डॉक्टर दहशत में हैं। दोनों डॉक्टरों ने पुलिस को आवेदन देकर न्याय करने की गुहार लगायी है।



बताया जाता है कि दोनों डॉक्टरों के पास किसी मोबाइल से वीडियो कॉल आया जिसमें कॉल करने वाले ने रंगदारी की मांग की है। पुलिस आवेदन लेकर डॉक्टरों के पास किये गये कॉल के मोबाइल नंबर की जांच कर रही है। दोनों डॉक्टरों से डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की डिमांड की गयी है।

विदित हो कि बिहार में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे पूर्व में सक्रिय रहे हैं। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में लॉरेंस गैंग का एक शूटर गोपालगंज से गिरफ्तार किया गया था। इसी साल गोपालगंज में लॉरेंस गैंग के दो गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था जिनके पास से ऑस्ट्रिया में बनने वाली चार ग्लोक पिस्टल भी मिली थी। इनमें एक अपराधी राजस्थान के अजमेर का तो दूसरा बिहार के मुजफ्फरपुर का निवासी था। इससे पूर्व भी गोपालगंज जिले में ही पिछले साल एक आरा मशीन संचालक से 20 लाख की रंगदारी मांगी गयी थी। रंगदारी मांगने वाले खुद को लॉरेंस गैंग का सदस्य बताया था। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया तो पता चला कि उसका कोई नाता लॉरेंस गैंग से नहीं है। वह पटना में रहकर पढ़ाई करने वाला एक छात्र था और रास्ते में उसे एक सिम कार्ड गिरा मिला तो उसने यूपी जाकर ये हरकत की थी।

# पुलिस छापेमारी में भारी मात्रा में हथियार, मादक पदार्थ बरामद

**पटना (एजेंसियां)।**

सासाराम में शनिवार सुबह रोहतास पुलिस ने अवैध हथियार एवं मादक पदार्थों के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सासाराम नगर थानाक्षेत्र के मुबारकगंज मोहल्ले में शनिवार की सुबह पुलिस ने बुलाकी कहार एवं गोपाल सेठ के कई संदिग्ध ठिकानों पर लगभग छह घंटे तक छापेमारी की। जहां से भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ काफी मात्रा में मादक पदार्थ भी बरामद किए गए हैं।



छापेमारी के लिए भारी संख्या में पहुंची पुलिस ने इस दौरान दस से अधिक संदिग्ध लोगों को भी हिरासत में लिया है, जिनसे पुलिस अभिरक्षा में कड़ी पूछताछ की जा रही है।

रोहतास पुलिस को तस्करी के लिए भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ मादक पदार्थ सासाराम लाए जाने की सूचना मिली थी।

इसके बाद रोहतास एसपी रौशन कुमार, एएसपी कोटा किरण कुमार, सदर एसडीपीओ दिलीप कुमार, सदर एसडीएम आशुतोष रंजन, नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय एवं भारी संख्या में पुरुष व महिला पुलिस बल सासाराम के कई संदिग्ध ठिकानों पर सुबह चार बजे छापेमारी के लिए पहुंचे। लगातार छह घंटे तक चली छापेमारी के दौरान लगभग 10 से अधिक लोगों को हिरासत में लेते हुए भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं।

मामले में जानकारी देते हुए एसपी रौशन कुमार ने बताया कि अवैध हथियार एवं मादक पदार्थों के संगठित अपराध को लेकर सासाराम में कई संदिग्ध ठिकानों पर सुबह चार बजे से छापेमारी की गई है।

जहां से काफी संख्या में छोटे बड़े हथियारों के साथ मादक पदार्थ, नगद रुपए, मोबाइल, लैपटॉप आदि बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि छापामारी के दौरान 10 से अधिक लोगों एवं उनके सहयोगियों को हिरासत में लिया गया है तथा इस संदर्भ में आगे विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। इधर, इलाके में अचानक भारी संख्या में पुलिस बल के पहुंचने से लोगों में दहशत माहौल हो गया और छापेमारी की खबर पूरे शहर में आग की तरह फैल गई। बताया जाता है कि दो बड़े वाहनों से कुल सौ की संख्या में पुलिस बल छापेमारी में लगाए गए थे। पुलिस प्रशासन के कई वरीय अधिकारी भी पूरे छापेमारी के दौरान घटनास्थल पर मौजूद रहे।

# घर में सोए बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या



### दो दिनों में लगातार दूसरी वारदात से क्षेत्र में दहशत

**कोसी (एजेंसियां)।**

मधेपुरा के आलमनगर थानाक्षेत्र में अपराधियों का कहर जारी है। शुक्रवार की रात को आलमनगर के भागीपुर गांव में घर में सोए बुजुर्ग रामचंद्र मेहता (60) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना दो दिनों में आलमनगर थानाक्षेत्र में हुई दूसरी हत्या है, जिससे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। शनिवार सुबह आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी सड़क पर मृतक के शव को रखकर विरोध प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दी।

जानकारी के मुताबिक, रात करीब 11:30 बजे बदमाशों ने घर में सो रहे रामचंद्र मेहता पर दो गोलियां चलाईं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह हत्या भूमि विवाद का परिणाम हो सकती है, क्योंकि इसी विवाद में लगभग दो वर्ष पहले रामचंद्र मेहता के बेटे सौरभ कुमार की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने आलमनगर-कड़ामा मुख्य मार्ग पर शव रखकर सड़क जाम कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की।

पुलिस ने घटना स्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए हैं और मामले की जांच में जुटी है। आलमनगर के थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि हत्या की छानबीन तेजी से की जा रही है और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

इससे पहले, गुरुवार की शाम आलमनगर थानाक्षेत्र के विषपट्टी पंचायत के महदीपुर गांव में अपराधियों ने जदयू के प्रखंड महासचिव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन लगातार दो दिनों में दो हत्याओं से आलमनगर थानाक्षेत्र में डर और दहशत का माहौल है।

# चोरी के आरोप में महिला का मुंडन कर सड़क पर घुमाया

**बेतिया (एजेंसियां)।**

बेतिया जिले के वाल्मीकि नगर थानाक्षेत्र से मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक 38 वर्षीय महिला पर चोरी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उसका मुंडन कर सड़क पर घुमाया और उसके साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे व्यापक आक्रोश का माहौल बन गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, बगहा थानाक्षेत्र के कुम्हिया विशुनपुरा गांव की निवासी उमरावती देवी पर एक स्थानीय व्यक्ति सत्तन चौरसिया के घर में घुसकर गहने और नकदी चोरी करने का आरोप है। घटना के समय महिला चोरी कर भागने की कोशिश कर रही थी, जिसे 20 वर्षीय युवती सरिता कुमारी ने देख लिया। महिला को भागते देख सरिता ने उसे गन्ने के खेत में जाकर पकड़ लिया। वहीं, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस की डायल 112 टीम ने भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया और किसी तरह महिला को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर थाना लेकर गई।

ग्रामीणों का आरोप है कि चोरी पकड़े जाने के बाद उमरावती देवी ने पकड़ने वाली युवती पर नशीला पाउडर छिड़क दिया, जिससे युवती की तबीयत बिगड़ने लगी। इस घटना से नाराज होकर ग्रामीणों ने आरोपी महिला की जमकर पिटाई की, उसके हाथ बांध दिए और सिर का मुंडन कर उसे सड़क पर घुमाया। ग्रामीण इतने आक्रोशित थे कि वे इस बात पर अड़े हुए थे कि महिला को पैदल ही थाने ले जाया जाए।

वाल्मीकि नगर थाना के प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी महिला के पास से चोरी का कुछ सामान बरामद हुआ है। पुलिस इस मामले में गहनता से जांच कर रही है और अन्य संदिग्धों की भी तलाश जारी है।

# प्रसव के दौरान महिला की मौत परिजनों ने जमकर किया हंगामा

### डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**बेगूसराय (एजेंसियां)।**

बेगूसराय के नावकोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत हो गई, जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जोरदार हंगामा किया। मृतक महिला की पहचान नावकोठी थानाक्षेत्र के पहसरा वार्ड-10 निवासी लाल बबलू यादव की पत्नी लुखिया देवी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि लुखिया देवी पिछले तीन दिनों से अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती थीं।

परिजनों के अनुसार, बीती रात लुखिया देवी को अचानक तेज प्रसव पीड़ा हुई। उन्होंने बताया कि दर्द की शिकायत के बावजूद अस्पताल की नर्स और डॉक्टर ने समय पर ध्यान नहीं दिया।



परिजनों का आरोप है कि नर्स ने उन्हें समय पर इंजेक्शन नहीं दिया और इस दौरान लापरवाही बरती। महिला को अत्यधिक दर्द के बाद जब इंजेक्शन दिया गया तो उसने एक बेटे को जन्म दिया, लेकिन इसके तुरंत बाद महिला की मौत हो गई।

महिला की मौत से दुखी परिजनों ने इलाज में हुई लापरवाही और नर्स पर पैसे लेने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर सही समय पर इलाज हुआ होता, तो शायद लुखिया देवी की जान बचाई जा सकती थी। इस दुखद घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल के बाहर मृतका का शव रखकर प्रदर्शन किया और डॉक्टर पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही, परिजनों ने मृतक परिवार के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की।

घटना की सूचना मिलते ही नावकोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, ताकि तनावपूर्ण स्थिति पर काबू पाया जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की पूरी जांच की जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही पाई जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# रफ्तार का कहर : डेयरी वाहन ने मां-बेटे को कुचला, महिला की मौत

**लखीसराय (एजेंसियां)।**

लखीसराय जिले के कवैया थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना नया बाजार स्थित हाजी मार्केट के पास हुई, जब तेज रफ्तार डेयरी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

वहीं, उसका बेटा कन्हैया गंभीर हालत में सदर अस्पताल में इलाजरत है।

जानकारी के मुताबिक, मृतका की पहचान किऊल बस्ती गोसाई टोला वार्ड-21 निवासी चांदो मंडल की पत्नी आशा देवी के रूप में हुई है। वह अपने बेटे कन्हैया के साथ बाइक पर सवार होकर छठ पर्व के लिए गंगा स्नान करने जा रही थी। इसी दौरान, हाजी मार्केट के पास तेज गति से आ रहे डेयरी वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह भीषण दुर्घटना हुई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने डेयरी वाहन को जब्त कर लिया और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।



इस हादसे के बाद आशा देवी के परिवार में मातम छा गया है। छठ पर्व की तैयारियों के बीच हुए इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com